CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 20 जनवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 5 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम: 07°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 1 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में एसआईआर: पुरुषों की तुलना में महिलाओं के नाम अधिक कटे पेज 2



पीवी सिंधु इंडोनेशिया मास्टर्स में करेंगी भारतीय चुनौती की अगुवाई खेल टाइम्स



प्रोसेस्ड फूड से अभी कर लें तौबा सम्पादकीय



अमेरिका पर 93 अरब यूरो का आयात शुल्क लगाएगा ईयू! पेज 12

# यूएई प्रेसिडेंट शेख मुहम्मद को मोदी ने प्रोटोकॉल तोड़कर किया रिसीव

## कहा: अपने भाई को लेने खुद आया हूं, नाहयान सिर्फ 90 मिनट दिल्ली में रुकेंगे



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** यूएई के राष्ट्रपति शेख मुहम्मद बिन जायद अल नाहयान सोमवार शाम साढ़े 4 बजे भारत पहुंचे। पीएम मोदी ने प्रोटोकॉल तोड़कर उन्हें दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर रिसीव किया।

मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं अपने भाई को लेने खुद एयरपोर्ट आया हूं। शेख जायद कुछ देर में पीएम मोदी के साथ मीटिंग करेंगे और करीब शाम 6 बजे भारत से रवाना हो जाएंगे। विदेश मंत्रालय (एमईए) के मुताबिक दोनों नेताओं के बीच सोमवार को व्यापार, निवेश, रक्षा सहयोग, ऊर्जा और दुनिया से जुड़े अहम मुद्दों पर बड़ी डील हो सकती है। एमईए ने बताया कि दोनों नेता मिडिल-ईस्ट के मौजूदा हालात पर भी चर्चा कर सकते हैं। यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब पश्चिम एशिया में स्थिति काफी संवेदनशील बनी हुई है। यमन में यूएई और सऊदी अरब के बीच तनाव बना हुआ है। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति शेख जायद और उनके परिवार का दिल्ली में अपने आवास लोक कल्याण मार्ग पर स्वागत किया। मोदी ने उन्हें गुजरात का एक शाही नक्काशीदार लकड़ी का झूला गिफ्ट में दिया। यह झूला गुजरात के कई घरों में पाया जाता है और इसे हाथ से फूलों और पारंपरिक डिजाइनों के साथ बनाया गया है। गुजराती संस्कृति में झूला परिवार के लोगों को एक साथ बैठकर बात करने और पीढ़ियों के बीच रिश्तों को मजबूत करने का प्रतीक माना जाता है। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति जायद को एक पश्मीना शॉल भी भेंट की, जिसे एक सजे हुए चांदी के डिब्बे में रखा गया था। यह शॉल बहुत ही बारीक ऊन से हाथ से बनाई जाती है और हल्की, मुलायम और गर्म होती है। पश्मीना शॉल कश्मीर की है, जबकि चांदी का डिब्बा तेलंगाना में बनाया गया है। यह उपहार भारत की हथकरघा और हस्तशिल्प परंपरा को दर्शाता है। यूएई के राष्ट्रपति की मां शेखा फातिमा बिंत मुबारक अल केतबी को भी एक पश्मीना शॉल चांदी के डिब्बे में दी गई। इसके साथ ही उन्हें कश्मीरी केसर भी भेंट किया गया, जो कश्मीर घाटी में उगाया जाता है और अपनी गहरी लाल रंगत और खुशबू के लिए जाना जाता है। दोनों देशों के बीच लंबे समय से ऊर्जा आपूर्ति को लेकर मजबूत साझेदारी है। साथ ही, लोकल करेंसी सेटलमेंट सिस्टम और बाइलेटरल इन्वेस्टमेंट ट्रीटी ने आर्थिक रिश्तों को और मजबूती दी है। यह दौरा भारत-यूएई कम्प्रिहेंसिव स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप को और आगे बढ़ाने तथा आपसी हितों से जुड़े क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर सहयोग के नए रास्ते खोलने का अवसर देगा।

- **प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति शेख जायद को अपने आवास पर किया स्वागत**
- **शाही नक्काशीदार झूला किया गिफ्ट**

## संक्षिप्त समाचार

### उप्र और उत्तराखंड के लिए अग्निवीर महिला मिलिट्री पुलिस भर्ती 18 को लखनऊ में

**लखनऊ/ देहरादून।** रिक्रूटिंग जोन उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड, रिक्रूटिंग ऑफिस (हेडक्वार्टर), लखनऊ के तहत लखनऊ छावनी स्थित एएमसी सेंटर और कॉलेज के एएमसी स्टेडियम में महिला मिलिट्री पुलिस अग्निवीर भर्ती रैली 18 फरवरी को आयोजित की जाएगी। यह रैली उत्तर प्रदेश में होने वाली रैलियों की सीरीज की छठी रैली होगी और यह एक दिन चलेगी। इसमें वे अभ्यर्थी शामिल होंगे जिन्होंने जुलाई 2025 में आयोजित ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) पास किया है। इस रैली में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के सभी जिलों से लगभग 1,000 शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे। ऑनलाइन सीईई पास करने वाले और उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के सभी अभ्यर्थियों को अलग से एडमिट कार्ड जारी किए गए हैं। अभ्यर्थी नए जारी किए गए एडमिट कार्ड पर बताई गई तारीख को सुबह चार बजे एएमसी सेंटर और कॉलेज स्टेडियम, लखनऊ में रिपोर्ट करेंगे। जिन अभ्यर्थियों ने एंट्रेंस एग्जाम पास कर लिया है, उन्हें रैली के लिए उनके रजिस्टर्ड ईमेल पर एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं।

### बीएमसी मेयर पद के लिए 22 जनवरी को निकलेगी लॉटरी

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने सोमवार को दावा किया कि शिंदे के बाद भाजपा भी अपने पार्षदों को किसी सुरक्षित जगह पर ले जाने की योजना बना रही है। राउत ने कहा कि शिंदे अपने पार्षदों को पहले ही पांच सितारा होटल में भेज चुके हैं। सवाल है- कौन किससे डर रहा है? संजय राउत ने कहा कि नगर निकाय चुनावों के नतीजों को देखते हुए कोई भी पार्टी आसानी से बीएमसी मेयर पद पर दावा नहीं कर सकती। मुख्यमंत्री फडनवीस स्विट्जरलैंड में वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम की बैठक में हैं और यहां पार्षदों को इधर-उधर भेजा जा रहा है। यह अजीब है। महाराष्ट्र के 29 नगर निगमों में 15 जनवरी को चुनाव हुए थे। बीएमसी सहित अन्य निगमों के नतीजे 16 जनवरी को आया था। बीएमसी के 227 सीटों में भाजपा ने 89 वार्ड जीते। शिंदे गुट को 29 सीटें मिलीं। मेयर के लिए बहुमत का आंकड़ा 114 है। इसके लिए भाजपा को शिंदे गुट के 25 पार्षदों के समर्थन की जरूरत होगी। 29 नगर निगमों में मेयर पद के लिए 22 जनवरी को लॉटरी निकाली जाएगी।

### करूर भगदड़ मामले में विजय से छह घंटे चली पूछताछ

**नई दिल्ली।** करूर भगदड़ मामले में थलापति विजय दूसरी बार सीबीआई के सामने पेश हुए थे। वे दिल्ली स्थित सीबीआई के दफ्तर सुबह करीब 10 बजे पहुंचे थे। लगभग छह घंटे की पूछताछ के बाद टीवीके प्रमुख विजय सीबीआई मुख्यालय से बाहर निकले। यह अभिनेता के साथ सीबीआई की पूछताछ का दूसरा राउंड है। इससे पहले 12 जनवरी को उनसे पूछताछ की गई है। इस बार विजय के साथ-साथ करूर रैली में मौजूद नौ पुलिसकर्मियों से भी पूछताछ की गई।

## पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट के रिविजन (सुधार) मामला

# सुप्रीम कोर्ट ने लगाई चुनाव आयोग को कड़ी फटकार

**कहा: आयोग को समझना चाहिए लोग इस वजह से कितने तनाव में और परेशान हैं, सवा करोड़ को नोटिस भेजना छोटी बात नहीं**

**करीब सवा करोड़ लोगों के नाम सार्वजनिक करने का आदेश, जिन्हें आंकड़ों में तार्किक गड़बड़ी के आधार पर नोटिस भेजा गया**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट के रिविजन (सुधार) को लेकर मचे घमासान के बीच सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को चुनाव आयोग को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने आयोग से साफ कहा है कि उसे समझना चाहिए कि लोग इस प्रक्रिया की वजह से कितने तनाव में और परेशान हैं।

अदालत ने चुनाव आयोग को उन करीब सवा करोड़ लोगों के नाम सार्वजनिक करने का आदेश दिया है, जिन्हें लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी यानी आंकड़ों में तार्किक गड़बड़ी के आधार पर नोटिस भेजा गया है। मामला यह है कि चुनाव आयोग ने वोटर्स को तीन श्रेणियों में बांटकर नोटिस भेजे थे। इसमें सबसे विवादित श्रेणी लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी वाली है। इसमें वे लोग शामिल हैं, जिनके माता-पिता के नाम में बेमेल है, स्पेलिंग अलग है या फिर माता-पिता और बच्चों की उम्र में अजीब गैप दिख रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि इन सवा करोड़ लोगों की लिस्ट ग्राम पंचायत, ब्लॉक ऑफिस और वार्ड ऑफिस में नोटिस बोर्ड पर लगाई जाए। साथ ही, जिन लोगों को नोटिस मिला है, उन्हें अपने कागज जमा करने के लिए और ज्यादा वक्त दिया जाए। कोर्ट ने यह भी कहा कि सुनवाई के दौरान पर्याप्त कर्मचारी मौजूद रहें और लोगों को उनके जमा किए गए दस्तावेजों की पक्की रसीद दी जाए। सुनवाई के दौरान अदालत -शेष पृष्ठ दो पर



### कर्नल सोफिया अपमान मामला: मप्र सरकार को सुप्रीम फटकार
### विजय शाह पर केस की मंजूरी, दो हफ्ते में तय करने का आदेश

**नई दिल्ली।** कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर विवादित बयान देने वाले मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने साफ शब्दों में कहा कि अब माफी मांगने का वक्त निकल चुका है। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि विजय शाह के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी को लेकर दो हफ्ते के भीतर स्पष्ट फैसला लिया जाए। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने इस बात पर नाराजगी जताई कि विशेष जांच दल को (एसआईटी) अपनी रिपोर्ट सौंपे हुए कई महीने बीत चुके हैं, लेकिन राज्य सरकार ने अब तक कोई निर्णय नहीं लिया। अदालत ने कहा कि यह देरी समझ से परे है। अब बहुत देर हो चुकी है। सुनवाई के दौरान विजय शाह की ओर से वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह ने कोर्ट को बताया कि मंत्री ने माफी मांग ली है और जांच में सहयोग कर रहे हैं। इस पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि माफी मांगने में बहुत देर हो चुकी है।

# हाईकोर्ट का कुलदीप सेंगर की सजा पर रोक से इन्कार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को रेपिस्ट कुलदीप सिंह सेंगर की सजा निलंबन की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। उसे उन्नाव रेप पीड़ित के पिता की पुलिस हिरासत में मौत मामले में ट्रायल कोर्ट ने 10 साल के कठोर कारावास और 10 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई थी।

हाईकोर्ट ने कहा था कि परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य की हिरासत में मौत के मामले में कोई नरमी नहीं बरती जा सकती। सेंगर के भाई अतुल सिंह सेंगर और पांच अन्य लोगों को भी 10 साल की जेल की सजा दी गई थी। इसी फैसले के खिलाफ सेंगर ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सेंगर ने दलील दी थी कि वह इस केस में करीब 9 साल जेल में रह चुका है और अब सिर्फ 11 महीने की सजा बाकी है। पीड़ित की ओर से वकील महमूद प्राचा ने जमानत का कड़ा विरोध किया। उन्होंने कोर्ट को बताया था कि सेंगर को जमानत मिलने से पीड़ित और उसके परिवार को खतरा है। इससे पहले 23 दिसम्बर को उम्रकैद की सजा काट रहे भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली हाईकोर्ट ने बेल दे दी थी। इसका विरोध हुआ था, पीड़ित परिवार और सामाजिक संगठन सड़कों पर उतर आए थे। दिल्ली हाईकोर्ट के सामने धरना दिया था। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी थी। पिछले महीने पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली हाईकोर्ट ने बेल दे दी थी। हालांकि, भारी विरोध के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी थी। उन्नाव रेप पीड़ित के पिता को 2018 में हथियार रखने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। जेल में उनकी हालत बिगड़ गई थी और बाद में उनकी मौत हो गई थी। पीड़ित के परिजनों ने आरोप लगाया था कि यह कोई सामान्य मौत नहीं है, बल्कि साजिश के तहत की गई कस्टोडियल डेथ थी। आरोप था कि सेंगर के प्रभाव और दबाव में पीड़ित के पिता को प्रताड़ित किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच सीबीआई को सौंपी गई। सीबीआई ने सेंगर और अन्य आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। लंबी सुनवाई के बाद निचली अदालत ने सेंगर को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई थी। इसे निलंबित करने के लिए सेंगर हाईकोर्ट पहुंचे थे। दिल्ली हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा कि मामला बहुत गंभीर है। इसमें प्रभावशाली व्यक्ति द्वारा कानून का दुरुपयोग किया गया। कोर्ट ने पीड़ित और उसके परिवार को न्याय दिलाने के लिए कठोर रुख अपनाने की आवश्यकता जताई। कोर्ट ने कहा कि सजा निलंबन का आधार काफी नहीं है, इसलिए सेंगर को राहत नहीं दी जा सकती।

- **उन्नाव रेप पीड़ित के पिता की कस्टोडियल डेथ में 10 साल की सजा सुनाई गई है**

# उत्तर भारत में कोहरा व ठंड बढ़ने के आसार

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में मौसम एक बार फिर करवट लेने वाला है। मौसम विभाग ने दिल्ली के कई इलाकों में घने कोहरे की संभावना जताई है।

दिल्ली में अधिकतम तापमान करीब 25 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान लगभग 8 डिग्री के आसपास रहने का अनुमान है। हालांकि, यह राहत ज्यादा दिनों तक टिकने वाली नहीं है। 19 जनवरी से पश्चिमी हिमालई क्षेत्र में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय के चलते 23 जनवरी तक कुछ इलाकों में भारी बारिश या बर्फबारी हो सकती है। इस मौसम प्रणाली का असर राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और बिहार तक महसूस किया जा सकता है।

- **मौसम फिर लेगा करवट**

## आतंकी मुठभेड़ में घायल जवान शहीद

**किश्तवाड़।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में आतंकियों की तलाश के दौरान रविवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इस दौरान 8 जवान घायल हो गए थे। इनमें से एक जवान की सोमवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। शहीद जवान की पहचान हवलदार गजेंद्र सिंह के रूप में हुई है।

# नितिन नबीन का निर्विरोध भाजपा अध्यक्ष बनना तय

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद चुनाव को लेकर पार्टी मुख्यालय में सोमवार को भारी गहमा गहमी के बीच राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने अपना नामांकन दाखिल किया।

इसके साथ ही श्री नबीन का निर्विरोध अध्यक्ष बनना तय माना जा रहा है, क्योंकि किसी अन्य नेता ने अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल नहीं किया है। श्री नबीन के अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तावक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, हरदीप पुरी समेत जैसे कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। यह नामांकन प्रक्रिया नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में संपन्न हुई। नितिन नबीन के नामांकन के दौरान योगी आदित्यनाथ समेत कई राज्यों के मुख्यमंत्री, राज्यों के पार्टी अध्यक्ष, सांसद व वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे जिन्होंने एक के बाद अपना समर्थन पत्र जमा कराया। अध्यक्ष पद के लिए सिर्फ एक नामांकन होने को नेतृत्व परिवर्तन से पहले संगठनात्मक एकता और ताकत के प्रदर्शन के तौर पर भी देखा जा रहा है।

- **शाह, जेपी नड्डा, राजनाथ, हरदीप सिंह पुरी समेत भाजपा के कई दिग्गज बने प्रस्तावक**

## सोना-चांदी पहुंचे रिकॉर्ड ऊंचाई पर

**नई दिल्ली।** वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच निवेश मांग आने से सोना-चांदी सोमवार को सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गए। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में सोना वायदा सोमवार को 2,703 रुपये बढ़कर 1,45,220 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। यह पहली बार 1,45,000 रुपये के पार पहुंचा है। चांदी वायदा में 15,381 रुपये का उछाल देखा गया और यह 3,03,143 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर रही। इसमें 5.35 प्रतिशत का जबरदस्त उछाल आया है। कोटक म्यूचुअल फंड के कोष प्रबंधक सतीश डोंडापति ने कहा कि वैश्विक स्तर पर ग्रीनलैंड के मुद्दे को लेकर अनिश्चितता बढ़ने से दोनों कीमती धातुओं में तेजी रही है। साथ ही, सीमित आपूर्ति, कमजोर डॉलर और मजबूत निवेश तथा औद्योगिक मांग का असर भी देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल में चांदी की कीमत 170 प्रतिशत बढ़ चुकी है।

# नोएडा में इंजीनियर की मौत मामला: सीईओ हटाए गए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनउफ/ नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-150 में सॉफ्टवेयर इंजीनियर की कार समेत डूबने से हुई दर्दनाक मौत की घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ा संज्ञान लिया है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच के लिए तीन सदस्यीय विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया गया है। यह टीम पांच दिनों के भीतर अपनी जांच पूरी कर मुख्यमंत्री को रिपोर्ट सौंपेगी। इसके साथ ही नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम. को हटा दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम. को पद से हटा दिया है। इसे प्रशासनिक जवाबदेही की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, सीएम ने साफ निर्देश दिए हैं कि जांच में यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही या दोष सामने आता है, तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसआईटी का नेतृत्व एडीजी जोन मेरठ करेंगे। उनके साथ मंडलायुक्त मेरठ और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के चीफ इंजीनियर को भी टीम में शामिल किया गया है। जांच टीम को हादसे के कारणों, संबंधित विभागों की भूमिका, लापरवाही की जिम्मेदारी और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के उपायों की विस्तृत पड़ताल करने के निर्देश दिए गए हैं। सेक्टर-150 क्षेत्र में भारी जलभराव के दौरान सॉफ्टवेयर इंजीनियर की कार पानी से भरे गड्ढे/अंडरपास में फंस गई थी, जिससे कार समेत व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय प्रशासन, विकास प्राधिकरण और संबंधित एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हुए थे। एसआईटी क्षेत्र में जलनिकासी व्यवस्था, सड़क निर्माण की गुणवत्ता, चेतावनी संकेतों की मौजूदगी और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली की भी जांच करेगी। मृतक इंजीनियर युवराज मेहता की सोमवार को पोर्टमार्टम रिपोर्ट आ गई है। रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि युवराज की मृत्यु का कारण दम घुटना बताया गया है। पोस्टमार्टम के अनुसार उनके फेफड़ों में करीब साढ़े तीन लीटर पानी भरा हुआ पाया गया, जिससे यह साबित होता है कि वह काफी देर तक पानी में डूबे रहे। डाक्टरों की रिपोर्ट में कहा गया है कि लंबे समय तक पानी में रहने से उनके फेफड़ों में भारी मात्रा में पानी चला गया, जिससे ऑक्सीजन की आपूर्ति रुक गई और दम घुटने की स्थिति पैदा हुई।





- **सीएम योगी ने लिया संज्ञान, उच्चस्तरीय जांच के लिए तीन सदस्यीय एसआईटी का गठन**

## संक्षिप्त समाचार

### प्रतीक और अपर्णा के बीच तलाक की सुगबुगाहट

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के भाई प्रतीक यादव और उनकी पत्नी अपर्णा यादव के वैवाहिक जीवन को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा तेज हो गई है। प्रतीक यादव के नाम से चल रहे इंस्टाग्राम अकाउंट 'आई एम प्रतीक यादव' से साझा की गई एक पोस्ट में विवाह संबंधों में तनाव का दावा करते हुए तलाक की बात कही गई है। इंस्टाग्राम पोस्ट में प्रतीक यादव ने लिखा है कि जल्द से जल्द तलाक की प्रक्रिया पूरी करना चाहते हैं। पोस्ट में यह भी उल्लेख किया गया कि वह अब इस रिश्ते को आगे नहीं बढ़ाना चाहते और अलग होने का निर्णय ले चुके हैं। पोस्ट में अपर्णा यादव को लेकर कई गंभीर आरोप किए गए हैं। उन्होंने अपर्णा यादव को ष्स्वार्थी महिलाष बताते हुए लिखा कि उनकी वजह से उनका पूरा परिवार बिखर गया। प्रतीक के अनुसार, उनकी पत्नी के व्यवहार ने पारिवारिक रिश्तों में कड़वाहट और दूरी पैदा कर दी।

### अभद्रता के आरोप के साथ अनशन पर बैठे है शंकराचार्य

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में लगे माघ मेला में मौनी अमावस्या के स्नान पर्व पर रविवार को अभद्रता से आहत शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती अनशन पर अनशन पर बैठ गए हैं। शंकराचार्य जी रविवार से लगातार बिना अन्न जल के धरने पर बैठे हैं। शिविर के बाहर ही दण्ड तर्पण और पूजन भी किया है। शंकराचार्य की मांग है कि प्रशासन प्रोटोकॉल के साथ उन्हें ले जाकर गंगा स्नान कराए। गौरतलब है कि मौनी अमावस्या पर पालकी और भक्तों के साथ स्नान की अनुमति न दिए जाने को लेकर पुलिस प्रशासन के साथ विवाद हुआ था।

# उप्र में एसआईआर: पुरुषों की तुलना में महिलाओं के नाम अधिक कटे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत जारी की गई प्रारूप मतदाता सूची में पुरुषों की तुलना में महिलाओं के अधिक नाम हटाए जाने का खुलासा हुआ है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, राज्य में 1.55 करोड़ महिलाओं जबकि 1.34 करोड़ पुरुषों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। इस तरह कुल 2.89 करोड़ मतदाताओं के नाम प्रारूप सूची से विलोपित किए गए हैं। इस प्रक्रिया के बाद राज्य का लैंगिक अनुपात घटकर 824 महिला मतदाता प्रति 1000 पुरुष रह गया है, जो 2025 की मतदाता सूची में 877 था। 6 जनवरी 2025 को प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची के अनुसार, कुल 12.55 करोड़ मतदाता बनाए रखे गए हैं, जिनमें 5.67 करोड़ महिलाएं और 6.89 करोड़ पुरुष शामिल हैं। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने दी। महिलाओं के नाम बड़ी संख्या में हटाए जाने पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इसका प्रमुख कारण डुप्लीकेशन है। कई मामलों में महिलाओं के नाम पहले उनके मायके (पिता के पते) पर दर्ज थे और बाद में ससुराल (पति के पते) पर भी जुड़ गए थे। 2025 की मतदाता सूची में 25 वर्ष से अधिक आयु की 71.18 लाख महिलाओं ने पिता का पता दर्ज किया था।

# पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बदलेगा उप्र का मौसम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी, 22 जनवरी से प्रदेश में बारिश की संभावना जताई गई

**लखनऊ।** लगातार सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभों के प्रभाव से उत्तर प्रदेश में अगले 48 घंटों के दौरान तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। इसके साथ ही घने कोहरे में भी कमी आने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार, 22 जनवरी से प्रदेश में बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बीते कुछ दिनों से रात के तापमान में जो गिरावट देखी जा रही थी, वह अब थम गई है। हालांकि हल्की बढ़ोतरी के बावजूद शनिवार रात को प्रदेश के मध्य हिस्सों हरदोई, अमेठी, अयोध्या और बाराबंकी में आंशिक शीतलहर की स्थिति बनी रही। उन्होंने कहा कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण हवा की दिशा में बदलाव हुआ है, जिसके चलते अगले 24 से 48 घंटों में तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना है। इससे रात की शीतलहर से राहत मिलेगी और प्रदेश में छाए घने कोहरे में 20 जनवरी के बाद धीरे-धीरे कमी आने की उम्मीद है। इसके बाद एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 22 जनवरी से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश का दौर शुरू हो सकता है, जो आगे चलकर पूर्वी यूपी तक पहुंचेगा। इससे प्रदेश में जारी ठंड की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार होने की संभावना है। सोमवार सुबह प्रदेश के कई इलाकों में घना कोहरा छाया रहा। मुरादाबाद, अलीगढ़, बरेली, गोरखपुर (आईएएफ), बाराबंकी, कानपुर (आईएएफ) और आजमगढ़ में दृश्यता शून्य दर्ज की गई। वहीं लखनऊ एयरपोर्ट पर दृश्यता मात्र 50 मीटर रही। मौसम विभाग के अनुसार पूर्वानुमान के अनुरूप को. हरे का क्षेत्रफल और तीव्रता सुबह के समय बढ़ी। प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में कोहरा छाया रहा, जबकि उत्तर-पश्चिम और दक्षिण-पश्चिम यूपी के कुछ इलाकों में इसका असर अपेक्षाकृत कम रहा। आंकड़ों के अनुसार गाजियाबाद, बरेली और कानपुर में बहुत घना कोहरा (शून्य दृश्यता) दर्ज किया गया, जबकि लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी और प्रयागराज में 50 से 100 मीटर तक दृश्यता रही। तापमान की बात करें, तो हरदोई प्रदेश का सबसे ठंडा जिला रहा, जहां न्यूनतम तापमान 3-5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 5-3 डिग्री कम है। फुरसतगंज में 3-7 डिग्री, जबकि बाराबंकी, अयोध्या और मेरठ में 4 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया।

### उप्र में मौसम पूर्वानुमान को मिलेगी बड़ी मजबूती, पांच अत्याधुनिक रडार होंगे स्थापित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मौसम पूर्वानुमान प्रणाली को और सुदृढ़ करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा रहा है। राज्य में पांच अत्याधुनिक ड्यूल पोलारिमेट्रिक डॉप्लर रडार सिस्टम स्थापित किए जा रहे हैं, जो अगले छह महीनों में कार्यात्मक हो जाएंगे। यह जानकारी भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, लखनऊ के निदेशक मनीष कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि ए रडार लखनऊ, आजमगढ़, झांसी, अलीगढ़ और वाराणसी में लगाए जा रहे हैं। इनमें से चार रडार उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जबकि एक रडार वाराणसी में आईएमडी द्वारा स्थापित किया जा रहा है। इससे रडार नेटवर्क में ओवरलैपिंग सुनिश्चित होगी।

## राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के नोएडा में युवराज की मौत को हत्या करार दिया

# भाजपा की बेरहम व्यवस्था ने ली युवा इंजीनियर की जान

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ मौके पर उप्र पुलिस, फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ की टीम तमाशा देखती रही: कांग्रेस

■ कांग्रेस राजस्थान कांग्रेस का विस चुनाव से पहले मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का आरोप

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के नोएडा में एक युवा इंजीनियर की कार पानी से भरे एक बड़े गड्ढे में गिर गई और मौके पर पहुंची उत्तर प्रदेश पुलिस, फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ की टीम तमाशा देखती रही लेकिन युवक को पानी से बाहर नहीं निकाले जाने के कारण उसकी जान चली गई।

कांग्रेस ने अपने सोशल मीडिया पेज एक्स पर सोमवार को एक पोस्ट में उप्र की भाजपा सरकार से सवाल किया कि आखिर उसके शासन की यह कैसी व्यवस्था है कि बचाव दल मौके पर पहुंचता है, लेकिन उसके पास कोई उपकरण नहीं होते कि युवक को पानी से बाहर निकाला जा सके। यदि युवराज को समय पर पानी से बाहर निकाल लिया जाता तो उसकी जान बचाई जा सकती थी लेकिन भाजपा की 'हत्यारी व्यवस्था ने 27 साल के सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज की जान ले ली। उसकी कार नोएडा के पॉश इलाके में पानी से भरे एक बड़े गड्ढे में गिरी थी। यह गड्ढा एक बिल्डर ने खुदवाया था जिसमें बारिश का पानी भर गया था। पार्टी ने आरोप लगाया गड्ढे में गिरे युवराज ने हिम्मत जुटाई और किसी तरह गाड़ी की छत पर पहुंच गया और फिर उसने अपने पिता को कॉल किया 'पापा मैं डूब रहा हूं, मुझे बचा लो। पिता ने उप्र पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस, फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ की टीम पहुंची, लेकिन 'पानी ठंडा' होने के कारण किसी ने उसकी मदद नहीं की। दो घंटे तक युवराज मदद के लिए चीखता रहा, चिल्लाता रहा, लेकिन उप्र पुलिस, फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ की टीम वहां खड़ी तमाशा देखती रही और आखिर में एक-एक सांस के लिए लड़ते हुए युवराज ने दम तोड़ दिया। युवराज की मौत, दुर्घटना नहीं-'मर्डर' है। कांग्रेस ने इस हत्या करार देते हुए कहा कि यह हत्या भाजपा सरकार की व्यवस्था के कारण हुई है। उसका कहना है कि भाजपा के सड़े-गले सिस्टम ने, युवराज की हत्या की है। सवाल है कि क्या फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ के पास ऐसे उपकरण ही नहीं थे, जिससे युवराज को पानी से निकाला जा सकता था। दूसरी ओर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविद सिंह डोटासरा और कांग्रेस नेता टीकाराम जूली ने राजस्थान विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का आरोप लगाया है। श्री डोटासरा ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस को केवल दो से तीन हजार वोटों के अंतर से जीत हासिल हुई थी, वहां विशेष वर्ग के वोटों को काटने की कार्रवाई की जा रही है।

### इंजीनियर मौत के मामले को 'आप' ने बनाया मुद्दा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार पर ग्रेटर नोएडा में एक कंप्यूटर इंजीनियर की जान बचाने में कोई कदम न उठाने का आरोप लगाया। गौरतलब है कि 27 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की कार घने कोहरे में नोएडा में पानी से भरे बड़े गड्ढे में गिरने गई थी और वह घंटों तक मदद मांगता रहा। यह हादसा उनके पिता, राजकुमार मेहता के सामने हुआ। श्री भारद्वाज ने कहा कि तीन घंटे तक किसी ने इंजीनियर को बचाने का प्रयास नहीं किया, जबकि उत्तर प्रदेश सरकार शंकराचार्य को परेशान करने में व्यस्त थी। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, ष्कंप्यूटर इंजीनियर नोएडा में नाले में गिरा, अपने पिता को मदद के लिए कॉल किया, तीन घंटे तक तैरने की कोशिश करता रहा। योगी सरकार शंकराचार्य को सबक सिखाने में व्यस्त थी।

# मोदी की पहल ने पूर्वोत्तर के युवाओं को नए अवसर प्रदान किए: जयंत

**नई दिल्ली।**



■ गुवाहाटी विश्वविद्यालय में पूर्वोत्तर के लिए इंडियास्किल्स क्षेत्रीय प्रतियोगिता 2025-26 का उद्घाटन किया

केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं रक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पूर्वोत्तर पर निरंतर ध्यान इस क्षेत्र के युवाओं के लिए नए सिरे से आत्मविश्वास और अवसर पैदा किए हैं।

चौधरी ने सोमवार को असम स्थित गुवाहाटी विश्वविद्यालय में पूर्वोत्तर के लिए इंडियास्किल्स क्षेत्रीय प्रतियोगिता 2025-26 का उद्घाटन किया, जहां पूर्वोत्तर के आठ राज्यों के युवा 26 कौशलों में एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे। इस अवसर पर जयंत चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री का पूर्वोत्तर पर निरंतर ध्यान, जो उनकी नियमित यात्राओं और नीतिगत प्राथमिकताओं से स्पष्ट है, ने इस क्षेत्र के युवाओं के लिए नए सिरे से आत्मविश्वास और अवसर पैदा किए हैं। उन्होंने कहा कि इंडियास्किल्स जैसी पहलें इस दृष्टिकोण को और मजबूत करती हैं, क्योंकि ए राष्ट्रीय मंचों को सीधे इस क्षेत्र की युवा प्रतिभाओं तक पहुंचाती हैं। इंडिया स्किल्स महज एक प्रतियोगिता नहीं है, यह उत्कृष्टता, अनुशासन और काम की गरिमा का उत्सव है। पूर्वोत्तर में अपार प्रतिभा और आकांक्षाएं हैं, और यह मंच इस बात पर हमारे विश्वास को दर्शाता है कि इस क्षेत्र के युवा भारत के कुशल कार्यबल का नेतृत्व करने और राष्ट्र के विकास में सार्थक योगदान देने के लिए तैयार हैं।



सेंसेक्स 83570.35
निफ्टी 25694.35



सोना रु. 142601
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 287550
प्रति किलो



# वैश्विक चिंता में धराशायी हुए शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के विभिन्न यूरोपीय देशों के माल पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने की घोषणा से घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को चौतरफा बिकवाली देखी गई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 324.17 अंक (0.39 प्रतिशत) लुढ़ककर 83,246.18 अंक पर बंद हुआ जो 07 नवम्बर 2025 के बाद का इसका निचला स्तर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी 108.85 अंक यानी 0.42 प्रतिशत टूटकर 10 नवम्बर 2025 के बाद के निचले स्तर 25,585.50 अंक पर आ गया। बाजार में आज काफी उतार.चढ़ाव रहा। एक समय सेंसेक्स 672 अंक गिर गया था, लेकिन बाद में इसकी गिरावट कुछ कम हुई। चौतरफा बिकवाली के बीच मझौली और छोटी कंपनियों के सूचकांक भी लाल निशान में रहे। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.25 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.99 प्रतिशत टूट गया। तेल एवं गैस, रियलटी, मीडिया, रसायन, स्वास्थ्य और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में ज्यादा गिरावट रही। वहीं, एफएमसीजी और ऑटो सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में रहे। एनएसई में जिन 3,294 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,316 के सूचकांक गिरावट में और 871 के बढ़त में रहे। अन्य 107 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार.चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 14 के शेयर लाल निशान में और 16 के हरे निशान में रहे। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 3.04 प्रतिशत टूट गया। आईसीआईसीआई बैंक में 2.26 प्रतिशत, इटरनल में 2.19, टीसीएस में 1.36, अडानी पोर्ट्स में 1.34, और टाइटन में 1.31 प्रतिशत की गिरावट रही। एनटीपीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंफोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। विमान सेवा कंपनी इंडिगो पर नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा अपेक्षाकृत नरम कार्रवाई के बाद कंपनी के शेयर में 4.30 प्रतिशत का उछाल आया। टेक महिंद्रा का 2.85 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनीलिवर का 2.27, बजाज फाइनेंस का 2.18, मारुति सुजुकी का 2.04 और कोटक महिंद्रा बैंक का 2.02 प्रतिशत चढ़ा।

# शैक्षिक आदान-प्रदान के जीवंत केंद्र के रूप में उभरा विश्व पुस्तक मेला

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2026 का 53वां संस्करण साहित्यिक और शैक्षिक आदान-प्रदान के एक जीवंत केंद्र के रूप में उभरा है, जिसने पूरे भारत और दुनिया भर से प्रकाशकों, लेखकों, शिक्षकों और पाठकों को आकर्षित किया है। पुस्तक मेले में बड़ी संख्या में आगंतुक आए, जिसका श्रेय मुफ्त प्रवेश और सही समय पर रखे गए नौ-दिवसीय कार्यक्रम को जाता है। प्रकाशकों ने देखा कि पाठक लोकप्रिय बेस्टसेलर से लेकर विशेष शैक्षणिक और क्षेत्रीय भाषा की किताबों तक, किताबों की एक विस्तृत शृंखला को देखने में गहरी दिलचस्पी ले रहे हैं। कुल 35 से अधिक देशों के 1,000 से अधिक प्रकाशकों ने इस मेले में भाग लिया, जिससे यह देश के सबसे बड़े साहित्यिक आयोजनों में से एक बन गया है। राष्ट्रीय बुक ट्रस्ट के तत्वाधान में आयोजित इस मेले का उद्घाटन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया। इस साल की थीम, ष्भारतीय सैन्य इतिहास: वीरता और ज्ञान के 75 सालष को थीम पवेलियन में प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया है, जिसमें 500 से अधिक किताबें हैं और 100 से अधिक थीम-आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मेले का उल्लेखनीय आकर्षण राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय रहा। यह एक डिजिटल लाइब्रेरी है जो 6,000 मुफ्त ई-बुक्स तक पहुंच प्रदान करती है, जो पारंपरिक पुस्तक संस्कृति को डिजिटल नवाचार के साथ मिलाती है।

# चुनाव आयोग की मेजबानी में राजधानी में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 21-23 जनवरी तक आयोजित होगा

**नई दिल्ली, वार्ताग**

■ 2026 में विश्वभर के 70 देशों के लगभग एक सौ से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे

चुनाव आयोग के तत्वावधान में यहां बुधवार को शुरू हो रहे लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईआईसी डीईएम-2026) में 70 देशों के लगभग एक सौ से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। सम्मेलन के दौरान आयोग की ओर से विश्व के सबसे बड़े चुनाव, लोकसभा 2024 चुनावों के आयोजन पर प्रकाश डालने वाली वृत्तचित्र श्रृंखला 'इंडिया डिसाइड्स' को भी आईआईसीडीईएम-2026 के पहले दिन प्रदर्शित किया जाएगा। ईसीआई के अध्ययन एवं प्रशिक्षण संस्थान-भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन संस्थान द्वारा राजधानी के भारत मंडपम में आयोजित यह सम्मेलन 21-23 जनवरी तक चलेगा जो लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन के क्षेत्र में भारत द्वारा आयोजित अपनी तरह का सबसे बड़ा वैश्विक सम्मेलन बनने जा रहा है। चुनाव आयोग की सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इस सम्मेलन में विश्व भर के 70 से अधिक देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 100 प्रतिनिधियों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि, भारत में विदेशी मिशनों के प्रतिनिधि और चुनावी क्षेत्र के अकादमिक और व्यावहारिक विशेषज्ञ भाग लेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार अपने सहयोगी चुनाव आयुक्त डा. सुखबीर सिंह संधू और डा. विवेक जोशी के साथ 21 जनवरी को उद्घाटन सत्र में प्रतिनिधियों का स्वागत करेंगे और कार्रवाई को हरी झंडी दिखाएंगे। सम्मेलन के दौरान चुनाव प्रबंधन निकाय (ईएमबी) के सामान्य और पूर्ण सत्र शामिल हैं, जिनमें उद्घाटन सत्र, चुनाव प्रबंधन निकाय के नेताओं का पूर्ण सत्र, चुनाव प्रबंधन निकाय के कार्य समूह की बैठकें, वैश्विक चुनावी मुद्दों, आदर्श अंतर्राष्ट्रीय चुनावी मानकों और चुनावी प्रक्रियाओं में नवाचारों और सर्वोत्तम प्रणालियों पर केंद्रित विषयगत सत्र शामिल हैं। इसमें भारत के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) के नेतृत्व में और राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक विशेषज्ञों के सहयोग से गठित कुल 36 विषयगत समूह सम्मेलन के दौरान गहन विचार-विमर्श में योगदान देंगे।

# बगैर बयान दर्ज कराए लौटीं नेहा सिंह राठौर करीब दो घंटे थाने में रहीं

**लखनऊ।** लोकगायिका नेहा सिंह राठौर सोमवार को अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर के मामले में पूछताछ के लिए सोमवार को दोबारा हजरतगंज कोतवाली पहुंचीं, लेकिन बिना बयान दर्ज कराए वापस लौट गईं। वह सुबह करीब 11 बजे थाने पहुंचीं और लगभग दो घंटे तक वहां मौजूद रहीं। बताया जा रहा है कि इस दौरान जांच अधिकारी से औपचारिक बातचीत तो हुई, लेकिन बयान की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। इसके पहले बीते 3 जनवरी को भी नेहा सिंह राठौर बयान दर्ज कराने के लिए हजरतगंज थाने गई थी, लेकिन उस वक्त शाम का समय होने की वजह से बयान नही दर्ज हो सका था। नेहा सिंह राठौर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्देश के अनुसार वह तय समय पर थाने पहुंची हैं और जांच में पूरा सहयोग करेंगी। उन्होंने बताया कि कोर्ट ने उन्हें 19 जनवरी को सुबह 11 बजे जांच अधिकारी के सामने उपस्थित होने का आदेश दिया था, जिसका वह पालन करने आईं। इधर, हजरतगंज थाने के एसएचओ विक्रम सिंह ने अपनी व्यस्तता का हवाला देते हुए कहा कि वह पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन से जुड़ी वीआईपी ड्यूटी में हैं। इसी कारण नेहा के बयान दर्ज करने की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सुप्रीम कोर्ट...** में काफी दिलचस्प बहस भी हुई। तृणमूल कांग्रेस की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने तर्क दिया कि सरनेम की स्पेलिंग जैसे गांगुली या दत्ता अलग होने जैसी छोटी बातों पर भी नोटिस थमाए जा रहे हैं, जिसका असली मकसद नाम काटना है। आपको बता दें कि इस लिस्ट में नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन का नाम भी शामिल है, जिसे लेकर काफी बवाल मचा था। बहस के दौरान एक मौका ऐसा भी आया जब चुनाव आयोग के वकील ने मां और बेटे के बीच सिर्फ 15 साल के उम्र के अंतर को गड़बड़ी बताया। इस पर जस्टिस बागची ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि 15 साल का अंतर कोई तार्किक गड़बड़ी कैसे हो सकता है? हमें नहीं भूलना चाहिए कि हम ऐसे देश में रहते हैं, जहां बाल विवाह आज भी एक कड़वी हकीकत है। जज ने साफ कहा कि एक करोड़ से ज्यादा लोगों को नोटिस भेजना छोटी बात नहीं है, आयोग को लोगों की परेशानी समझनी होगी। तृणमूल कांग्रेस ने इस फैसले को अपनी बड़ी जीत बताया है। ममता बनर्जी की सरकार शुरू से ही आरोप लगा रही थी कि यह प्रक्रिया वैध वोटर्स के नाम हटाने की एक साजिश है। कोर्ट के फैसले के बाद टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी ने कहा कि बीजेपी का खेल अब खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि जिन एक करोड़ नामों को काटने की तैयारी थी, वे अब बच गए हैं और सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में एक तरह से कड़ी फटकार लगाई है।

# आयकर विभाग ने मजदूर को भेजा सात करोड़ से अधिक का नोटिस

**हरदोई, वार्ता**

■ मजदूर के हाथ में नोटिस आया, तो उसके और परिवार के पैरों तले जमीन खिसक गई

उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में दिन भर मजदूरी कर दो वक्त की रोटी कमाने वाला एक शख्स को आयकर विभाग ने सात करोड़ रुपये से अधिक के कर बकाए का नोटिस भेजा है। मजदूर के हाथ में नोटिस आया, तो उसके और उसके परिवार के पैरों तले जमीन खिसक गई। फिलहाल नोटिस को हाथ में लेकर अब गरीब मजदूर पूरे मामले में न्याय के लिए उच्च अधिकारियों से गुहार लगाने की तैयारी में है। जिससे उसके साथ इंसाफ हो सके और जो लोग दोषी है उनको सजा मिल सके।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के माधौगंज थाना क्षेत्र के रुदामऊ गांव निवासी मजदूर गोविंद कुमार को आयकर विभाग ने 7 करोड़ 15 लाख 92 हजार 786 रुपये का नोटिस थमा दिया जबकि उसके घर में खाने के लिए महीने भर का अनाज तक नहीं है। आज उसके सामने आयकर विभाग की करोड़ों की देनदारी हो गई है। नोटिस मिलने के बाद से परिवार सदमे में है । पत्नी सोनी देवी, बुजुर्ग माता-पिता की आंखों में यही सवाल है कि आखिर एक मजदूर के पास इतने करोड़ रुपये जमा करने के लिए आए तो कहां से आए। दरअसल इस कहानी की जड़ें करीब छह साल पुरानी हैं।जब काम की तलाश में गोविद कानपुर गया था। वहीं गरीबी का फायदा उठाकर उसे सरकारी मदद दिलाने का झांसा दिया गया। एक महिला उसे सीतापुर के बिसवां ले गई,जहां एचडीएफसी बैंक में उसके नाम से खाता खुलवाया गया। बदले में गो. विद को मिले सिर्फ दो-तीन हजार रुपये लेकिन उससे उसकी पासबुक और चेक. बुक ले ली गई।आशंका है कि इसी खाते के जरिए जालसाजों ने फर्जी फर्म बनाकर करोड़ों का लेन-देन किया और गरीब मजदूर को मोहरा बना दिया। जब आयकर विभाग की टीम गांव पहुंची,और पुराने नोटिस व बैंक ट्रांजेक्शन की जानकारी दी, तो गोविद के होश उड़ गए। गोविद का बड़ा भाई कस्बे में ठेला लगाता है,छोटा भाई मजदूरी करता है।पूरा परिवार आज सिस्टम की एक बड़ी खामी का शिकार है। फिलहाल अब गोविन्द पूरे मामले में खुद को बेगुनाह साबित करने और दोषी लोगों पर कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों के पास गुहार लगाने की तैयारी में है लेकिन सवाल यह है इतने बड़े ट्रांजेक्शन पर बैंक की निगरानी कहां थी और उन जालसाजों पर कार्रवाई क्या होगी जिन्होंने एक गरीब की मजबूरी को हथियार बना लिया।

### यूपी में आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में दाखिले के लिए दो फरवरी से आवेदन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी विद्यालयों में 25 प्रतिशत सीटों पर नि:शुल्क दाखिले की प्रक्रिया को लेकर शासन स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक (समग्र शिक्षा) कार्यालय ने शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा-1/पूर्व-प्राथमिक में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। प्रवेश प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी होगी, जिसमें आवेदन, सत्यापन, लॉटरी और दाखिले की अंतिम तिथि तय की गई है। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा मोनिका रानी के स्तर से जारी कार्यक्रम के मुताबिक पहले चरण में ऑनलाइन आवेदन 2 फरवरी से 16 फरवरी 2026 तक स्वीकार किए जाएंगे। इसी अवधि में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/नामित अधिकारी द्वारा आवेदन पत्रों की जांच व सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद 18 फरवरी को ऑनलाइन लॉटरी के जरिए चयन होगा, जबकि चयनित बच्चों को संबंधित निजी विद्यालयों में 20 फरवरी 2026 तक दाखिला दिलाया जाएगा। दूसरे चरण में आवेदन की तारीख 21 फरवरी से 07 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। इस चरण में 09 मार्च 2026 को लॉटरी निकाली जाएगी और विद्यालयों को 11 मार्च 2026 तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

# मिट्टी से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को रौंदा, मौत

## कांवड़ पटरी मार्ग पर दर्दनाक हादसा, दो युवक गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली के गंगनहर कांवड़ पटरी मार्ग पर सोमवार को तेज रफ्तार और लापरवाही ने एक मासूम की जान ले ली। मिटी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की आमने-सामने की टक्कर में 14 वर्षीय किशोर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथ बाइक पर सवार दो दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली को मौके पर छोड़कर फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार शराफान निवासी मुसीर (14) पुत्र मुनीर अपने दोस्तों रिहान पुत्र नोशाद और सुहेल पुत्र सरताज के साथ बाइक से कांवड़ पटरी मार्ग से गुजर रहा था। जैसे ही वे शराफान कॉलोनी के पास पहुंचे, गंगनहर पुल की ओर से आ रही मिटी से लदी तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवक उछलकर सड़क पर जा गिरे। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी।

पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से घायलों को खतौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मुसीर को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल रिहान और सुहेल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया।

किशोर की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के घर मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उधर, स्थानीय लोगों ने कांवड़ पटरी मार्ग पर अवैध मिट्टी खनन से जुड़े वाहनों की लगातार आवाजाही को हादसों का कारण बताया और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की।

पुलिस ने घटनास्थल से ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर थाने भिजवा दिया है। फरार चालक की तलाश की जा रही है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

समाचार लिखे जाने तक मृतक के परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## खिलखिलाती धूप में खिले लोगों के चेहरे, मुस्कुराते हुए स्कूल पहुंचे नन्हें मुन्नें

**मुजफ्फरनगर।** लगातार पड़ रही कड़ाके की ठंड और घने कोहरे से जनजीवन पर लगा ब्रेक सोमवार खिलखिलाती धूप से हट गया और बड़ी राहत मिली। सुबह से ही आसमान साफ रहा और सूर्य देवता के दर्शन होने से तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। धूप निकलते ही ठंड का असर कुछ हद तक कम हुआ, जिससे आम लोगों ने राहत की सांस ली। लगातार ठंड के चलते एहतियातन बंद किए गए स्कूल भी सोमवार से पुन: खोल दिए गए धूप में बच्चे मुस्कुराते हुए स्कूल पहुंचे। अभिभावक भी उत्साह के साथ अपने-अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने और लेने पहुंचे। बाजारों और गलियों में भी चाय आदि की दुकानों और सार्वजनिक स्थानों पर सामान्य चहल-पहल देखने को मिली। दो दिन से धूप ने न सिर्फ ठंड से राहत दिलाई, बल्कि रुका जनजीवन भी फिर से पटरी पर ला दिया।

## एसएसपी ने कई चौकी प्रभारियों को किया इधर-उधर

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने देर रात आदेश जारी कर दर्जनभर से अधिक चौकी प्रभारियों और कई सब इंस्पेक्टरों को इधर से उधर किया गया है।

जारी तबादला सूची के अनुसार, चरथावल थाना क्षेत्र की हिंडन चौकी के प्रभारी गोविंद चौधरी को अब रामपुर तिराहा चौकी का नया प्रभारी बनाया गया है। वहीं, पूर्व चौकी प्रभारी कुटेसरा और वर्तमान चौकी प्रभारी भैंसी अमित कुमार को बागोवाली चौकी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सब इंस्पेक्टर तूफान सिंह को हिंडन चौकी का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त, थाना पुरकाजी से सब इंस्पेक्टर कौशलेंद्र प्रताप सिंह को लालू खेड़ी चौकी प्रभारी बनाया गया है। बेगराजपुर चौकी प्रभारी किशन सिंह को उनके पद से हटाकर थाना मंसूरपुर स्थानांतरित किया गया है, जबकि लालूखेड़ी चौकी प्रभारी कामिल चौधरी को मीरापुर थाना भेजा गया है। बागोवाली चौकी प्रभारी रुपेश कुमार को अब थाना रतनपुरी की सठेड़ी चौकी का प्रभारी बनाया गया है। इसी क्रम में, थाना भोपा से आनंद कुमार को कुटबा चौकी प्रभारी, उप निरीक्षक पिंटू को मोरना चौकी प्रभारी और बलवा चौकी प्रभारी पंकज शर्मा को बेगराजपुर चौकी प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। रामपुर तिराहा चौकी प्रभारी दीपक को रुड़की चौकी का प्रभारी नियुक्त किया गया है, जबकि रुड़की चौकी प्रभारी गणेश शर्मा को नई मंडी थाना क्षेत्र की गांधीनगर चौकी का प्रभारी बनाया गया है।

## नवयुवती रहस्यमय परिस्थितियों में हुई लापता

**बुढ़ाना/फुगाना।** थाना फुगाना क्षेत्र के एक गांव से एक नवयुवती अचानक से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गयी। उधर परिजनों ने एक युवक पर उनकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए फुगाना पुलिस को तहरीर देते हुए आरोपी युवक के विरुद्ध कार्यवाही और अपनी पुत्री की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस ने पीड़ित ग्रामीण की तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार फुगाना थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने फुगाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि उसकी 22 वर्षीया पुत्री बीती 13 जनवरी को लापता हो गई। जनपद हापुड़ का एक युवक उनकी बेटी को शादी के उद्देश्य से बहला फुसलाकर भगाकर ले गया है। युवती अपने साथ घर से सोने चांदी के कुछ कीमती आभूषण और 15 हजार रुपये नकद भी ले गई है। पीड़ित ग्रामीण ने फुगाना पुलिस से अपनी पुत्री, आभूषण और नकदी बरामद करने की गुहार लगाते हुए आरोपी को भी पकड़ने की मांग की है। उधर फुगाना पुलिस ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर नवयुवती की सकुशल बरामदगी के प्रयास शुरु कर दिए थे।

### वसूली टीम ने किया डिस्टलरी का ऑफिस सील

**मुजफ्फरनगर।** बड़े बकाएदारों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए बैंक टीम ने आज रूड़की रोड स्थित सरशादीलाल डिस्टलरी का दफ्तर सील कर दिया। गौरतलब है कि सरशादीलाल डिस्टलरी मंसूरपुर में स्थित है और पिछले काफी समय से बंद चल रही है जिस पर बैंक का बड़ा बकाया चल रहा है कई बार कहने के बावजूद जब डिस्टलरी प्रशासन ने बकाया राशि जमा नहीं की तो नोटिस जारी किए गए। आज दफ्तर पर सील लगा दी गई।

## सरेराह बाइक सवार युवकों के साथ मारपीट

**मोरना।** बाईक द्वारा घर लौट युवकों के साथ मारपीट का मामला प्रकाश मे आया है। पीड़ित ने मामले मे पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव ढांसरी के मजरा ढसेरा निवासी अभिषेक ने पुलिस को शिकायत कर बताया कि वह अपने भतीजे के साथ ढांसरी गांव से दूध व अन्य सामान लेकर अपने घर लौट रहा था।तभी कि गांव के ही एक युवक ने उन्हें रास्ते में रोक लिया आरोपी ने दोनों के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पीड़ित का कहना है कि आरोपी ने उन्हें जातिसूचक शब्द कहते हुए बाइक की चाबी भी निकाल ली तथा जान से मारने की धमकी भी दी है। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है और कहा है कि दबंगों की दंबगाई अब पुलिस अपने तरीके से निकालेगी।



मुजफ्फरनगर: हाईमास्क लाइट का शुभारंभ करती पालिका अध्यक्ष।

## हिन्दू बस्ती में मुस्लिम के मकान खरीदने पर धरना प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला गौशाला रोड के हिन्दूओं ने हिन्दू संगठनों के साथ धरना प्रदर्शन और हनुमान चालिसा का पाठ करते हुए आरा. ेप लगाया कि बहुसंख्यक बस्ती में मकान खरीदने वाले अल्पसंख्क परिवार के सदस्य जानबुझकर साम्प्रदायिक तनाव बढ़ा रहे है उक्त परिवार के युवा आती जाती लडकी को छेडते है जिससे कभी भी कोई घटना घट सकती है। उन्होने आरोप लगाया कि जानबुझकर अल्पसंख्यक मुस्लिम परिवार ने उनके बीच मकान खरीदा है। शहर कोतवाली क्षेत्र के गौशाला रोड पर मोहल्ले वासियों के साथ हिन्दू संगठनों के लोगो ने किया धरना प्रदर्शन, प्रदर्शन के बीच हिंदू संगठन के लोगों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। बताया जा रहा है कि हिंदू बस्ती में मुस्लिम समाज के व्यक्ति द्वारा मकान खरीदने से क्षेत्रवासी नाराज हैं, फिलहाल पुलिस मौके पर जाकर लोगों को समझा रही है। पुलिस का कहना है कि मकान खरीदने की बात कई साल पुरानी है। तथा वह इस मामले की जांच कर रहे है।

## पुत्रवधु ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप, वृद्ध ने दी जान

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मौहल्ला हाजीपुर निवासी एक वृद्ध ने अपनी पुत्रवधु द्वारा लगाए गए छेडछाड के आरोपों से व्यथित होकर आज ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी इससे क्षेत्र में रहने वाले लोगों में आक्रोश है और उन्होने आत्महत्या करने पर मजबूर करने वाली पुत्रवधु के खिलाफ कानून कार्यवाही की मांग उठाई है। बताया गया है कि 55 वर्षीय इस्तेकार पीछे कई दिनों से तनाव में थे। उनके छोटे बेटे की शादी खतौली में हुई थी। पुत्रवधु रोजाना लड़ाई झगडा करके लडके पर अलग होने का दबाव बना रही थी। आरोप है कि उसने अपने वृद्ध ससुर पर भी छेड़छाड के आरोप लगाए जिससे तंग आकर आज इस्तेकार ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतू भिजवाया।



मुजफ्फरनगर: रक्तदान करने वाली संस्थाओं के प्रमुखों को सम्मानित करते सीएमओ।

## अवैध संबंध बनाकर महिला के साथ मारपीट का आरोप

■ शिकायत पर पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** पुत्रवधू पर मोहल्ला निवासी युवक के साथ अवैध संबंध बनाने तथा मौके पर धरे जाने के बाद आरोपी व उसके परिजनों द्वारा मारपीट का मामला प्रकाश मे आया है शिकायत पर संज्ञान लेकर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

थाना भोपा क्षेत्र के कस्बा निवासी महिला ने थाने पर शिकायत कर बताया की उसकी पुत्रवधु के अवैध सम्बन्ध मोहल्ले के युवक के साथ चल रहे हैं। पुत्रवधु को काफी समझाने के बाद भी वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रही है। समझाने पर लडाई झगडा करती रहती है।

बीते गुरुवार की शाम पुत्रवधु ने प्रेमी युवक को घर बुला रखा था। जिसे देवर ने रंगे हाथ पकड लिया था। तभी आरोपी युवक मौके से फरार हो गया था जिसपर पुत्रवधु अपने देवर पर ही झूठे आरोप लगाने लगी थी। उसके बाद देर शाम आरोपी अपने परिजनों संग घर पर आया और गाली गलौज करते हुए परिवारजनो के साथ मारपीट की जिसमें पुत्रवधू के हाथ मे चोट लगने से घायल हो गई। पुलिस ने आरोपी ऋतिक, काला, अक्षय, विकास के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# सुरेंद्र नगर में पालिका की हाईमास्क लाइट का शुभारंभ

## पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने किया उद्घाटन, रोड सेफ्टी को मिलेगा नया प्रकाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर के शहरी विकास और रोड सेफ्टी को सुदृढ़ करने की दिशा में नगर पालिका प्रशासन लगातार कदम बढ़ा रहा है। इसी क्रम में जानसठ रोड स्थित सुरेंद्र नगर के बाहर हाई मास्क लाइट स्थापित कर क्षेत्रवासियों को बेहतर पथ प्रकाश व्यवस्था का लाभ देने की पहल की गई है। लाइट के शुभारंभ अवसर पर स्थानीय लोगों में उत्साह देखते ही बन रहा था।

नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने जानसठ रोड स्थित सुरेंद्र नगर के बाहर स्थापित की गई हाई मास्क लाइट का विधिवत उद्घाटन कर इसे जनता को समर्पित किया। यह कार्य नगर पालिका द्वारा रोड सेफ्टी अभियान के अंतर्गत पथ प्रकाश व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से किया गया है। शुभारंभ अवसर पर सुरेंद्र नगर व आसपास के क्षेत्रों के निवासी परिवार, दुक. ानदार, व्यापारी और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप और वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप का सम्मान समारोह आयोजित कर अभिनंदन भी किया। कार्यक्रम में फीता काटकर हाई मास्क लाइट को शुरू किया गया तथा इसके बाद पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु पौधारोपण भी किया गया। पालिक. ाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि नगर पालिका प्रशासन शहर में रोड सेफ्टी और पथ प्रकाश व्यवस्था को प्राथमिकता पर सुधार रहा है। उन्होंने बताया कि नगर में चार मुख्य स्थानों पर हाई मास्क लाइट लगाने का निर्णय लिया गया था। इनमें नई मंडी, जानसठ रोड और एटूजेड कॉलोनी पर हाई मास्क लाइट लग चुकी हैं, जबकि वहलना चौराहे पर लाइट जल्द स्थापित की जाएगी। इसके साथ ही रिफ्लेक्टर लगाने, मार्गों पर सुधार कार्य और प्रकाश व्यवस्था बेहतर करने की दिशा में अन्य प्रयास भी तेजी से जारी हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप ने कहा कि नगर पालिका द्वारा किए जा रहे विकास कार्य जनता की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पथ प्रकाश व्यवस्था मजबूत होने से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी और रात्रिकालीन आवाजाही सुरक्षित होगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे नगर की स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और विकास कार्यों में सहयोग देना जारी रखें। समारोह में मुख्य रूप से सभासद पति राहुल पंवार, ललित कुमार, सुन्दर सिंह, शीशपाल पुंडीर, डॉ. अहलावत, शिवानी जैन, सुखबीर सिंह कुकरालिया, विशाल गर्ग, तेजराज गुप्ता, भीम सिंह, पवन कुमार, शलभ गुप्ता, जनार्दन विश्वकर्मा, विजय त्यागी एडवोकेट, अनिल पालीवाल, महेश चौहान आदि शामिल रहे।

## रक्तदान शिविर लगाने वाली 41 संस्थाओं को किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर में जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से जिला चिकित्सालय परिसर स्थित सभागार में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह का उद्देश्य वर्ष भर स्वास्थ्य विभाग को निरंतर सहयोग प्रदान करने वाली उन संस्थाओं को सम्मानित करना था, जिन्होंने स्वैच्छिक रक्तदान के माध्यम से मानव सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। कार्यक्रम में वर्ष 2024-2025 के दौरान रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली कुल 41 सामाजिक, धार्मिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं को सम्मानित किया गया। इन संस्थाओं के सहयोग से जनपद में 73 रक्तदान शिविरों का सफल आयोजन किया गया, जिससे जनपद में रक्त की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित हो सकी और आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों की जान बचाने में महत्वपूर्ण सहायता मिली। इस अवसर पर जानकारी दी गई कि मुनींद्र धर्मार्थ ट्रस्ट, शामली द्वारा सर्वाधिक 627 यूनिट रक्तदान किया गया। इसके अतिरिक्त संत निरंकारी मंडल द्वारा 465 यूनिट, एचडीएफसी बैंक द्वारा 266 यूनिट, श्री कुंद-कुंद जैन इंटर कॉलेज, खतौली द्वारा 218 यूनिट तथा अमूल्य जीवन सेवा ट्रस्ट द्वारा 200 यूनिट रक्तदान किया गया। इन प्रमुख संस्थाओं सहित कुल 41 संस्थाओं को उनके अनुकरणीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय वर्मा रहे। उनके साथ ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. पी.के. त्यागी एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलेश जैन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा सभी 41 संस्थाओं के प्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान प्रतीक प्रदान कर सम्मानित किया गया अपने संबोधन में मुख्य अतिथि डॉ. संजय वर्मा ने कहा कि 'रक्तदान वास्तव में जीवनदान है और समाज की सक्रिय भागीदारी से ही मजबूत स्वास्थ्य सेवाओं की नींव रखी जा सकती है। उन्होंने सभी रक्तदाता संस्थाओं एवं स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए कहा कि उनका योगदान स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ है। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. पी.के. त्यागी ने अपने संबोधन में बताया कि वर्ष 2024-25 में पूरे उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक रक्त संग्रह करने वाला जनपद मुजफ्फरनगर रहा है, जो जिले के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि सभी रक्तदाता संस्थाओं, स्वयंसेवकों एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। वहीं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलेश जैन ने अधिक से अधिक लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि नियमित रक्तदान से ही जरूरतमंद मरीजों को समय पर सहायता मिल सकती है। कार्यक्रम के अंत में जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से सभी रक्तदाता संस्थाओं, स्वयंसेवकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग बनाए रखने की अपेक्षा व्यक्त की गई।



मुजफ्फरनगर: कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर ज्ञापन देते कांग्रेसी।

# मणिकार्णिका घाट ध्वस्त करने पर कांग्रेसियों का प्रदर्शन

## प्रदर्शनकारियों ने पूछा पुरानी निशानी हटाने की जरूरत क्या थी?

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला अध्यक्ष सत्यपाल कटारिया के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा वाराणसी के ऐतिहासिक मणिकर्णिका घाट को 10 जनवरी 2026 को अचानक ध्वस्त कर दिया गया था। जिसका जीर्णोद्वार वर्ष 1791 में माता अहिल्याबाई होल्कर जी के द्वारा करवाया गया था, यह स्थान माता अहिल्याबाई होलकर के लिए बहुत महत्व रखता था, यही नहीं यहां पर स्थापित माता अहिल्याबाई होल्कर जी की पवित्र और ऐतिहासिक मूर्तियां भी ध्वस्तीकरण के पश्चात मणिकर्णिका घाट के मलबे में दबी पड़ी है। आज उसी के विरोध में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री के आह्वान पर एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से महाम. हिम राज्यपाल के नाम सौंपा गया। ज्ञापन देने से पहले उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने भाजपा सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और महामहिम राज्यपाल जी से अपील की मणिकर्णिका घाट को ध्वस्त करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाही करवाएं।

ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष सत्यपाल कटारिया, बिल्किस चौधरी एडवोकेट, एडवोकेट असजद अली, ममनून अंसारी, रिज़वान अहमद सिद्दीकी, हकीम जफर महमूद, अनिल चौधरी, मनोज चौधरी, राजीव चौधरी, मदन मोहन शर्मा, इंजीनियर सद्दाम सिद्दीकी, अफसाना अंसारी, नौशाद अल्वी, साकिब अंसारी, मज़हर अब्बास, नरेश बाल्मीकि, राम सिंह, रामपाल सिंह, सुरेंद्र आदि शामिल हुए।




# सीरत-उन-नबी प्रतियोगिता के विजेताओं को बांटे ईनाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** मुस्लिम एजुकेशनल सोशल एंड कल्चरल सोसायटी (मेस्को दधेड़ू) के तत्वावधान में आयोजित सीरत-उन-नबी प्रतियोगिता का भव्य पुरस्कार वितरण समारोह रविवार को गुडलक बैंक्वेट हॉल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिले के टॉपर विद्यार्थियों के साथ-साथ 50 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुज़फ्फरनगर, सहारनपुर एवं शामली के अनेक स्कूलों में प्रतियोगिता केंद्र बनाए गए थे, जिनमें लगभग 1700 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. आफताब आलम ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. जमील अहमद (रामपुर) उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में मौलाना सअद क़ासमी (खतौली), एडवोकेट वसीम फलाही, हाफ़िज़ मुरसलीन, मुनीर आलम और रिसर्च स्कॉलर डॉ. फातिमा परवीन आक़िल ने भी शिर. कत की। संचालन इफ़्तेखार अली ने किया। डॉ. आफताब आलम व मुख्य अतिथि डॉ. जमील अहमद ने कहा कि आज के दौर में बच्चों को नबी-ए-करीम सल. की सीरत से जोड़ना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। ऐसी प्रतियोगिताएं न केवल ज्ञान बढ़ाती हैं, बल्कि विद्यार्थियों को एक बेहतर इंसान बनने की प्रेरणा भी देती हैं। मौलाना सअद क़ासमी व मेस्को के सेक्रेटरी एवं संयोजक मास्टर नईम अहमद ने उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सम्मानित कर हौसला अफजाई की गई। ग्रुप ए में प्रथम अलीना द्वितीय सोहा और तृतीय सुमाना रही।

ग्रुप बी में प्रथम सानिया, द्वितीय इल्मा, तृतीय माहीन और मौ. सुहैल रहे।

ग्रुप सी में प्रथम तज़किया, द्वितीय राशिदा और अलविरा और तृतीय साहिबा रहे। प्रथम पुरस्कार में सभी को सिलाई मशीन और सूटकेस, द्वितीय पुरस्कार में माइक्रोवेव ओवन और इलेक्ट्रिक केतली, तृतीय पुरस्कार में गैस का चूल्हा और पानी की बोतल दी गई। इसके अलावा 40 कंसोलेशन पुरस्कार भी दिए गए। उर्दू डेवलपमेंट आर्गेनाईजेशन के अध्यक्ष कलीम त्यागी ने भी कार्यक्रम की सराहना की।

इस दौरान मोहम्मद आबिद अध्यक्ष, शहजाद अली उपाध्यक्ष, नईम अहमद सचिव, वसीम अहमद, रियासत अली, साबिर अली, बाबू महताब अली, कलीम त्यागी, डॉक्टर शमीम उल हसन, डॉ. फर्रुख़ हसन, नदीम मलिक, तहसीन अली, मास्टर खलील अहमद, मास्टर साजिद, मासूम अली प्रिंसिपल, इंतखाब आलम रिटायर्ड प्रिंसिपल, कलीमुल्लाह, डॉ. अरशद सम्राट, मोहम्मद आसिफ, साजिद हसन त्यागी, इफ्तिखार अहमद, डॉ अमजद , अजमत राव, फ़ैज़याब पुंडीर, मो. मुस्तकीम, मो. इमरान मौजूद रहे।

# सरकारी झोड़ी पर कब्जे की कोशिश नाकाम

## तहसील प्रशासन की त्वरित कार्रवाई, अवैध निर्माण रुकवाया

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** फुलत मार्ग स्थित सरकारी अभिलेखों में दर्ज झोड़ी भूमि पर अवैध कब्जे की कोशिश को तहसील प्रशासन ने समय रहते विफल कर दिया। सोमवार को जैसे ही सूचना मिली कि कुछ लोग झोड़ी को मिट्टी से भरकर खेतों तक निजी रास्ता बनाने का प्रयास कर रहे हैं, तहसील प्रशासन में हलचल मच गई।

नायब तहसीलदार राजीव त्यागी तत्काल टीम के साथ मौके पर पहुंचे और कार्य में लगी जेसीबी मशीनों को रुकवाकर निर्माण कार्य बंद करा दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद लोगों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दोबारा झोड़ी पर कोई कार्य किया गया तो मशीनें सीज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बताया गया कि यह झोड़ी भूमि वर्षों पुरानी है और सरकारी रिकॉर्ड में स्पष्ट रूप से दर्ज है। आसपास कई किसानों के खेत होने के कारण कुछ भूमाफियाओं द्वारा झोड़ी को पाटकर अवैध रास्ता बनाने की कोशिश की जा रही थी। प्रशासन की सतर्कता से बड़ा अतिक्रमण होने से पहले ही रोक लगा दी गई। नायब तहसीलदार ने पटवारी और कानूनगो को पूरे प्रकरण की जांच कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकारी भूमि पर कब्जा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



### बच्चों के मामूली से झगड़े में बड़ों के सिर फूटे

**बुढ़ाना।** खेलने के दौरान कुछ बच्चों के दो गुटों में मामूली रूप से झगडे ने बड़ा रुप उस समय ले लिया जब दोनों पक्षों के बच्चों के बड़े आपस में ही भिड़ पड़े। मौके पर पहुंची फुगाना पुलिस ने सभी घायलों को हस्पताल भिजवाकर पूरे मामले की जांच शुरु कर दी। फुगाना थाना क्षेत्र के जोगिया खेड़ा गांव में एक बच्चे के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। बच्चे को सिर में चोटें आई हैं। इस संबंध में पीड़ित बच्चे के परिजन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### सचिन हत्याकांड: डॉग स्कवायड ने जंगलों को खंगाला

**बुढ़ाना।** लगभग सवा महीने से गायब गांव नगवा के सचिन जाटव के शव की खोपड़ी मिलने के बाद जहां एक ओर बुढाना पुलिस ने बारीकी स्तर से अपनी जांच शुरु की हुई है वहीं दूसरी ओर सोमवार के दिन गांव नगवा में डाग स्क्वायड टीम पहुंची और मृतक के परिजनों के साथ साथ ग्रामीणों से भी बातचीत करते हुए आसपास के खेतों को भी खंगाला। इस पूरे प्रकरण की जांच क्राइम इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह कर रहे हैं।

दरअसल पांच सप्ताह पहले बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव नगवा का सचिन जाटव रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया था। जब वह कहीं पर भी नहीं मिला तो परिजनो ने पुलिस को इसकी सूचना दी और अपने पुत्र की बरामदगी की मांग की। उधर पुलिस ने और इधर परिजनों ने अपने स्तर से सचिन की तलाश जारी रखी तो इसी बीच गायब सचिन की खोपड़ी और कुछ अवशेष बीते दिन गांव नगवा के खेतों से मिले तो पुलिस में हड़कंप मच गया था। अब यह खोपडी सचिन की है या किसी और की इस खोपड़ी को लैब में जांच के लिए भेज दिया गया है। वैसे गायब सचिन के परिजनों ने खोपड़ी के पास से मिली शर्ट और एक जूते के आधार पर सचिन की पहचान की। आज आई डाग स्क्वायड टीम के साथ क्राइम इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह और बायवाला पुलिस चौकी इंचार्ज रणवीर सिंह भी मौजूद रहे। इस दौरान डाग स्क्वायड टीम को देखकर मौके पर सैंकड़ों ग्रामीण भी पहुंच गये थे। इस मामले में 3 भाइयों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

# मिशन शक्ति के तहत मीरापुर में महिला जागरूकता कार्यक्रम

**मीरापुर।** महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा, स्वावलंबन और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी अभियान हमिशन शक्तिह के अंतर्गत एक प्रभावी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की प्रेरणा से संचालित मिशन शक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने में सफल रहा। कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाओं के साथ-साथ क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया और इसे जन-आंदोलन बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी जानसठ रुपाली राव ने मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि यह अभियान केवल सरकारी पहल नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के प्रति समाज का सामूहिक संकल्प है। उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मुजफ्फरनगर संजय कुमार वर्मा के कुशल नेतृत्व में पुलिस प्रशासन द्वारा महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। विशिष्ट अतिथि प्रभारी निरीक्षक मीरापुर राजीव शर्मा ने भी अभियान की उपयोगिता पर अपने विचार रखे।

कार्यक्रम आयोजक ज्योतिषाचार्य पं. दीपक कृष्णात्रेय ने अपने संबोधन में मिशन शक्ति के अंतर्गत जनपद मुजफ्फरनगर को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर पुलिस प्रशासन को बधाई दी और इसे जनपद के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी कुंवर देवराज पंवार ने की, जिन्होंने पुलिस और समाज के संयुक्त प्रयासों से ही सुरक्षित वातावरण के निर्माण पर बल दिया। इस अवसर पर ब्रह्मकुमारी




बीके अनमोल, शिक्षाविद पं. कीर्तिभूषण शर्मा, महिला उपनिरीक्षक ममता अत्रि, मीडिया सेंटर मीरापुर के अध्यक्ष पं. वासुदेव शर्मा, व्यापारी नेता ब्रजभूषण अग्रवाल, थाना प्रभारी राजीव शर्मा सहित अनेक वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं महिला उपनिरीक्षक को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हाजी शमीम अहमद, सुनील कुमार ढाका, हरिओम भार्गव, नोवेश शर्मा, राजेश शर्मा, विकास कौशिक उर्फ मंटू, रूप सिंह प्रजापति, अंकुर शर्मा पहलवान, अरविंद तोमर, कुंवर सिंह, विधिचन्द शर्मा, सचिन शर्मा, अजय शर्मा, नितिन प्रजापति, अनुज कुमार, मलखान सिंह, स. मेजर सिंह, वंश शर्मा, ऋषि शर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### युवाओं को रोजगार देने की हुई पहल....

# शाहडब्बर के लोगों ने कौशल रथ का किया स्वागत

**बुढाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव शाहडब्बर में सोमवार के दिन भारत सरकार के सहयोग से संचा. लित कौशल रथ पहुंचा। जिसका स्वागत और उद्घाटन जिला पंचायत मुजफ्फरनगर के वार्ड नंबर 20 से सदस्य पद के प्रत्याशी व युवा रालोद बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष रवित राठी ने अपने कर कमलों द्वारा सैंकड़ों लोगों की मौजूदगी में फीता काटकर किया। रालोद नेता रवित राठी ने बताया कि ये कार्यक्रम छात्रों को कम्प्यूटर के बेसिक प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से शुरु किया गया है।

कौशल विकास ही आज के युवाओं को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सशक्त बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों के स्टूडेंटस को आधुनिक तकनीकी शिक्षा से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा हैं। गांव में सैंकड़ों स्टूडेंट्स को कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले स्टूडेंट्स को कौशल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।



इसके लिए रवित राठी ने केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी का आभार जताते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन व मंत्रालय के निरंतर सहयोग से ग्रामीण युवाओं के लिए शिक्षा व रोजगार के नए मौके सृजित हो रहे हैं। यहां अनिल राठी, विनोद राठी, कपिल राठी, देशपाल राठी, डॉक्टर अशोक और प्रदीप राठी इत्यादि ग्रामीण उपस्थित रहे।

### संगीत सोम के बाद विधायक अतुल प्रधान पहुंचे खतौली

**खतौली।** ममता शर्मा हत्याकांड को लेकर राजनीतिक हलचल के बीच सरधना विधायक अतुल प्रधान सोमवार को खतौली पहुंचे। उन्होंने तगान मोहल्ला स्थित मृतका ममता शर्मा के आवास पर पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की और गहरी संवेदना व्यद्र की। इस दौरान विधायक अतुल प्रधान ने पीड़ित परिवार को 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए भविष्य में भी हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। विधायक अतुल प्रधान ने मृतका की सास और बेटियों को ढांढस बंधाते हुए इस घटना को बेहद दुखद और निंदनीय बताया। उन्होंने कहा कि यह एक जघन्य अपराध है और ऐसे मामलों में राजनीति करने के बजाय अपराधियों को कठोर सजा दिलाने पर ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने अपराध के मामलों में सख्त कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया। इस मौके पर विधायक अतुल प्रधान ने पूर्व विधायक संगीत सोम पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि अनाप-शनाप बयानबाजी करने से पहले उन्हें आत्ममंथन करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि ममता हत्याकांड जैसे गंभीर मामले में कुछ लोग केवल राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार से मिलने आए लोग खाली हाथ लौट जाएं, यह अत्यंत शर्मनाक है। विधायक अतुल प्रधान ने भाजपा सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि इस तरह की घटनाओं में सरकार को सबसे पहले पीड़ित परिवार के साथ खड़ा होना चाहिए, लेकिन सरकार की चुप्पी चिंता का विषय है। इस दौरान सभासद अमित त्यागी, कपिल मोतला, हाजी वसीम, हाजी इकबाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### अब अरशद राणा को मिली देख लेने की धमकी

**मुज़फ्फरनगर।** औवेसी की पार्टी से मीरापुर उपचुनाव में चुनाव लड़ने वाले अरशद राणा को धमकी मिलने के बाद एसएसपी के दफ्तर जा पहुँचे। उनका आरोप है कि पलवल के किसी व्यक्ति ने उन्हें परसों फोन किया और धमकी दी। अरशद ने एसएसपी से सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। अरशद राणा ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र सौपा। जिसमें उन्होंने अपनी सुरक्षा की मांग की है। ओवैसी की पार्टी के नेता अरशद राणा ने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति नें फोन पर धमकी दी है जिसमें उसने कहा कि तुम बहुत ओवैसी की वीडियो डालते हो और तुम मुजफ्फरनगर के रहने वाले हो तुम्हे मैं 20 जनवरी कों वहीं आकर देख लूंगा।

## शत्रु संपत्ति से छेड़छाड़ का मामला, प्रशासन सख्त

**खतौली।** गंगनहर कांवड़ पटरी मार्ग पर स्थित मरियम के नाम दर्ज शत्रु संपत्ति को लेकर एक और गंभीर मामला सामने आया है। बीते माह प्रशासन द्वारा जांच के बाद इस भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर सरकारी नियंत्रण में लिया गया था। खतौनी में नाम दर्ज होने के बाद यहां सीओ कार्यालय और पुलिस हॉस्टल निर्माण की स्वीकृति भी दी जा चुकी है।

प्रशासन ने शत्रु संपत्ति का बोर्ड मौके पर लगाया था, जिसे भूमाफियाओं द्वारा चोरी-छिपे उखाड़ने का आरोप है। बोर्ड हटाए जाने की जानकारी बाद में प्रशासन को मिली, जिसके बाद तहसील प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त रूप से मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि सरकारी संपत्ति से छेड़छाड़ करने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी भी सूरत में दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## भारतीय नौ सेना में प्रशिक्षण लेगा विद्या मंदिर का संकेत

**मुजफ्फरनगर।** लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के पूर्व छात्र संकेत का भारतीय नौसेना में प्रशिक्षण के लिए चयन हुआ। होनहार संकेत का चयन भारतीय नौसेना में होने पर विद्यालय परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ अखिलेश शर्मा ने बताया कि विद्यालय के पूर्व छात्र संकेत पुत्र धर्मेंद्र निवासी अकबरगढ़ का चयन भारतीय नौसेना की सीनियर टेक्निकल एंट्री में हुआ है। संकेत ने वर्ष 2022 में विद्यालय से इंटरमीडिएट की परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण की थी। पिछले वर्ष अप्रैल माह में लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें मेधावी संकेत ने सफलता प्राप्त की। नौसेना की ओर से नवंबर माह में घोषित अंतिम परीक्षा परिणाम में संकेत ने सफलता हासिल की है। फाइनल सिलेक्शन के बाद छात्र संकेत 17 फ़रवरी से शुरू होने वाले एक वर्षीय प्रशिक्षण के लिए आईएनएस चिलका, ओड़िशा जाएगा। प्रशिक्षण के उपरांत संकेत को भारतीय नौसेना में देश सेवा करने का अवसर प्राप्त होगा। मेधावी संकेत ने बताया कि उसके पिता धर्मेंद्र बिजली मिस्त्री है। जबकि उसकी माता ग्रहणी है। उसके एक छोटा भाई और एक छोटी बहन है, जो अभी पढ़ रहे हैं। मेधावी छात्र संकेत की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सूरत सिंह वर्मा, प्रबंधक बाल बहादुर, कोषाध्यक्ष अजय कुमार जैन



तथा समस्त विद्यालय परिवार ने होनह. ार संकेत तथा उसके परिवार को शुभकामनायें प्रदान की तथा उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### जमीयत कर रही है एसआईआर की निगरानी

**शाहपुर।** जमीयत उलेमा ज़िला मुज़फ्फरनगर के तत्वावधान में, ज़िला सदर डॉक्टर जमालुद्दीन साहब क़ासमी और जनरल सेक्रेटरी क़ारी ज़ाकर हुसैन क़ासमी के निर्देशानुसार क़स्बा शाहपुर में वोटर ड्राफ्ट लिस्ट एसआईआर का कैंप आयोजित किया गया। यह कैंप जमीयत उलेमा के ज़िला सेक्रेटरी मुफ्ती मुहम्मद आदिल क़ासमी की निगरानी में संपन्न हुआ। अल्हम्दुलिल्लाह, बड़ी संख्या में लोगों ने वोटर लिस्ट में अपने नामों की जाँच की और आवश्यक सुधार कराया। इस अवसर पर विशेष रूप से मुहम्मद आसिफ (मॉडल विलेज), हाफ़िज़ हुसैन (शाहपुर), मुहम्मद नदीम इस्लाम (शाहपुर), मास्टर मुहम्मद सादिक़ क़ुरैशी द्धबसी कलांत्र और मुहम्मद शहज़ाद मलिक शाहपुर उपस्थित रहे।

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र स0 9110/13.10.2009 मे गलती से पुत्र का नाम श्लोक शर्मा अंकित करा दिया गया जबकि वास्तविक नाम श्लोक शर्मा उर्फ़ नमन शर्मा है और भविष्य मे भी इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

**निवेदक**
**अमित शर्मा**
**निवासी - 220 ब्रह्मपुरी**
**मुज़फ्फरनगर।**

**संबंध विच्छेद**

में शिवचरण सिंह पुत्र श्याम सिंह निवासी कुरावा थाना फुगाना व तहसील बुढ़ाना जिला मुजफ्फरनगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र मोनू कुमार गलत संगत में है। जिसे मैंने समझाने का काफी प्रयास किया मगर वो अपनी हरकतों से बिल्कुल भी बाज नहीं आ रहा। वह आये दिन लडाई झगडा करता रहता है। जिससे मैं व मेरा परिवार बहुत दुखी है। अब मैंने अपने पुत्र मोनू कुमार को अपनी कुल चल अचल सम्पत्ति से आज बेदखल कर दिया है। मोनू कुमार अब अपने द्वारा किये गये किसी भी अच्छे बुरे कार्यो का खुद ही जिम्मेदार होगा। मेरी या मेरे परिवार की कोई भी जिम्मेदारी नही होगी।

**प्रार्थी**
**शिवचरण सिंह पुत्र श्याम सिंह निवासी कुरावा थाना फुगाना तहसील बुढाना जिला मु.नगर।**

**सार्वजनिक सूचना**

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पत्नि मेहनाज पुत्री स्व. असगर निवासी ग्राम बेहडी थाना कोतवाली नगर जिला मुजफ्फरनगर बिना किसी कारण के लगभग 6 वर्षो से अपने घर पर रह रही है मैनें व मेरे परिवार वालो ने उसको लाने का काफी प्रयास किया परन्तु नहीं आयी। इसलिए मैंने मजबूर होकर अपनी पत्नि श्रीमति मेहनाज को कानूनी रूप से दिनाक 04.11.2025 को पहला, दिनांक 10.12.2025 को दूसरा व दिनांक 18.01.2026 को तीसरा तलाक देकर अपनी जोजियत से आजाद कर दिया है। अब मेरे और मेरी पत्नि मेहनाज के बीच कोई पति-पत्नि का सम्बन्ध नहीं रहा है।

**मौ. प्रवेज पुत्र इसराईल**
**निवासी- मौहल्ला सुलेमान पटटी ग्राम कुटेसरा थाना चरथावल जिला मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद**

मेरा पुत्र अंकित कुमार पुत्र जयपाल सिंह निवासी 83. आखलौर मु.नगर उत्तर प्रदेश को गलत व्यवहार व मनमानी किये जाने के कारण व माता-पिता के साथ मारपीट व गाली गलौच किये जाने के कारण अपनी चल व अचल सम्पत्ति से व समस्त रिश्ते से बेदखल करता हूं। मेरी पुत्रवधू पारूल देवी बिरादरी से एससी है और वह दोनो मिलकर मुझे व मेरी पत्नी को झूठे मुकदमों (एस सी एस टी एक्ट) में फसांने की धमकी देते है। इसलिए मै व मेरी पत्नी अपने पुत्र अंकित कुमार व उसकी पत्नी पारूल देवी को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से व अपने समस्त रिश्ते से बेदखल करते है। अब भविष्य में किसी वाद विवाद व लेन-देन मे मै व मेरी पत्नी जिम्मेदार नही होगें।

**जयपाल सिंह पुत्र श्री देवी सिंह निवासी 83, आखलौर मु.नगर उत्तर प्रदेश**

समन वास्ते करार वाद उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा । व 5) न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय तहसील खतौली, मु. नगर वाद सं. T202509550606759 सन 2025 **महेशचन्द पुत्र बख्तावर** निवासी ग्राम मलियाना, परगना तहसील व जिला मेरठ। ....**प्रार्थी/वादी** बनाम 1. **विक्रम सिंह** पुत्र तुगल 2. अंकित कुमार 3. दीपक कुमार 4. नीरज कुमार 5. राजेश कुमार पुत्रगण श्री विजयपाल उर्फ विजयपाल सिंह निवासीगण ग्राम बडसू परगना व तहसील खतौली जिला-मुजफ्फरनगर 6 गांव सभा बडसू द्वारा प्रधान ग्राम बडसू परगना व तहसील खतौली जनपद मु.नगर। ...... ....**प्रतिवादीगण** अन्तर्गत धारा-116 उ0प्र0रा0सं0 2006 ग्राम- बडसू परगना खतौली तहसील खतौली जनपद मुजफ्फरनगर हरगाह मिनजानिब वादी ने आपके नाम नालिस बाबत के दायर की में लिहाजा आपको हुक्म होता है आप बतारीख 20.01.2026 बवक्त 10 बजे दिन के असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्स हो जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाबदेही दावा करे और उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसको शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजों को जिस पर अपनी जवाबी देही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मगर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बरवक्त मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज बतारीख 06/01/2026 जारी किया गया।
कार्यालय/न्यायालय
**उप जिलाधिकारी खतौली (मुजफ्फरनगर)**

**कार्यालय मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर**

**सार्वजनिक सूचना**

जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के अन्तर्गत श्रीमती आंचल पत्नी श्री रोहित गोयल, श्री अनिल सिंघल पुत्र श्री ऋषिपाल, निवासी 43/26, कम्बलवाला बाग, तहसील व जनपद-मुजफ्फरनगर, उ0प्र0 के द्वारा ऑनलाईन मानचित्र सं0 MZDA/BP/25-26/0352 के द्वारा अपनी भूमि ग्राम-सूजडू (बाहर हदूद), जनपद-मुजफ्फरनगर, उ0प्र0 के कुल क्षेत्रफल 182.250 वर्गमी0 पर 'व्यावसायिक गोदाम' के प्रयोजन का मानचित्र स्वीकृति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
प्रश्नगत स्थल ग्राम-सूजडू (बाहर हदूद), जिला-मुजफ्फरनगर का भू-उपयोग मुजफ्फरनगर महायोजना-2031 (पुनरीक्षित) के अनुसार 45 मीटर चौडे महायोजना मार्ग का विस्तार/मार्गाधिकार छोड़ने के उपरान्त 'उद्योग' भू-उपयोग में दर्शित है।
अवगत कराना है कि उ0प्र0 विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियाँ तथा आदर्श जोनिंग रेगूलेशन्स-2025 के अध्याय-15 (आदर्श जोनिंग रेगूलेशन) के प्रस्तर 15.3.2 (मैट्रिक्स) के 2.10 के अनुसार, 'उद्योग' भू-उपयोग के अन्तर्गत 'गोदाम' की क्रिया सामान्यतः अनुमन्य उपयोग के अन्तर्गत अनुमन्य है। जोनिंग रेगूलेशन/महायोजना के अनुसार प्रमुख भू-उपयोग जोन के अन्तर्गत पूर्व विकसित योजनाओं/क्षेत्रों में मूल उपयोग से इतर क्रिया/उपयोग (भले ही जोनिंग रेगूलेशन के अनुसार ऐसी क्रिया/उपयोग सामान्यतः अनुमन्य/सशर्त अनुमन्य हो) अनुमन्य किये जाने हेतु 15 दिवस की समयावधि प्रदान करते हुए जनता से आपत्ति/सुझाव, उचित माध्यमों से आमन्त्रित किये जायेगें एवं इन आपत्तियों/सुझावों के निस्तारण के उपरान्त ही स्वीकृति/अस्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी। अनुज्ञा से सम्बन्धित आवेदन-पत्र का निस्तारण प्राप्ति की दिनांक से अधिकतम 60 दिन में सुनिश्चित किया जायेगा।
उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था/अन्य द्वारा अपनी आपत्ति/सुझाव प्रकाशन तिथि से 15 दिवस की अवधि के अन्तर्गत प्राधिकरण कार्यालय में ई-मेल (mdamzn@yahoo.co.in) अथवा उचित माध्यम से उपलब्ध कराये जा सकते हैं। उक्त निर्धारित अवधि व्यतीत होने के उपरान्त प्राप्त किसी भी आपत्ति/सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव, विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर

# पूर्व कार्यकाल को याद कर मिल रहा समर्थन, राकेश वशिष्ट की दावेदारी मजबूत

**चरथावल।** आगामी स्थानीय चुनाव की तैयारियों के बीच चरथावल क्षेत्र में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य राकेश वशिष्ट को उनके पिछले कार्यकाल के आधार पर क्षेत्रीय जनता का समर्थन मिल रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, वशिष्ट के पूर्व कार्यकाल में हुए विकास कार्यों और जनता से जुड़ाव ने उनके पक्ष में माहौल बनाया है।

जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर ग्यारह के अंतर्गत आने वाले न्यामु, सिकंदरपुर, अकबरगढ़ सहित कई गांवों में राकेश वशिष्ट को समर्थन प्राप्त हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि उनके कार्यकाल के दौरान सड़कों, सार्वजनिक सुविधाओं और स्थानीय समस्याओं पर गंभीरता से कार्य किया गया था।

ग्रामीणों ने बताया कि अबकी बार वे अनुभव और कार्य के आधार पर मतदान करने के पक्ष में हैं। एक ग्रामीण ने कहा कि वशिष्ट ने हपिछले कार्यकाल में न केवल विकास कार्य कराए, बल्कि क्षेत्रीय जनता से निरंतर संपर्क बनाए रखा।किसान और युवाओं सहित विभिन्न वर्गों का समर्थन भी वशिष्ट



के पक्ष में दिखाई दे रहा है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि पिछली अवधि में विकास कार्यों की गति तेज रही थी और जनता की समस्याओं के समाधान में तत्परता दिखाई गई थी।चुनावी समीकरणों पर जानकारों का कहना है कि पूर्व कार्यकाल का प्रदर्शन किसी भी उम्मीदवार के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसी कारण वशिष्ट की दावेदारी इस बार मजबूत मानी जा रही है।

क्षेत्र मे शिक्षण संस्थाओ की स्थापना कर छात्र छात्राओं की समस्या को किया था दूर राकेश वशिष्ट नेता के तोर पर जहाँ क्षेत्र मे प्रिय है वही चरथावल मे जहाँ इंटर के बाद डिग्री के छात्र छात्राओं को शिक्षा प्राप्त करने के लिए जिला मुख्यालय जाना पड़ता था जिससे खासतौर से छात्राओं को भारी परेशानी उठानी पड़ती थी चंद्रशेखर आजाद डिग्री कालिज की स्थापना कर क्षेत्रवासियो की शिक्षा की समस्या को दूर दिया क्षेत्रवासियो के बच्चे आराम से इंटर के बाद बीए,घ्म ए की शिक्षा ग्रहण कर सकते है वही इसके अलावा भी अनेको शिक्षण संस्थाओ की स्थापना की जिसके बाद क्षेत्रवासी भरपूर सराहना करते हुए अबकी बार बड़ी जीत राकेश वशिष्ट की करने का मन बना चुके है और अबकी बार हर वर्ग का समर्थन होने के चलते ऐतिहासिक जीत के आसार राकेश के लगने लगे है ।

### हिन्दू मुस्लिम भाईचारे की भी मिलता है बढ़ावा

राकेश वशिष्ट को जहाँ मुस्लिम व हिन्दू भाइयो का भरपूर प्यार मिलता है वही राकेश वशिष्ट दोनों के ही प्यारे है और वह हिन्दू मुस्लिम भाईचारे को भरपूर बढ़ावा देते है जिस कारण उन्हें सभी बिराद. री भरपूर प्यार करती है

# कपसाड़ मामला: हवस की भूख में हुआ कत्ल -पूरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** मेरठ के कपसाड़ गांव में दलित महिला की हत्या और उसकी बेटी के अपहरण के मामले ने सियासी हलकों में हलचल मचा दी है। इस सनसनीखेज प्रकरण को लेकर किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरन सिंह ने एक बार फिर तीखा और विवादित बयान दिया है। मुजफ्फरनगर में मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने साफ कहा कि हप्रेम करने वाला किसी की हत्या नहीं करता, यह हत्या हवस में की गई है।ह

ठाकुर पूरन सिंह ने कहा कि इस पूरे मामले में पहले विधायक और सांसद यह तय कर लें कि वे मरने वाले के साथ खड़े हैं या मारने वालों के साथ। उन्होंने दो टूक कहा कि हत्या किसने की, यह तय करना उनका विषय नहीं है, यह शासन, प्रशासन और पुलिस का काम है। लेकिन परिस्थितियों और बयानों के आधार पर वह यह कहने में कोई संकोच नहीं करते कि यह प्रेम नहीं बल्कि हवस का मामला है।

उन्होंने लड़की के बयान का हवाला देते हुए कहा कि यदि किसी की मां घायल अवस्था में हो, फरसे से वार किया गया हो और तमंचा आरोपी के हाथ में बताया गया हो, तो ऐसी स्थिति में लड़की यह भी कह सकती थी कि हतूने मेरी मां की हत्या कर दी, मैं तेरे साथ नहीं जाऊंगी, चाहे मुझे भी गोली मार दे।ह इसके बावजूद दोनों का साथ चले जाना और तीन दिन बाद मिलना कई सवाल खड़े करता है।किसान नेता ने विधायक अतुल प्रधान के बयान पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यदि उनके अपने परिवार में भी कोई इस तरह का ख्रत्य करेगा, तो वे उसे भी हवसी और हवस का शिकारी ही कहेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्हें न तो वोट चाहिए और न ही किसी तरह की राजनीति, उन्हें सच बोलने की आदत है और समाज को आईना दिखाना जरूरी है।ठाकुर पूरन सिंह ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को पीड़ित के घर जाना चाहिए, न कि वोटर के घर। पीड़ित की मदद करने के कई रास्ते होते हैंख्रप्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर, मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री से मिलकर भी न्याय दिलाने की कोशिश की जा सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि पीड़ित के नाम पर राजनीति की जा रही है।उन्होंने आगे कहा कि लोकतंत्र में सांसद और विधायक केवल पांच साल के लिए चुने जाते हैं, यह कोई स्थायी पद नहीं है। जनता की सेवा करना उनका कर्तव्य है, न कि सियासी बयानबाजी। साथ ही उन्होंने 'दलित' और 'दलहीत' की राजनीति में फर्क बताते हुए कहा कि दलितों को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा जरूरी है, न कि केवल राजनीतिक स्वार्थ।अपने बयान के अंत में उन्होंने सामाजिक और सांस्ख्रतिक पतन पर चिंता जताते हुए कहा कि गुरुकुल व्यवस्था के खत्म होने से संस्कार कमजोर हुए हैं, रिश्ते टूट रहे हैं और समाज गलत दिशा में जा रहा है। महिलाओं को उन्होंने देश की ताकत, स्वाभिमान और संस्कार बताते हुए कहा कि समाज का भविष्य महिलाओं के संस्कारों से ही सुरक्षित रह सकता है।कुल मिलाकर, कपसाड़ कांड को लेकर ठाकुर पूरन सिंह के इस बयान ने एक बार फिर राजनीतिक और सामाजिक बहस को तेज कर दिया है, वहीं प्रशासन और पुलिस की जांच पर भी लोगों की नजरें टिकी हुई हैं।

# चरथावल डाकघर की मनमानी से किसान परेशान

**चरथावल।** स्थित डाकघर की कथित मनमानी और उदासीनता के चलते दर्जनों किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से वंचित हो रहे हैं। किसानों का आरोप है कि डाकघर में केवाईसी की सुविधा उपलब्ध होने के बावजूद उन्हें जानबूझकर टाला जा रहा है, जिससे योजना की राशि उनके खातों में नहीं पहुंच पा रही है।

किसानों ने बताया कि केवाईसी अनिवार्य होने के बाद वे कई बार डाकघर पहुंचे, लेकिन डाकघर इंचार्ज द्वारा या तो उन्हें लौटा दिया गया या बेवजह इंतज़ार कराया गया। किसानों का कहना है कि इसी मनमानी के चलते उनकी सम्मान निधि की किस्तें लटक गई हैं।

मोहल्ला मुर्दा पटी, कस्बा चरथावल निवासी किसान यामीन सहित अन्य किसानों ने आरोप लगाया कि वे कई बार डाकघर का चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन उनकी केवाईसी प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ाई जा रही। किसानों ने दावा किया कि 'हकेवाईसी के नाम पर किसानों का शोषण किया जा रहा है। किसान यामीन ने यह मामला जिलाधिकारी सहित वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष भी उठाया और न्याय की मांग करते हुए कहा कि डाकघर की लापरवाही का खामियाज़ा निर्दोष किसानों को भुगतना पड़ रहा है। अन्य किसानों ने भी डाकघर इंचार्ज के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मनमानी रोकने और प्रक्रिया को सुचारू करने के लिए प्रशासन को हस्तक्षेप करना चाहिए।वही डाकघर इंचार्ज कहते है की मे अपनी मजह्व से चलाता हु अपना डाकघर मेरे पर नहीं होते कोई नियम कानून लागु किसानों सहित क्षेत्रवासियो मे भारी रोष किसानों का जमकर किया जाता है शोषण क्या किसानों को मिलेगा इंसाफ या फिर यूँही खाने पडेगे धक्के यह सवाल क्षेत्र मे चर्चा का विषय बना हुआ है

# खैर नगर में एक साथ जली पिता व मासूम बेटे की चिंताएं

## सड़क दुर्घटना का शिकार हुए थे पिता-पुत्र, गांव में छाया शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** क्षेत्र के गांव खैर नगर बिरुवाला में सड़क दुर्घटना में हादसे का शिकार बने पिता वह ढाई वर्षीय मासूम पुत्र की चिताएं एक साथ जली तो गांव में शोक की लहर दौड़ गई। क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने घटना पर गहरा दुख प्रकट किया है। तथा मृतक के परिजनों को सांत्वना दी है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव मजलिसपुर तौफीर गांव के मजरे खैर नगर निवासी 30 वर्षीय कुलदीप चौहान रविवार को अपनी पत्नी रीना तथा ढाई वार्षिक पुत्र प्रियांशु को लेकर बाईक द्वारा उत्तराखंड क्षेत्र के कस्बा लक्सर गया था। वापस लौटते समय लक्सर -पुरकाजी मार्ग स्थित शेखपुरी गांव



के पास शनि मंदिर के सामने एक दस टायर ट्रक ने बाइक सवारो को चपेट मे लेकर कुचल दिया जिसमें ढाई मासूम प्रियांशु की मौके पर ही मौत हो गयी थी। जबकि कुलदीप व



रीना दम्पत्ति को गंभीर हालत में हरिद्वार से देहरादून इंद्रेश हॉस्पिटल में रेफर किया गया जहां रविवार की देर रात कुलदीप चौहान ने भी उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। रीना की हालत भी गंभीर बताई गई है। सोमवार को पोस्टमार्टम के उपरांत कुलदीप चौहान व उसके ढाई वर्षीय मासूम पुत्र प्रियांशु का अंतिम संस्कार किया गया। मृतक कुलदीप निकटवर्ती गांव खानपुर मे मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान करता था।

मृतक अपने पीछे 7 वर्षीय पुत्र शानू 5 वर्षीय पुत्री सवि को छोड़ गया है। पिता चमन सिंह चौहान, माता जगरोशनी,भाई संदीप व विपिन का रो-रो कर बुरा हाल है। जिला पंचायत अध्यक्ष दो वीरपाल निर्वाल भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी ग्राम प्रधान योगेश प्रधान सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने घटना पर गहरा दुख प्रकट करते हुए मृतक परिवार को सांत्वना ब दी है।

# खिलाड़ी अनुजा भट्ट का रायपुर अटेरना में हुआ भव्य स्वागत

**बुढ़ाना।** गांव रायपुर अटेरना में सीनियर नेशनल नेटबॉल चौंपियनशिप में हैदराबाद से गोल्ड मैडल जीतकर आई अनुजा भट का गांव आने पर फूलों मालाओं से भव्य स्वागत हुआ।

डीजे व ढोल नगाड़ों की थाप पर कारों, बाइकों व ट्रेक्टर ट्रालियों के लंबे काफिले के साथ अनुजा का स्वागत हुआ। अनुजा का स्वागत वरिष्ठ भाजपा नेता यशपाल बालियान, शास्त्री जोगिंद्र शर्मा, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अनिल दत्त शर्मा, प्रगतिशील किसान तैमूर अली राणा ने संयुक्त रुप से मूर्ति देकर किया। भाजपा नेता यशपाल बालियान ने अनुजा को अपनी और से भी धनराशि देकर अनुजा का हौसला बढ़ाया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। यहां जिला पंचायत सदस्य पद का चुनाव लड़



रहे संजीव पाल, बबलू प्रधान, प्रमोद भट, दिनेश खोखर, भाजपा नेता प्रमोद गर्ग समेत सैंकड़ों लोग रहे। यहां फुगाना पुलिस व्यवस्था बनाने में रही। पंडित जोगिंदर शास्त्री ने बताया कि प्रमोद की पुत्री अनुजा ने अपनी मेहनत के बल पर एक बहुत ही बडी ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त कर टीम को स्वर्ण पदक दिलाकर गांवघ का नाम रोशन किया। अनुजा ने प्रारम्भिक शिक्षा एसडी पब्लिक जूनियर हाईस्कूल बुढाना में की। यहां प्रमोद शर्मा, संदीप प्रधान, मुकेश प्रधान, तेजपाल प्रधान, सुनील प्रधान, पंडित मोहन शर्मा, संजीव पाल, जिला पंचायत सदस्य पंकज, मनोज शर्मा, अनिल, राजीव चौयरमेन, अशोक, सपा के महासचिव राकेश शर्मा, कालूराम व राजकुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# स्कूल खुलते ही छात्रों की आवाजाही से दिखी चहल-पहल

**मीरापुर।** शीतकालीन अवकाश के उपरांत सोमवार से विद्यालयों के खुलते ही कस्बे के स्कूलों में एक बार फिर रौनक लौट आई। छात्रों के आवागमन से विद्यालय परिसरों में चहल-पहल दिखाई दी, हालांकि ठंड के प्रभाव के कारण विद्यार्थियों की उपस्थिति लगभग 50 प्रतिशत ही रही।जानकारी के अनुसार नर्सरी से कक्षा 8 तक के सभी विद्यालयों में 25 दिसंबर से 18 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश घोषित किया गया था। 19 जनवरी से ठंड का प्रकोप कुछ कम होने पर प्रशासन द्वारा विद्यालयों को पुन: खोलने की अनुमति दी गई। वर्तमान में ठंड को ध्यान में रखते हुए विद्यालयों का समय प्रात: 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। सोमवार को अवकाश के बाद पहले दिन विद्यालय खुलने पर बच्चों की संख्या अपेक्षाख्रत कम रही। कई अभिभावकों ने ठंड को देखते हुए छोटे बच्चों को स्कूल भेजने में अभी भी सावधानी बरती, जिससे उपस्थिति पर असर पड़ा। इसके बावजूद विद्यालय खुलने से शिक्षकों व छात्रों में उत्साह देखने को मिला और लंबे अवकाश के बाद शैक्षणिक गतिविधियां पुन: प्रारंभ हो गईं। विद्यालयों में छात्रों की मौजूदगी से कक्षाओं में रौनक लौट आई और पढ़ाई का माहौल बनता नजर आया।

# समीक्षा कैंप में तहसील अधिकारियों ने दी जानकारी

**मोरना।** मतदाता सघन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत भोकरहेड़ी में तहसील अधिकारियों द्वारा समीक्षा कैंप का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के बूथ लेवल ऑफिसर,सुप. रवाइजर व कस्बे की गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

भोकरहेड़ी नगर पंचायत कार्यालय में सोमवार को समीक्षा कैंप का आयोजन तहसीलदार जानसठ श्रद्धा गुप्ता के नेतृत्व में किया गया जिसमें नायब तहसीलदार बृजेश कुमार ने बताया कि जारी कार्यो की समीक्षा की गई है। 6 जनवरी से 27 जनवरी के बीच नो मैपिंग का कार्य किया जायेगा। जो व्यक्ति अपने वोट के संबंध में कोई भी ऐसा दस्तावेज उपलब्ध न करा सके हो जिसका मैचिंग परिवारजनो दादा-दादी नानी से होता हो उनको नोटिस देने के कार्य की रूपरेखा बनाई गयी। नोटिस के बाद व्यक्ति को शासन द्वारा जारी वैकल्पिक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।संशोधन के लिए फार्म संख्या 8 को भरना होगा।

वहीं कस्बे के पूर्व चौयरमैन राजेश कुमार सहरावत ने बताया कि कस्बे में हजारों मतदाताओं की वोट अपने वार्ड से दूसरे वार्ड मे इधर-उधर हो गई है।जो एक बड़ी समस्या है अधिकारी इस ओर ध्यान दें।

तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता ने कहा की कार्य अभी जारी है सभी समस्याओं को शासन के निर्देशानुसार दूर कर दिया जायेगा। इस दौरान लेखपाल मनोज कुमार ग्राम सचिव रेनू, सुपरवाइजर अमित कुमार, संदीप



राठी,शेर सिंह,बाबर खान, मोनिस जमाल सहित बी एल ओ उपासना चौधरी,मनोज कुमार, प्रवेश देवी, दीपक कुमार,रेनू धीमान, शिल्पा पंवार, कविता रानी, विपिन कुमार, सुभाष कुमार, विनय सिंघल, कुलद. ीप, सावित्री, संजय, अमित, अंकुर, मंजू,मिंटू, खुशबू व चेयरमैन प्रति. निधि सचिन वामन कार्यालय लिपिक संजीव सिंह समाजसेवी ललित सहरावत, नवीन सहरावत आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### स्विफ्ट कार चालक ने खड़ी बोलेरो को टक्कर मारकर किया क्षतिग्रस्त

**बुढ़ाना।** एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार के चालक ने खड़ी बोलोरो में जोरदार टक्कर मारकर कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना को अंजाम देकर कार चालक कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। इस दौरान भारी भीड़ जमा हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला वाल्मीकि बस्ती में एक स्विफ्ट कार का चालक तेज रफ्तार से कार को चलाते हुए आ रहा था। जब वह वाल्मीकि चौक के कट पर आया तो कार अचानक से अनियंत्रित हो गयी। जो सड़क पर एक साइड में खड़ी हुई बोलेरो पिकअप से जा टकराई। बोलेरो पिकअप में गांव सेनपुर परा. सोली के निवासी अशोक कुमार अपने परिवार सहित बैठा हुआ था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी में बैठे बच्चों ने चीखना शुरू कर दिया। आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि स्विफ्ट चालक नशे की हालत में था। बोलेरो पिकअप के मालिक अशोक ने बताया कि वह गांव से बुढ़ाना सामान लेने आए थे और उन्होंने अपनी गाड़ी पैंठ बाजार में खड़ी कर रखी थी। वह दुकान से एक ड्रम ले रहे थे। तब स्विफ्ट कार चालक ने उनकी गाडी में सीधी टक्कर मार दी। जिससे उनकी गाड़ी को हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। उनके बच्चों को कोई चोट नहीं आई। सूचना मिलने पर बुढ़ाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने सड़क पर खड़ी क्षतिग्रस्त स्विफ्ट कार को एक तरफ हटवाया और यातायात को सामान्य करते हुए जाम खुलवाया। इस मामले में पुलिस ने फरार चालक की तलाश शुरू कर दी थी।

### दबंगई' पर भारी पड़ी कानून की सख्ती, सायरन बजाकर रौब दिखाना पड़ा भारी

**खतौली।** सोमवार की देर रात बुढ़ाना तिराहे पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब वाहन चेकिंग के दौरान खुद को कानून से ऊपर समझने की को. शिश एक चालक को भारी पड़ गई। कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद्र बघेल अपनी टीम के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और संदिग्ध वाहनों की जांच के उद्देश्य से नियमित वाहन चेकिंग अभियान चला रहे थे।

इसी दौरान एक सफेद रंग की एस्कर्क्र्पियो कार, जिस पर बड़े अक्षरों में हजिला पंचायत सदस्यह्न लिखा हुआ था, पुलिस चेकिंग प्वाइंट के पास पहुंची। पुलिस को देखते ही चालक ने अचानक सायरन बजा दिया, मानो किसी विशेष अधिकार या वीआईपी होने का संदेश देना चाहता हो। चालक के इस व्यवहार से मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों को कुछ शक हुआ। कोतवाल ने तत्परता दिखाते हुए वाहन को रुकवाया और चालक से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान चालक ने वाहन से संबंधित कागजात प्रस्तुत करने के बजाय स्वयं को एक जिला पंचायत सदस्य का चालक बताते हुए दबंगई दिखानी शुरू कर दी। आरा. प है कि इसी दौरान उसने कोतवाली प्रभारी से अभद्र भाषा का प्रयोग किया और सरकारी डड्ढूटी में बाधा डालने का प्रयास किया।स्थिति बिगड़ती देख कोतवाली प्रभारी ने सख्त रुख अपनाते हुए चालक को तत्काल हिरासत में लेने के निर्देश दिए। पुलिस टीम ने एस्कर्क्र्पियो को कब्जे में लेकर चालक सहित कोतवाली पहुंचाया, जहां नियमानुसार वाहन को सीज कर दिया गया। पूछताछ में चालक ने बताया कि यह वाहन सरधना क्षेत्र के एक पूर्व जिला पंचायत सदस्य का है। हालांकि पुलिस ने स्पष्ट किया कि चाहे वर्तमान पदाधिकारी हो या पूर्व जनप्रतिनिधि, कानून के उल्लंघन पर किसी को भी छूट नहीं दी जाएगी। कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद्र बघेल ने कहा कि सरकारी सायरन का दुरुपयोग, नियमों के विरु) वाहन चलाना और पुलिसकर्मियों से अभद्रता करना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि आम जनता में कानून के प्रति ब्विास बनाए रखना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। घटना के बाद बुढ़ाना तिराहे पर कुछ समय के लिए भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों में इस कार्रवाई को लेकर पुलिस की सख्ती की सराहना की गई। लोगों का कहना था कि इस तरह की कार्रवाई से दबंगई और फजह्ल वीआईपी संस्ख्रति पर लगाम लगेगी। पुलिस ने इस मामले में आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है और वाहन के कागजातों की भी गहन जांच की जा रही है।

### शिव मंदिर के स्थापना दिवस पर हुआ शांति यज्ञ

**शाहपुर।** कस्बे की मंगलापुरी मंडी स्थित शिव मंदिर के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर आज प्रात: शांति यज्ञ का आयोजन किया गया। इसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। शाम के समय मंदिर प्रांगण में भव्य महाआरती की गई। विशाल भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे की व्यवस्थाओं में मंदिर समिति के संरक्षक एवं पूर्व चेयरमैन राजेश सिंघल के साथ सौरभ सिंघल, सोनू नामदेव, अतुल सिंघल, सुधीर गोयल, प्रमोद कुमार, वैष्णवी, राहुल गोयल, रविंद्र सिंघल, मनीष सिंघल, अमित गोयल आदि मुख्य रूप से लगे रहे। इस अवसर पर सभासद मनोज सैनी, सोनू सैनी, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अनुज अग्रवाल, शाह टाइम्स पत्रकार भाग्य शर्मा, समाजसेवी अंकित मित्तल, पूर्व सभासद चंद्रवीर सिंह चौधरी, प्रबंधक द स्काईलैंड स्कूल राहुल गोयल, पुनीत सिंघल, मोहित गोस्वामी, हनु मित्तल, डॉ. मोहित शर्मा, विशाल सैनी सहित मंदिर कमेटी से जुड़े समस्त भक्तजन उपस्थित रहे।

# रसूलपुर दभेडी में एआईएमआईएम की हुई बैठक

**बुढ़ाना।** सोमवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव रसूलपुर दभेडी में शाकिब राणा के आवास पर आल इंडिया मजलिस ए इत्ते. हादुल मुस्लिमीन पार्टी की एक आवश्यक बैठक का सफल आयोजन किया गया।

जिसमें सभी ने आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी को मजबूत करने पर बल दिया और कहा गया कि सभी पदा. धिकारी और कार्यकर्ता आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के सांसद बेरिस्टर असद्दुदीन ओवैसी के बताए हुए दिशा निर्देशों का पालन कर पार्टी एजेंडे पर ही काम करें। आजम फारुकी ने कहा कि पार्टी जिला पंचायत का भी चुनाव लड़ेगी। इसलिए सभी कार्यकर्ता सभी भेदभाव भुलाकर सभी उम्मीदवारों को भारी मतों से जिताने का काम करें।

इस दौरान यहां पर सभी की सहमति से गांव रसूलपुर दभेडी निवासी शाकिब राणा को इनकी लगन और मेहनत को देखते हुए बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र का नया महासचिव बनाया गया। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के जिला महासचिव आज़म फारूकी, बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष अब्दुल रहीम, छोटे



नेता, परवेज़ सिद्दीकी, सैफुल्लाह राणा ओर ग्राम रसूलपुर दभेडी के ग्राम अध्यक्ष तनवीर राणा सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सराय चौकी इंचार्ज को दी भावभीनी बिदाई

**बुढ़ाना।** सराय पुलिस चौकी के इंचार्ज पिन्टू चौधरी का यहां से तबादला होने पर उनको दर्जनों ग्रामीणों ने भावभीनी बिदाई दी गयी। अभी उनके स्थान पर किसी की भी नियुक्ति नहीं हुई है। मिली जानकारी के अनुसार जनपद मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने सोमवार को दिन निकलने से पहले ही अर्धरात्रि में कई उप निरिक्षकों के तबादले किए थे। इनमें से फुगाना सर्किल की पुलिस चौकी सराय के इंचार्ज पिन्टू चौधरी का भी तबादला किया गया था। सोमवार के दिन गांव रायपुर अटेरना, लोई, सराय, हबीबपुर सीकरी और गढमलपुर सागड़ी सहित अन्य गांवों के लोगों ने सराय पुलिस चौकी के इंचार्ज पिन्टू चौधरी को फूल मालाएं पहनाकर भावभीनी बिदाई दी और उनके पूरे कार्यकाल की जमकर सराहना की। पिन्टू चौधरी का तबा. दला यहां से भोपा थाना की पुलिस चौकी मोरना पर इंचार्ज के रूप में ही किया गया है। उन्होंने सभी ग्रामीणों के प्यार को देखकर भावुकता जाहिर की। यहां पर उप निरीक्षक पिन्टू चौधरी को बिदाई देने वालों में मुख्य रूप से मानव सेवा सोसाइटी रायपुर अटेरना के अध्यक्ष पंडित जोगेंद्र शास्त्री, तिलक राम, सुनील प्रधान, मनोज प्रधान, नितिन प्रधान, प्रवीण प्रधान, आबाद, प्रमोद प्रधान, अरुण सैनी, अमजद अली, अंकित सैनी, मदन सैनी, आलम प्रधान आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# क्राइम इंस्पेक्टर ने छात्राओं को साइबर क्राइम के प्रति किया जागरुक

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना के क्राइम इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह ने सोमवार को स्वामी कल्याण देव डिग्री कालेज में सैंकड़ों छात्राओं को साइबर क्राइम के बारे में जागरुक किया। उन्होंने साइबर क्राइम से बचाव के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से छात्राओं को सोशल मीडिया के माध्यम से टास्क कर पैसे कमाने और क्रिप्टो करेंसी में निवेश जैसे प्रलोभनों से बचने की भी सलाह दी।

उन्होंने ओटीपी, बैंक और व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने तथा फर्जी कॉल और फालतू मैसेज से सतर्क रहने को कहा। साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में 1930 हेल्पलाइन पर तुरंत शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को साइबर अपराधों, यातायात नियमों, नए कानूनों व विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया फॅड, फर्जी कॉल व



लिंक के माध्यम से होने वाली धोखाधड़ी के बारे में भी विस्तार से बताया और साथ ही ऐसे क्राइम से बचाव के तरीके भी समझाए। सब इंस्पेक्टर सुमित कुमार ने यातायात नियमों पर जानकारी देते हुए हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और नाबा. लिगों द्वारा वाहन न चलाने पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त, नए कानूनों और नियमों के उल्लंघन पर दंड के प्रावधानों से भी अवगत कराया गया। वहीं कालेज प्रशासन ने बुढ़ाना पुलिस के इस जागरूकता अभियान की जमकर सराहना की। उन्होंने भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता पर पूरा पूरा बल दिया।

# युवाओं के लिए सफलता की नींव है लाइब्रेरी : अमित राठी



**मोरना।** गांव मोरना में आशवी लाइब्रेरी में आकर कठिन परिश्रम करने वाले तीन युवाओं गांव मोरना निवासी मोहित कुमार तथा गांव बहुपुरा निवासी अवनीश कुमार का चयन केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में हुआ है, जबकि गांव दरियाबाद निवासी अर्जुन गुर्जर ने सीमा सुरक्षा बल में स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में सफलता पाने के लिए केवल इच्छा ही नहीं, बल्कि अनुशासित अध्ययन,उचित माहौल और निरंतर अभ्यास भी आवश्यक है। ऐसे में लाइब्रेरी युवाओं के लिए सफलता की मजबूत नींव साबित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि शांत वातावरण, नियमित पढ़ाई और लक्ष्य पर केंद्रित तैयारी के कारण लाइब्रेरी में अध्ययन करने वाले युवा लगातार विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल कर रहे हैं। कार्यक्रम में शुकतीर्थ मां पूर्णागिरी मंदिर के महामंडलेश्वर गोपाल दास महाराज ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद लक्ष्य के प्रति समर्पण और अनुशासन के बल पर इन युवाओं ने यह उपलब्धि हासिल की है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय लोकदल के नेता मनोज राठी उर्फ बिन्नू ने कहा कि यह सफलता केवल तीन युवाओं की नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा है। डायरेक्टर हिमांशु उर्फ मोनू राठी ने सभी को लक्ष्य बनाकर मेहनत करने का आह्वान किया।

# मेप्लस एकेडमी में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरुकता कार्यशाला आयोजित

**बुढ़ाना।** सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत परिवहन विभाग मुजफ्फरनगर के तत्वावधान में सोमवार को मेपल्स एकेडमी बुढ़ाना में सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यशाला व नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें सुशील कुमार मिश्रा एआरटीओ प्रवर्तन, सोमेश अग्रवाल क्षेत्रीय निरीक्षक तकनीकी, डॉक्टर दिव्या वर्मा एसीएमओ, डॉक्टर प्रणव तेवतिया सीएचसी प्रभारी, डॉक्टर उमंग श्रीवास्तव नेत्र परीक्षण अधिकारी मौजूद थे।

यहां छात्रों को यातायात नियमों के पालन, सड़क पर अनुशासन, हेलमेट सीट बेल्ट के महत्व, सुरक्षित ड्राइविंग व नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरुक किया गया। प्रतिभागियों ने सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा का संकल्प लिया। यहां राष्ट्रीय अंधत्व व दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत असंगठित वाहन चालकों के लिए फ्री नेत्र जांच शिविर भी लगा साथ ही छात्रों के लिए सड़क सुरक्षा संबंधी प्रश्ना. ेत्तरी प्रतियोगिता रखी गई। जिसमें प्रियम मलिक, देवांश चौहान, राज मलिक, शगुन सिरोहा, पवित्र जैन, श्रेष्ठ मलिक, प्रक्षाल जैन ने प्रश्नों के उत्तर दिये जिसके लिए छात्रों को इनाम दिया गया। एकेडमी प्रबंधक अन्नया गर्ग, प्राचार्या डॉक्टर गरिमा वर्मा व उपप्राचार्य क्षितिज श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत किया तथा छात्रों को इन नियमों का कड़ाई से पालन करने का संदेश दिया। कक्षा 9वीं से 12वीं के छात्रों ने इस कार्यशाला में भाग लिया। अंत में एकेडमी प्रशासन द्वारा सब अतिथियों व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया।




## 26 जनवरी को बंद रहेंगी शराब की दुकाने

**मुजफ्फरनगर।** राकेश बहादुर सिंह जिला आबकारी अधिकारी, ने बताया कि उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम 1910 की धारा 40 के अधीन उत्तर प्रदेश आबकारी दुकानों की संख्या और स्थिति नियमावली, 1968 के नियम-13 (ख) एवं आबकारी नीति वर्ष 2025-26 में दिये गये प्राविधानों के अन्तर्गत निर्गत अनुज्ञापनों की निबन्धन एवं शर्तों में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पर आबकारी अनुज्ञापनों को पूर्ण दिवस बन्द रखे जाने का प्राविधान है। अत: जनपद की समस्त देशी शराब, विदेशी मदिरा, बियर के थोक एवं फुटकर अनुज्ञापन, मॉडल शॉप, भांग की दुकानों, एफ0एल0-6/7 बार अनुज्ञापन तथा डिनेचर्ड स्प्रिट के थोक एवं फुटकर अनुज्ञापन एफ0 एल0-16/17, मिथाईल अल्कोहल के एमए-2 व एमए-4 थोक एवं फुटकर अनुज्ञापन दिनांक 26-01 को पूर्ण दिवस बन्द रखी जायेंगी। इस बन्दी के लिए अनुज्ञापियों को किसी प्रकार के प्रतिफल/अभिकर में छूट आदि देय नहीं होगी।

## मीरापुर में दूषित पेयजल को लेकर जताई चिंता

**मीरापुर।** मोहल्ला मुश्तर्क में चौड़ी सड़क स्थित एसडी पब्लिक स्कूल के पास लगे नल का पानी दूषित होने से स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। इस समस्या को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता दानिश कुरैशी ने संबंधित विभाग को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया कि स्कूल के पास स्थित नल से आने वाला पानी पीने योग्य नहीं है। नल का पानी दूषित होने के कारण कक्षा एक से कक्षा 5 तक के छोटे बच्चे बीमार हो रहे हैं, जिससे उनकी सेहत और जान को खतरा बना हुआ है। बच्चों के अभिभावकों में भी इसको लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। दानिश कुरैशी ने मांग की कि उक्त नल को तुरंत वहां से हटाकर किसी ऐसे स्थान पर लगाया जाए, जहां से स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य से कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए और प्रशासन को इस ओर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। स्थानीय लोगों ने भी जल्द कार्रवाई की मांग की है।

## रामराज पुलिस ने चलाया चैकिंग अभियान

**रामराज।** थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा मेरठ मुजफ्फरनगर बॉर्डर पर दोपहिया वाहनों की सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना कागजात व नियमों का उल्लंघन करने वाले आधा दर्जन से अधिक दोपहिया वाहनों के चालान किए गए।रामराज थाना प्रभारी रविंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बॉर्डर क्षेत्र पर विशेष सतर्कता बरतते हुए आने-जाने वाले वाहनों की गहन जांच की। पुलिस द्वारा वाहन चालकों से हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, पंजीकरण प्रमाण पत्र और बीमा सहित आवश्यक कागजातों की जांच की गई। नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सिंह यादव ने बताया कि इस प्रकार के चेकिंग अभियानों का उद्देश्य क्षेत्र में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण रखना तथा लोगों में कानून के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# शामली कलेक्ट्रेट शीघ्र होगा शिफ्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद शामली का कलक्ट्रेट शीघ्र ही नवनिर्मित भवन में शिफ्ट होने जा रहा है। इसके लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं और पुराने कलक्ट्रेट से फाइलें, फर्नीचर व अन्य जरूरी सामान नई बिल्डिंग में भेजा जाने लगा है। इसी सप्ताह कलक्ट्रेट के पूर्ण रूप से नई बिल्डिंग में शिफ्ट होने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि नवनिर्मित कलक्ट्रेट भवन में बिजली फिटिंग का कुछ कार्य अभी शेष है, जिसे तेजी से पूरा कराया जा रहा है। भवन को हर .ष्टि से तैयार करने के लिए संबंधित विभागों द्वारा युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है, ताकि प्रशासनिक कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए। पिछले करीब 14 वर्षों से जनपद शामली का कलक्ट्रेट शामली तहसील की पुरानी बिल्डिंग में संचालित हो रहा था। जनपद बनने के बाद से ही स्थाई कलक्ट्रेट भवन की आवश्यकता



महसूस की जा रही थी, जिसे अब जाकर पूरा किया गया है। इससे प्रशासनिक कार्यों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी और आमजन को भी राहत मिलेगी। जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान द्वारा इससे पूर्व गत वर्ष डीएम आवास को भी शामली शुगर मिल परिसर से नवनिर्मित भवन में शिफ्ट कराया जा चुका है। अब कलक्ट्रेट के स्थानांतरण से प्रशास. निक व्यवस्था को और अधिक सु.ढ़ करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। इस वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम भी



नवनिर्मित कलक्ट्रेट भवन में ही आयोजित किया जाएगा। इसके लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं और भवन को अंतिम रूप दिया जा रहा है। नए कलक्ट्रेट भवन में विभिन्न विभागों के कार्यालय, सभागार, पार्किंग और अन्य सुविधाएं आधुनिक स्वरूप में विकसित की गई हैं।



# स्कूल परिसरों में फिर से दिखी चहल-पहल

**शामली।** शीतकालीन अवकाश के बाद सोमवार को जनपद के नर्सरी से लेकर इंटरमीडिएट तक के सभी स्कूल खुल गए। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक परिषदीय, निजी और उच्च माध्यमिक विद्यालयों के खुलते ही लंबे समय से सूने पड़े स्कूल परिसरों में एक बार फिर चहल-पहल नजर आई। गत 31 दिसंबर को शीत लहर और कडाके की ठंड को देखते हुए कक्षा 8 तक के समस्त बोर्ड के स्कूलों का अवकाश घोषित कर दिया गया था। सर्दी की करीब 19 दिनों की छुट्टियों के बाद सोमवार को सभी स्कूल खुल गए। छुटिटयां बिताकर लौटे छात्र-छात्राएं स्कूल जाते समय काफी उत्साहित दिखाई दिए। कई विद्यालयों में बच्चों की किलकारियों से माहौल गुलजार हो गया। हालांकि पहले दिन कड़ाके की ठंड के चलते कुछ विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या अपेक्षाकृत कम रही, लेकिन शिक्षक व शिक्षिकाएं समय से विद्यालय पहुंच गए और शैक्षणिक कार्य शुरू किया गया। परिषदीय विद्यालयों में सुबह 10 बजे से पठन-पाठन प्रारंभ हुआ। कई स्कूलों में बच्चे देर से पहुंचे, जबकि कुछ विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति काफी कम रही। इसके बावजूद शिक्षक-शिक्षिकाएं बच्चों को पाठ्क्रम का अभ्यास कराते हुए नजर आए और पढ़ाई को दोबारा गति देने का प्रयास किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में भी अवकाश के बाद पहले दिन बच्चों की कम उपस्थिति देखने को मिली, लेकिन स्कूल खुलने से शिक्षा व्यवस्था फिर से पटरी पर लौटती दिखाई दी।

# चार युवकों ने एक युवक को पीटा, थाने पर शिकायत



**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला नई बस्ती निवासी एक युवक को कस्बे कई युवकों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कस्बे के मोहल्ला नई बस्ती निवासी शानू पुत्र मीर जंग ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि कस्बे के मोहल्ला मि.गान निवासी रिहान व दानिश ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर पीड़ित के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। पीड़ित ने विरोध किया तो आरोप है कि चारों युवकों ने पीड़ित को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ित की तहरीर मिली है। मामले की कर कार्रवाई की जाएगी।

# मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान: दूसरे दिन भी केंद्रों पर उमड़ी मतदाताओं की भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन नगर में चल रहे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दूसरे दिन भी मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सोमवार को नगर के छह मतदान केंद्रों पर बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) द्वारा मतदाता सूची पढ़कर सुनाई गई। इस दौरान वार्ड परिवर्तन, नाम संशोधन, फोटो परिवर्तन सहित अन्य समस्याओं के समाधान के लिए बड़ी संख्या में मतदाता केंद्रों पर पहुंचे। अभियान के अंतर्गत थाना भवन स्थित प्राथमिक विद्यालय नंबर एक, प्राथमिक विद्यालय नंबर दो, सरस्वती पब्लिक स्कूल, लाजपत राय इंटर कॉलेज, लाला लाजपत राय कन्या इंटर



कॉलेज तथा किसान इंटर कॉलेज मतदान केंद्रों पर बीएलओ ने मतदाता सूची का सार्वजनिक पठन किया। सुबह से ही सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची में सुधार कराने, नए वोट बनवाने तथा त्रुटियों को ठीक कराने के लिए मतदाताओं की भीड़ लगी रही। अधिकांश मतदाताओं ने नाम में गड़बड़ी, माता-पिता के नाम में त्रुटि और फोटो के स्थान पर गलत फोटो लगे होने की शिकायत की। जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं थे, उन्होंने फॉर्म-6 भरकर नए नाम जुड़वाए। वहीं मृतक मतदाताओं के नाम हटाने या विवाह के बाद परिवर्तन के लिए फॉर्म-7, तथा नाम व फोटो संशोधन के लिए फॉर्म-8 भरवाए गए।

दोपहर बाद तक सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए मतदाताओं का आना-जाना जारी रहा। प्रशासन द्वारा अभियान को व्यवस्थित ढंग से संचालित करते हुए हर मतदाता की समस्या के समाधान का प्रयास किया गया।

## एक नजर

### नए सत्र का बकाया गन्ना भुगतान की मिल की गति धीमी होने से गन्ना किसानों में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** बजाज हिन्दुस्थान शुगर मिल का इस वर्ष का पेराई सत्र चले ढाई माह के लगभग हो गया है लेकिन मिल ने नए सत्र के गन्ने का भुगतान अभी तक लगभग पच्चीस करोड ही किया है जबकि 186 करोड़ रूपए की गन्ना खरीद की है गन्ना भुगतान की धीमी गति को लेकर गन्ना किसानो मे आक्रोश पनपने लगा है विगत वर्ष का बकाया भुगतान पन्द्रह दिन पूर्व ही हुआ है ,मिल के गन्ना महाप्रबंधक लेखपाल सिंह ने बताया बीच मे चीनी की बिक्री न होने के कारण भुगतान बाधित हुआ लेकिन अब चीनी ब्रिकी हो रही है यथा शीघ्र और भुगतान किया जाएगा ग्राम मण्टी हसनपुर के किसान सुभाष सैनी ने बताया किसानो को मिल द्वारा गन्ना भुगतान समय पर या मिल बंदी के दो माह बाद तक भी नही किया जाता अगले साल नए सत्र की चीनी बेच कर किया जाता है यही कारण है क्षेत्र मे किसानो ने गन्ना बोना कम कर दिया है किसानो का पैसा किसानो को मिल घरना प्रर्दशन के बाद भी नही देता ग्राम नोजल के किसान सोनू शर्मा ने बताया सरकारी नियम गन्ना भुगतान चौदह दिन का है बजाज तो चौदह माह मे भी भुगतान नही कर रहा है ढाई माह हो गए मात्र दस बारह दिन का गन्ना भुगतान किया है।

### विश्वकर्मा समाज की बैठक में योजनाओं पर चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ की एक बैठक सोमवार को विश्वकर्मा आनंद भवन में आयोजित की गई। बैठक प्रदेश अध्यक्ष सेठपाल विश्वकर्मा एवं प्रदेश महामंत्री विनोद विश्वकर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सेठपाल विश्वकर्मा ने समाज की गति. विधियों पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संचालित विश्वकर्मा कौशल विकास योजना से समाज के लोगों को अत्यधिक लाभ मिला है। उन्होंने समाज के सर्वांगीण विकास के लिए सभी को सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आ]वान किया। बैठक में सर्वसम्मति से गौरव विश्वकर्मा को शामली जनपद का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। नियुक्ति की घोषणा के बाद गौरव विश्वकर्मा ने कहा कि वह समाज के विकास एवं उत्थान के लिए पूरी निष्ठा, तन-मन और समर्पण के साथ कार्य करेंगे तथा समाज को संगठित कर आगे बढ़ाने का हर संभव प्रयास करेंगे। इस अवसर पर अमित विश्वकर्मा, रमेश विश्वकर्मा, महेश धीमान, रोहित विश्वकर्मा, मनोज पांचाल, सन्नी पांचाल, वीरेंद्र विश्वकर्मा, संजीव पांचाल, रवि विश्वकर्मा, आशीष जांगिड़, सुबोध पांचाल, राजकुमार विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

# बीएसएम स्कूल के छात्रों को कराया शैक्षिक भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सोमवार को एक्सप्लोर शामली कार्यक्रम के अंतर्गत बीएसएम स्कूल के छात्रों को कैरियर व्हील कंडेला का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। छात्रों को विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी दी गई। सोमवार को छात्रों को कैरियर व्हील एक शैक्षिक एवं मार्गदर्शनात्मक गतिविधि से अवगत कराया। जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को उनकी रुचि, योग्यता और क्षमता के अनुसार अलग-अलग करियर विकल्पों के बारे में जानकारी दी। जिसमें शिक्षा व शिक्षण, इंजी. नियरिंग व तकनीक, व्यापार व प्रबंधन, रक्षा सेवाएं सहित अनेक क्षेत्रों की जानकारी दी है। भ्रमण के दौरान छात्रों ने पूरे उत्साह के साथ करियर से जुड़ी जानकारियों को ध्यानपूर्वक सुना। शिक्षा, कौशल



विकास, प्रतियोगी परीक्षाओं तथा विभिन्न व्यावसायिक अवसरों पर विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही छात्रों को बदलते समय के अनुसार आईटी, डिजिटल मीडिया, सरकारी योजनाओं, छात्रवृत्तियों एवं कोचिंग मार्गदर्शन जैसे नए करियर विकल्पों से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम के समापन के पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह एवं उप प्रधानाचार्या आशु पंडित ने छात्रों से संवाद कर उनकी प्रतिक्रियाएं जानीं।

### सरकारी चकरोड की पैमाइश कराकर अतिक्रमण हटाने की उठी मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गांव मण्डावर के एक किसान ने खेत के समीप स्थित सरकारी चकरोड को लेकर एसडीएम कैराना से शिकायत की है। किसान का आरोप है कि आसपास के किसानों द्वारा चकरोड पर कब्जा कर उसे संकरा कर दिया गया है, जिससे आवागमन में भारी दिक्कतें आ रही हैं। मण्डावर निवासी किसान मेहरबान ने एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज को शिकायती पत्र सौंपते हुए बताया कि उसके खेत के पश्चिम दिशा में स्थित सरकारी चकरोड की चौड़ाई लगातार कम होती जा रही है। चकरोड के संकरा हो जाने से ट्रैक्टर-ट्रॉली निकालना मुश्किल हो गया है। गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली के पहिए पास के खेतों में उतर जाने से विवाद की स्थिति भी बन जाती है। किसान ने प्रशासन से चकरोड की विधिवत पैमाइश कराकर अतिक्रमण हटवाने और मार्ग को पूरी तरह बहाल कराने की मांग की है।

# निबंध लेखन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज में मतदाता जागरूकता अभियान-2026 के अंतर्गत निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करते हुए अपनी लेखन प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि मतदाता जागरूकता का अर्थ है जाति, धर्म और किसी भी प्रकार के प्रलोभन से दूर रहकर एक जिम्मेदार, ईमानदार और राष्ट्र के प्रति सजग उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करना। उन्होंने कहा कि प्रत्एक नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना आवश्यक है। यदि किसी का नाम सूची में नहीं है या पता आदि में परिवर्तन हुआ है, तो उसे समय रहते संशोधन कराना चाहिए तथा मतदान के दिन मतदान स्थल पर



जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। इन्हीं बातों के प्रति सजग रहना ही सच्ची मतदाता जागरूकता है। निबंध लेखन प्रतियोगिता में कु। वंशिका प्रथम, देव पांचाल द्वितीय जबकि वंशिका एवं अविका ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में सुमन शर्मा, सारिका गर्ग एवं सीमा शर्मा शामिल रहीं। मौके पर घनश्याम सारस्वत, अनिल कश्यप, रामनाथ, शिव कुमार, फूल कुमार, महेश नारायण गौड़ मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई उद्योग बंधुओं की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विकास भवन सभागार शामली में जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में आज जिला उद्योग बन्धु की बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में ऐजेण्डा बिंदु के अनुसार चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने उद्योग बंधु द्वारा बताई गई समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश।संबंधित अधिका. रियों को दिए। बैठक में जिलाधिक. ारी द्वारा समीक्षा करते हुए हिण्डन नदी का स्वच्छ अविरल प्रवाह सुनिश्चित हेतु समीक्षा करते हुए प्रदूषण विभाग द्वारा की गई कार्रवाई के संबंध में अवगत कराया गया। समीक्षा में वित्तीय वर्ष 2025-26 एकल खिड़की योजनाधनिवेश मित्र योजना की भी समीक्षा की गई। बैठक में समीक्षा करते हुए अधिशासी अधिकारियों द्वारा बायोरेमेडिऐशन पर कितना खर्च किया गया है उसकी रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।बैठक में समीक्षा करते सिंचाई को निर्देश दिए गए कि बैठक एजेंडा के अनुसार जितने भी नाला बद,रजबाहा ओव. रफ्लो संबंधी शिकायत है उनके सुधार के लिए एस्टीमेट बनाकर मेरे माध्यम से पत्र भेजने के निर्देश दिए। इसके अलावा बैठक में विद्युत विभाग, ईएसआईसी अस्पतालों के पैनल सम्मिलित कराने हेतु आदि समस्या बताई गई जिनमें निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, सहायक आयुक्त उद्योग प्रीति त्यागी, रविंद्र कुमार,सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी एवं उद्योग बन्धु के रूप में, लघु उद्योग भारतीय के मंडल अध्यक्ष अंकित गोयल आलोक जैन सार्थक गोयल वेद प्रकाश आर्य आशीष अग्रवाल अमित जैन तुषार, अभिनव बंसल आदि उद्यमी उपस्थित रहे।





### वांछित गिरफ्तार

**शामली।** शहर कोतवाली पुलिस द्वारा नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने की घटना में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गत 19 अक्टूबर 2025 को नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने सम्बन्ध में वादी की तहरीर के आधार पर शहर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरा. ेपी की तलाश शुरू कर दी थी। वांछित अभियुक्त रवीश पुत्र उदयवीर निवासी ग्राम झाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### पदमुक्त हो चुके पदाधिकारियों को संगठन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने संगठन से पदमुक्त हो चुके पदाधिकारियों को सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वर्तमान में कोई भी पदमुक्त पदाधिकारी यदि अपने नाम के साथ प्रदेश स्तरीय पद जोड़कर संगठन की गरिमा को ठेस पहुंचाता पाया गया, तो उसके खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बताया कि संगठन की वर्ष 2026 से 2029 तक की प्रांतीय कार्यकारिणी की घोषणा 8 अक्टूबर 2025 को की जा चुकी है। इस घोषणा के अनुसार 1 जनवरी से 31 दिसंबर 2029 तक के लिए प्रदेश के विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों का मनोनयन हो चुका है। ऐसे में जो पदाधिकारी वर्तमान में किसी भी प्रदेश पद पर मनोनीत नहीं हैं, उन्हें किसी भी प्रकार से पद का दुरूपयोग करने का अधिकार नहीं है। घनश्याम दास गर्ग ने कहा कि यदि भविष्य में कोई व्यापारी किसी भी प्रदेश पद पर न रहते हुए भी अपने नाम के साथ प्रदेश का पद जोड़ता पाया गया, तो इसे संगठन की घोर अनुशासनहीनता माना जाएगा और ऐसे व्यक्ति को संगठन से निष्कासित भी किया जा सकता है। उन्होंने दो टूक कहा कि संगठन में अनुशासन सर्वोपरि है और किसी भी स्तर पर अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### तमंचे के साथ गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना आदर्शमंडी पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा बरामद किया है। गत 8 जनवरी को मोबाईल व्यापारी दीपक बंसल पुत्र अरुण बंसल निवासी मोहल्ला ब्राह्मण पर शहर के माजारा रोड पर उसके साथी जितिन के साथ 8 से 10 व्यक्तियों ने गाली-गलौच करते हुए अवैध हथियारों के बल पर लाठी-डंडों से मारपीट की तथा जान से मारने की नीयत से हमला किया और धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुक. दमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना आदर्शमंडी पुलिस ने वांछित अभियुक्त सन्नी पुत्र तेजपाल उर्फ साधु निवासी ग्राम बधैव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अवैध तमंचा 315 बोर भी बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि घटना में शामिल अन्य वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है और शीघ्र ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बाबरी में बाल विवाह रोकथाम को जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, नई दिल्ली से प्राप्त निर्देशों तथा जिला. धिकारी शामली के आदेशों के अनुपालन में दिनांक 19 जनवरी, 2026 को जिला प्रोबेशन अधिकारी मोहम्मद मुशफेकीन के नेतृत्व में थाना बाबरी, जनपद शामली में बाल विवाह की रोकथाम एवं बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।उल्लेखनीय है कि जनपद शामली में ह्बाल विवाह मुक्त भारतह विशेष राष्ट्रीय अभियान दिनांक 27 नवंबर, 2025 से 8 मार्च, 2026 तक संचालित किया जा रहा है।

उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न धर्मों के धार्मिक नेताओं, श्रद्धालु समुदायों तथा विवाह से




संबंधित सेवा प्रदाताओंकृमैरिज हॉल/बैंक्विट हॉल संचालक, बैंड-बाजा, डीजे, कैटरिंग, फोटोग्राफर एवं टेंट हाउस संचालकों को बाल विवाह के दुष्परिणामों, विधिक प्रावधानों एवं शासन की योजनाओं के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग की ओर से सु अजरा खान एवं दीपक कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि 18 वर्ष से कम आयु की बालिका तथा 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह कराना बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह से बच्चों के शारीरिक, मान. सिक एवं शैक्षिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने यह भी जानक. ारी दी कि बाल विवाह कराने अथवा उसमें किसी भी प्रकार से सहयोग करने पर दोषियों को 02 वर्ष तक का कठोर कारावास अथवा रु. 1,00,000 तक का अर्थदंड या दोनों से दंडित किए जाने का प्रावधान है। साथ ही बाल विवाह में सम्मिलित व्यक्तियों बराती, मौलवी पंडित, फोटोग्राफर, टेंट कैटरिंग संचालक, बैंड संचालक आदिकृके विरुद्ध भी विधिक कार्यवाही करते हुए प्राथमिकी दर्ज की जा सकती है। कार्यक्रम में यह अवगत कराया गया कि जनपद में जिला प्रोब. ेशन अधिकारी को जिला बाल विवाह निषेध अधिकारी नामित किया गया है, जिनके माध्यम से बाल विवाह की रोकथाम हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाती है। अधिकारियों द्वारा आमजन से अपील की गई कि यदि कहीं भी बाल विवाह की सूचना अथवा संदेह हो तो तत्काल नजदीकी पुलिस थाना, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस आपातकालीन सेवा 112 अथवा महिला हेल्पलाइन 181 पर सूचना दें। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सहित अन्य विभागीय योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

कार्यक्रम के अंत में थाना प्रभारी राहुल सिसोदिया, उप निरीक्षक राघवेन्द्र, एएचटीयू से उप निरीक्षक रामेश्वर दयाल, हेड कांस्टेबल तिलक राज, हेड कांस्टेबल डोली, एसजीपीयू से राहुल, विभिन्न धर्मगुरु एवं अन्य उपस्थित लोगों को बाल विवाह न करने तथा समाज में इसके विरुद्ध जनजागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई गई।

# सीएचसी में 5 नवजात कन्याओं का जन्मोत्सव, केक काटकर मनाई खुशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैराना में पांच नवजात कन्याओं का कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम महिला कल्याण विभाग के तत्वावधान में जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान के निर्देश पर जिला प्रोबेशन अधिक.ारी मोहम्मद मुशफेकीन के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएचसी प्रभारी डॉ। विकास चंद ने की। इस दौरान नवजात कन्याओं के सम्मान में केक काटकर जन्मोत्सव मनाया गया। महिला कल्याण विभाग की ओर से नवजात बालिकाओं और उनकी माताओं को बेबी किट, फलों की टोकरी, कंबल, बेबी बिब सहित अन्य उपहार देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में माताओं को पोषण, स्वास्थ्य, प्रसवोत्तर देखभाल के साथ-साथ बालिकाओं की शिक्षा और सुरक्षा को लेकर जानकारी दी गई। जिला मिशन समन्वयक सदफ खान और जेंडर स्पेशलिस्ट कुलदीप शर्मा द्धएचईडब्ल्यूत्र्ञ ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र लाभार्थियों को आवेदन प्रक्रिया में सहयोग किया। बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत मौजूद लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों और कानूनी प्रावधानों से अवगत कराते हुए बाल विवाह न कराने की शपथ दिलाई गई। साथ ही साइबर हेल्पलाइन, 101 अग्निशमन सेवा, 112 आपात पुलिस सेवा, 108 एंबुलेंस, 1098 चाइल्ड लाइन, 181 विमेन हेल्पलाइन, 1090 वूमेन पावर लाइन और 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में बीसीपीएम आरिश खान, आशा कार्यकर्ता, स्वास्थ्य कर्मी और बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं मौजूद रहीं। सभी ने समाज में बेटियों के सम्मान और अधिकारों के संरक्षण के लिए जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

## कैराना में मिशन शक्ति 5.0 अभियान: महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा व सशक्तिकरण की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** थाना कैराना में थाना प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम और एंटी रोमियों टीम ने हमिशन शक्ति 5.0ह अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण और सरकारी सहायता सेवाओं के बारे में विस्तार से जानक.ारी दी गई। मिशन शक्ति टीम प्रभारी निरीक्षक पिंकी गोस्वामी और थाना कैराना की महिला बीट अधिकारी स्वाति ने उपस्थित लोगों को महिला हेल्पलाइन 181, वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी-112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और साइबर क्राइम



हेल्पलाइन 1930 के बारे में बताया। उपस्थित लोगों को डिजिटल सुरक्षा (Digital Awareness), सशक्तिकरण और सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला कल्याणकारी योजनाओं तथा बच्चों के सुरक्षा कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई। पुलिस ने इस अवसर पर संदेश दिया कि सशक्त नारी सुरक्षित समाज, जागरूक नागरिक मजबूत भविष्य। कार्यक्रम के मुख्य बिंदु महिलाओं और बालिकाओं को शासन द्वारा प्रदत्त सुविधाओं और योजनाओं की जानकारी। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के लाभ और उद्देश्य। नारी सुरक्षा योजना तथा महिला सुरक्षा के उपाय। सभी थानों में उपलब्ध महिला हेल्प डेस्क की जानकारी। थाना कैराना पुलिस ने आमजन से अपील की कि वे स्वयं सुरक्षित रहें और समाज के अन्य लोगों को भी जागरूक करें, ताकि महिलाओं और बच्चों का सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

# दूध कारोबारी पर धारदार हथियार से हमला, दो आरोपी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव डूंडूखेड़ा निवासी एक युवक पर बाइक सवार दो युवकों ने धारदार हथियार से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल ने उपचार के बाद थाने पहुंचकर तहरीर दी है, पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर जांच शुरू कर दी है।गांव डूंडूखेड़ा निवासी शिवा पुत्र पंकज गांव गंगेरू में दूध व घी की दुकान करता है। सोमवार को पीडित दुक.ानदार दुकान बंद कर अपने घर लौट रहा था। आरोप है कि जैसे ही वह गांव गढी रामकौर के निकट नहर पटरी पर पहुंचा, तभी पीछे से आए बाइक सवार दो युवकों ने उसे पकड़ लिया और गाली-गलौज करते हुए धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के दौरान शोर-शराबा सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे किसान मौके की ओर दौड़े, जिसके बाद दोनों आरोपी फरार हो गए। सूचना मिलने पर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और घायल युवक को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।घायल ने डाक्टरी परीक्षण



कराने के बाद थाने पहुंचकर एक आरोपी नाम जब वह एक अज्ञात के विरुद्ध तहरीर दी है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है, मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# 29 साल बाद भी न्याय का इंतजार



**कैराना।** क्षेत्र के गांव हैदरपुर के 71 वर्षीय किसान साहब सिंह ने खराब ट्रैक्टर के कारण हुए नुकसान का मुआवजा न मिलने से आहत होकर ट्रैक्टर निर्माता कंपनी के खिलाफ राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, नई दिल्ली में पुनरीक्षण याचिका दायर की है। यह मामला करीब 29 वर्ष पुराना बताया जा रहा है। किसान साहब सिंह ने बताया कि यह मुकदमा उनके पिता स्व। स्वरूप सिंह ने वर्ष 1997 में दायर किया था। उनके अनुसार, पंजाब नेशनल बैंक की कैराना शाखा से ऋण लेकर उनके पिता ने महेंद्रा कंपनी का 475 डीआई मॉडल ट्रैक्टर खरीदा था। आरोप है कि कंपनी ने खराब ट्रैक्टर उपलब्ध कराया, जिसे बार-बार शिकायत करने के बावजूद न तो बदला गया और न ही उसकी खामियों को ठीक किया गया। ट्रैक्टर खराब होने के कारण खेती प्रभावित हुई और फसल को भारी नुकसान उठाना पड़ा। वहीं, बैंक अधिकारियों द्वारा ऋण वसूली के लिए लगातार दबाव बनाया गया। परेशान होकर स्वरूप सिंह ने राज्य उपभोक्ता आयोग, लखनऊ में ट्रैक्टर कंपनी के खिलाफ मुआवजे की याचिका दाखिल की थी। साहब सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य उपभोक्ता आयोग, लखनऊ ने 7 अप्रैल 2021 को आदेश पारित किया, लेकिन इसके बावजूद उन्हें उचित मुआवजा नहीं मिल पाया। इस लंबित विवाद के चलते उन्होंने अब राष्ट्रीय आयोग का दरवाजा खटखटाया है और कंपनी से उचित मुआवजे की मांग की है।

## एक नजर

### मयूर तिराहे पर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के मयूर तिराहे पर दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पानीपत निवासी विपिन रविवार को बाइक पर सवार होकर कस्बे में अपनी रिश्तेदारी में आया हुआ था। वहीं, कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी उस्मान भी बाइक से आ रहा था। दोनों बाइक सवार जैसे ही नगर के मयूर तिराहे पर पहुंचे, तभी उनकी आमने-सामने टक्कर हो गई।हादसे में दोनों बाइक सवार घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों भाइयों को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद विपिन की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि दूसरे घायल का उपचार अस्पताल में जारी है। घटना की सूचना मिलने पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। खबर लिखे जाने तक थाने पर तहरीर नहीं दी गई थी।

### डीएम की अध्यक्षता में हुई राजनीतिक दलों की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण- 2026 के दौरान आज जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठक की गई। उक्त बैठक में फॉर्म-9,10,11,11 ए एवं 11बी की सूची उपलब्ध कराई गई। साथ-साथ फॉर्म-6,7,8 ए के फॉर्म भरकर सम्बन्धित बूथ लेवल अधिकारियों या निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में उपलब्ध करा सकते हैं। अत: ऐसे अर्ह भारतीय नागरिक जो इस जनपद की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में सामान्यत: निवास कर रहे हों, जो 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हों अथवा 1 जनवरी, 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके है या करेगे और अभी तक विधानसभा निर्वाचक नामावली मे अपना नाम पंजीकृत नही करा पाए हैं या मृत्युध्स्थान परिवर्तन के कारण निर्वाचक नामावली में अन्य व्यक्ति का नाम सम्मिलत करने का आक्षेपध्अपना नाम हटाने किसी अन्य व्यक्ति का नाम हटाने के लिए या निर्वाचक नामावली में प्रविष्टि विशिष्टियों की शुद्धि के लिए अथवा निर्वाचक नामावली में प्रविष्टि को अन्यत्र रखने के लिए आवेदन (एक निर्वाचन क्षेत्र में निवास स्थान को एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानन्तरित करने के मामले में) अपने से सम्बन्धित बूथ पर नियुक्त पदाभिहीत अधिक.ारी, बी0एल0ओ0 को जमा करा सकते है। उक्त बैठक में सत्येन्द्र सिंह अपर जिलाधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी सहित राजनीतिक दल मौजूद रहे।

### महा आरती का हुआ आयोजन



**शाह टाइम संवाददाता**

**शामली।** मां शाकुंभरी देवी सेवा समिति द्वारा अट्ठे वाला मंदिर मैं एक महा आरती का आयोजन किया गया जिसके मुख्य यजमान अजय गोयल पत्नी सहित सपरिवार रहे पंडित प्रदीप पांडे ने विधिा विधाान के साथ महा आरती कराई जिसमें आसपास के सभी भक्त जनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा माता रानी का गुणगान किया आरती के पश्चात सभी भक्तजनों को माता का प्रसाद और श्रृंगार का सामान भी वितरित किया गया सभी भक्त जनों ने समिति के पवित्रकार्य की प्रशंसा की अंत में संस्था के अधयक्ष डक्क अनिल कुमार बंसल ने बताया कि यह आरती हर माह अमावस्या को संस्था द्वारा कराई जाती है अंत में उन्होंने सभी भद्रजनों को धान्यवाद दिया इस मौके पर प्रवीण बंसल महेश गर्ग खजांची अर्चना तायल प्रियंका गर्ग सलोनी सुनील गोयल अलका तायल आरती संगल रेनू गर्ग अनिल रेनू मीनू पांडे पुनीत संगलआदि उपस्थित रहे।

### करौंदा चौधर में हिंदू सम्मेलन

**कोतवाली देहात।** ग्राम करौंदा चौधर में आयोजित हिंदू सम्मेलन में फुलसंदे वाले बाबा ने कहा कि भारत भूमि पर स्वर्ग और मोक्ष दोनों विद्यमान हैं। पुण्य आत्माओं को भारत भूमि पर जन्म लेने का सौभाग्य प्राप्त होता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फुलसंदे वाले बाबा ने कहा कि इस्लाम के आगमन से ढाई हजार वर्ष पूर्व अरब देशों में वेदों की ऋचाएं गूंजती थी। वहां भी वेदों के विद्वान थे। वेद के ज्ञान को पूरे विश्व ने माना है। भगवान शिव, ब्रह्मा और विष्णु ने भारत भूमि पर शरीर धारण कर अवतार लिए हैं। भारत भूमि की सेवा करना पुण्य का कार्य है। हमें लोगों की तरक्की देखकर खुश होना चाहिए। हमें कभी भी विनाश देखकर खुश नहीं होना चाहिए। भारत भूमि में वसुधैव कुटुंबकम की भावना विद्यमान रही है। हमने सभी के निरा.ेगी और स्वस्थ होने की कामना वेद मंत्रों में की है। उन्होंने कहा कि हिंदू शब्द बाहर विदेश से नहीं आया है। हिंदू शब्द देश की उत्पत्ति है। हिंदू धर्म ग्रंथों में इसका उल्लेख मिलता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महेश पाल सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 1925 में विजयदशमी के दिन बना।

# सड़क सुरक्षा अभियान के तहत लोगों को किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में 1 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक आयोजित सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत महाविद्यालय की छात्राओं ने सड़क सुरक्षा अभियान के तहत लोगों को जागरूक करने हेतु नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नुक्कड़ नाटक का मुख्य उद्देश्य आम जनता को यातायात के नियमों से अवगत कराना एवं सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की सहायता करने की महत्व के प्रति जागरूक करना था, साथ ही सड़क सुरक्षा में युवाओं की भागीदारी विषय पर छात्राओं के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर प्रिंसी सैनी पुत्री प्रमोद कुमार बीएससी द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर मुस्कान पुत्री रविंद्र सिंह बीए तृतीय वर्ष तथा तृतीय स्थान पर आयशा पुत्री रईस बीए तृतीय वर्ष रही।प्रतियोगिता की निर्णायक मंडल में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ प्रदीप कुमार, डॉ श्याम बाबू एवं डॉ अंकिता त्यागी शामिल रहे। सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक डॉ श्याम बाबू एवं सहसंयोजक डॉ अं.कता त्यागी द्वारा किया गया।

# डून्डूखेड़ा की ग्राम प्रधान कृष्णा चौहान को मिला राष्ट्रीय सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** खंड विकास क्षेत्र के गांव डून्डूखेड़ा की ग्राम प्रधान कृष्णा चौहान के लिए यह अत्यंत गौरवपूर्ण उपलब्धि है। पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा उन्हें नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित राष्ट्रीय परेड में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। ग्राम प्रधान के साथ उनके पति राजपाल सिंह को भी आमंत्रण मिलने से पूरे गांव में हर्ष और गर्व का माहौल है।डून्डूखेड़ा निवासी राजपाल सिंह की पत्नी कृष्णा चौहान लगातार तीन बार ग्राम प्रधान चुनी जा चुकी हैं। ग्राम प्रधान कृष्णा चौहान और उनके पति राजपाल सिंह की जोड़ी ने गांव में विकास की ऐसी मिसाल कायम की है, जिसकी चर्चा पूरे क्षेत्र में हो रही है। उनके नेतृत्व में गांव में अभूतपूर्व विकास कार्य कराए गए हैं।गांव डून्डूखेड़ा में अब एक भी कच्ची सड़क नहीं है। यहां बिजली घर, बैंक, स्वास्थ्य केंद्र, मिनी सब्जी मंडी, छात्र-छात्राओं के लिए उच्च शिक्षा



की सुविधा, बस स्टैंड पर आधुनिक यात्री प्रतीक्षालय, पशु चिकित्सालय, गांव के प्रत्एक चौराहे पर वाटर कूलर व शुद्ध पेयजल व्यवस्था, पूरे गांव में सीसीटीवी कैमरे तथा अमृत सरोवर तालाब जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध हैं।

इन विकास कार्यों ने डून्डूखेड़ा को एक आदर्श ग्राम के रूप में स्थापित किया है।गांव के सर्वांगीण विकास और उत्कृष्ट कार्यों के लिए ग्राम प्रधान कृष्णा चौहान को अब तक तीन बार मुख्यमंत्री प्रोत्साहन पुरस्कार तथा दो बार राष्ट्रीय पंडित दीनदयाल पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। अब राष्ट्रीय परेड में विशेष आमंत्रण मिलना इस बात का प्रमाण है कि डून्डूखेड़ा के विकास कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर भी सराहा जा रहा है।इस उपलब्धि से गांव के लोगों में भारी उत्साह है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सम्मान केवल ग्राम प्रधान परिवार का नहीं, बल्कि पूरे डून्डूखेड़ा गांव का सम्मान है। गांव वासियों ने ग्राम प्रधान कृष्णा चौहान और उनके पति राजपाल सिंह को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# प्रस्तावित राशन की दुकान को बिडौली सादात के बजाय मजरा झिमरान बिडौली में खोले जाने की तैयारी शिकायत दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** थाना क्षेत्र के ग्राम बिडौली सादात में राशन की दुकान ग्राम में ही खोले जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई गई। एआईएमआईएम पार्टी के पश्चिमी प्रदेश संयुक्त सचिव हाफिज इनाम की गई शिकायत में कहा कि प्रस्तावित राशन दुकान को ग्राम बिडौली सादात के बजाय मजरा झिमरान बिडौली में खोले जाने की तैयारी की जा रही है, जो न्यायसंगत नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से राशन की दुकान ग्राम बिडौली सादात में ही संचालित थी, लेकिन अब दुकान दूसरे गांव में होने के कारण ग्रामीणों को राशन लेने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम बिडौली सादात में लगभग 450 राशन कार्ड हैं, जबकि मजरा झिमरान बिडौली में करीब 150 राशन कार्ड ही हैं। इसके बावजूद दुकान को कम आबादी



वाले गांव में खोले जाने की योजना बनाई जा रही है। ग्रामीण लंबे समय से अपने ही गांव में राशन की दुकान खुलवाने के लिए प्रयास कर रहे हैं।

ग्रामीणों ने अधिक संख्या में लाभार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए राशन की दुकान ग्राम बिडौली सादात में ही खोले जाने की मांग की है। इस संबंध में मुख्यमंत्री पोर्टल के माध्यम से खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाने की अपील की गई है।

## मंदिर परिसर में सांप निकलने से मचा हड़कंप, पुजारी ने सूझबूझ से किया रेस्क्यू

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** कस्बे के एक मंदिर में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अचानक मंदिर परिसर में एक सांप दिखाई दिया। सांप को देखते ही मंदिर में पूजा-अर्चना कर रहे श्रद्धालुओं में दहशत फैल गई और कुछ देर के लिए मंदिर परिसर में भीड़ उमड़ पड़ी।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सांप मंदिर प्रांगण में इधर-उधर घूमने के बाद वहां पड़े एक प्लास्टिक के डब्बे में जा घुसा। स्थिति को भांपते हुए मंदिर के पुजारी संत कुमार ने सूझबूझ और साहस का परिचय देते हुए सांप को सुरक्षित तरीके से डब्बे में बंद कर लिया।इसके बाद पुजारी संत कुमार द्वारा सांप को किसी प्रकार की क्षति पहुंचाए बिना जंगल में ले जाकर सुरक्षित छोड़ दिया गया। पुजारी की इस समझदारी से एक बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद श्रद्धालुओं ने राहत की सांस ली और पुजारी के इस मानवीय कार्य की सराहना की।

# बिजौला में क्रिकेट टूर्नामेंट में सिंगरा बना चैंपियन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना क्षेत्र के जिजौला में एक दिवसीय टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि नवाब सिंह चौयरमैन ने फीता काटकर किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और खेल भावना से खेलने का संदेश दिया। प्रतियोगिता में चौसाना क्षेत्र सहित आसपास के गांवों की 20 टीमों ने प्रतिभाग किया। शुरुआती दौर से ही मुकाबले बेहद रोमांचक रहे और दर्शकों की भारी भीड़ मैदान पर जुटी रही। फाइनल मुकाबले में सिंगरा टीम ने बेहतरीन बल्लेबाजी व अनुशासित गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए जिजौला टीम को परा.जित कर खिताब अपने नाम किया। विजेता सिंगरा टीम को मुख्य अतिथि नवाब सिंह चौयरमैन द्वारा 11 हजार रूपए नकद व शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया, जबकि उपविजेता जिजौला टीम को 5100 रूपए नकद व शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे खेल आयोजनों से युवाओं को सकारात्मक दिशा मिलती है और खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में हसन राणा, इमरान राणा, इंतजार सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी व ग्रामीण मौजूद रहे।

# झाड़खेड़ी में ऑपरेशन सवेरा अभियान के तहत लोगों को नशा-मुक्ति के प्रति किया जागरूक





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** थाना कैराना पुलिस ने आज ग्राम झाड़खेड़ी में हऑपरेशन सवेरारू नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओरह अभियान के तहत एक व्यापक नशा-मुक्ति जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों, युवाओं और अभिभावकों को नशे के गंभीर एवं दूरगामी दुष्परिणामों से अवगत कराना और उन्हें नशा-मुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना था। पुलिस अधीक्षक एन।पी। सिंह के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में थाना कैराना पुलिस ने आमजन को नशे से दूर रहने, बच्चों और युवाओं को नशे की लत से बचाने, शिक्षा, खेल.कूद और रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने की प्रेरणा दी।

पुलिस ने बताया कि नशा व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, शिक्षा, पारिवारिक जीवन और सामाजिक संबंधों पर गंभीर प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा कि नशा अपराध, हिंसा और सड़क दुर्घटनाओं का भी मुख्य कारण बनता है। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख बिंदु इस प्रकार बताए गए,जिनमें नशा मानसिक संतुलन को प्रभावित करता है और निर्णय क्षमता कमजोर करता है। नशे की लत व्यक्ति के उज्ज्वल भविष्य और करियर पर प्रतिकूल असर डालती है। नशा पारिवारिक विघटन और आर्थिक संकट को जन्म देता है। नशा-मुक्त जीवनशैली ही स्वस्थ, सुरक्षित और सशक्त समाज की नींव है।

थाना कैराना पुलिस ने आमजन से अपील की कि वे नशे से दूर रहें और अपने परिवार, मित्रों और आसपास के लोगों को भी जागरूक करें। किसी भी नशा-संबंधी गतिविधि या अवैध बिक्री की सूचना तुरंत पुलिस को देंय सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। कार्यक्रम का समापन इस संदेश के साथ किया गया कि नशा-मुक्त समाज का निर्माण केवल पुलिस के प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए समाज के प्रत्एक वर्ग की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। थाना कैराना पुलिस भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित करती रहेगी।

# इलैक्ट्रानिक स्कूटी में लगी आग आस-पास मची अफरा-तफरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**देवबन्द।** ट्यूशन पढ़ने के लिए इलैक्ट्रानिक स्कूटी से जा रहा छात्र गांव पहुंचकर जैसे ही स्कूटी खड़ी करके ट्यूशन क्लास में पहुंचा तो इस दौरान उसकी बाइक आग का गोला बन गई। गनीमत रहा कि कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। जबकि स्कूटी जलकर राख हो गई।

गांव रणखंडी निवासी कक्षा 12 का छात्र प्रीत राणा गांव में ट्यूशन पढ़ने के लिए आया था। इस दौरान जैसे ही वह स्कूटी खड़ीकर ट्यूशन क्लास में पहुंचा तो अचानक तेज आवाज के साथ स्कूटी आग के गोले में बदल गई। जिससे आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि इस दौरान अन्य विद्यार्थियों ने आसपास खड़े वाहनों को वहां से हटा दिया। प्रीत के मुताबिक उसने तीन माह पहले ही इलैक्ट्रानिक स्कूटी खरीदी थी। बताया कि उसने सोमवार को स्कूटी चार्जिंग पर भी नहीं लगाई थी लेकिन जैसे वह स्कूटी लेकर ट्यूशन के लिए पहुंचा और खड़ा कर अंदर गया तो अचानक उसकी इलैक्ट्रानिक स्कूटी आग के गोले में बदल गई। इस दौरान आग की लपटे इतनी तेज थी कि कोई बड़ा हादसा भी हो सकता थो

# शायरों ने अपना अपना कलाम सुनाकर लूटी खूब वाहवाही

## इसी में सुबह गुजारुं इसी में शाम करुं, तेरे ख्याल से निकलूं तो कोई काम करुं: दिलकश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मानव एकता मंच के तत्वावधान में आयोजित शेरी नशिस्त में शायरों ने अपना अपना कलाम सुनाकर खूब वाहवाही लूटी।

मोहल्ला खानकाह में आयोजित शेरी नशिस्त का उद्घाटन समाजसेवी इरम उस्मानी ने फीता काटकर एवं कांग्रेस की जिला उपाध्यक्ष शाजिया नाज ने शमा रोशन कर किया। युवा शायर वली वकास ने कलाम सुनाते हुए कहा..कोई बताए कैसे भला मुस्कुराऊं मैं, मेरी खुशी तो मुझसे गया साल ले गया। डॉ. सादिक देवबंदी ने पढ़ा..वैसे तो रस्मों राह निभाए हुए हैं लोग, खंजर भी आस्तीं में छुपाए हुए हैं लोग। नदीम अनवर इतनी दौलतें मत दो जिससे गैर जल जाएं, मुझको सिर्फ इतना दे मेरा काम चल जाए। शायर अदुल्लाह राज ने कुछ यूं कहा.. मैं चुप रहा यह सोचकर के आप के




**कांग्रेस की जिला उपाध्यक्ष शाजिया नाज ने शेरी नशिस्त का शमा रोशन कर किया शुभारंभ**

दरमियां, सब बोलने लगेंगे तो घर टूट जाएंगे। सलमान दिलकश ने कहा.. इसी में सुबह गुजारुं इसी में शाम करुं, तेरे ख्याल से निकलूं तो कोई काम करुं सुनाकर श्रोताओं की जमकर वाहवाही लूटी। अध्यक्षता फैसल त्यागी व संचालन सलमान दिलकश उस्मानी ने किया। इस मौके पर राशिद कमाल, जहांगीर मलिक आदि शामिल रहे। मानव एकता मंच के अध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक मुर्तजा कुरैशी व सहसंयोजक वसीम मलिक ने सभी आगंतुको का आभार जताया।

# शरारती तत्वों ने ट्रेन पर फेंका पत्थर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन के कोच का शीशा हुआ क्षतिग्रस्त**

**देवबन्द।** सहारनपुर से चलकर दिल्ली को जाने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन पर कुछ शरारती तत्वों ने देवबंद में पत्थर फेंक दिया। जिससे उसके कोच का एक शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि इसमें किसी यात्री को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।


सहारनपुर से चलकर दिल्ली को जाने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 22498 करीब दस बजे देवबंद के भायला रेलवे फाटक के समीप पहुंची थी। तभी कुछ शरारती तत्वों ने उस पर पत्थर उछाल दिया। पत्थर जाकर कोच संख्या सी-वन पर लगा, इससे कोच की सीट नंबर 41, 42 की तरफ का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि उस दौरान सीट पर कोई यात्री नहीं बैठा था। लेकिन पत्थर लगने से अन्य यात्रियों में अफरा तफरी मच गई। देवबंद स्टेशन पहुंचने पर खुफिया विभाग और रेलवे पुलिस के अधिकारी वहां पहुंचे और मामले की जानकारी ली। लोको पायलट की तहरीर पर मुजफ्फरनगर जीआरपी थाने में अज्ञात लोगों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 153 और 147 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पूर्व में भी वंदेभारत पर पत्थर फेंके जाने की घटना हो चुकी है। लेकिन इसमें कोई गिरफ्तारी नहीं हुई। ताजा मामले में खुफिया के अधिकारी भी इसकी जांच कर रहे हैं। बताया गया है कि गृह मंत्रालय और रेलवे विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी इसकी जानकारी तलब की है। दिल्ली-सहारनपुर रेलवे ट्रैक पर सुरक्षा को ओर कड़ा किए जाने के आदेश भी जारी किए गए हैं।

# दारुल उलूम वक्फ में वार्षिक परीक्षाएं हुई आरंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विश्व विख्यात इस्लामिक संस्था का दूसरा बड़ा केंद्र दारुल उलूम वक्फ में वार्षिक परीक्षाएं आरंभ हो गई है। विभिन्न विषयों के लिए छात्रों ने लिखित परीक्षा दी।

संस्था के अतियाबुल मसाजिद के निचले तल पर हुई वार्षिक परीक्षा में कक्षा दो से कक्षा छह और दौरा ए हदीस के विद्यार्थियों ने भाग लिया और विभिन्न विषयों के लिए लिखित परीक्षा दी। हुज्जतुल इस्लाम एकेडमी, तफसीर और अंग्रेजी विभाग के छात्रों ने भी लिखित परीक्षा में हिस्सा लिया। दारुल उलूम वक्फ के नायब मोहतमिम मौलाना शकैब कासमी ने बताया कि नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराई जा रही है। कहा कि यदि कोई तलबा नकल करते पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। उन्होंने



बताया कि रमजान माह से पूर्व सभी परीक्षाएं मुकम्मल कर संस्था की छुट्टी कर दी जाएगी।

रमजान के महीने में रिजल्ट घोषित किया जाएगा। उन्होंने छात्रों से अपना पूरा ध्यान पढ़ाई और परीक्षा पर केंद्रित करने और शिक्षकों से नकल. विहीन परीक्षा कराने का आह्वान किया है।

# महिलाओं के सम्मान के लिए समाज गंभीर नहीं

**देवबन्द।** जमीयत दावतुल मुसलीमीन के संरक्षक व प्रसिद्ध आलिम-ए-दीन मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने महिलाओं के सम्मान और उनके प्रति समाज में व्याप्त रवैये पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि विशेष रुप से तलाकशुदा और बेवा महिलाओं के साथ समाज का व्यवहार न केवल असंवेदनशील है बल्कि यह नैतिकता और मानवीय मूल्यों के भी विरुद्ध है।

मौलाना कारी इस्हाक गोरा ने जारी बयान में कहा कि महिलाओं के सम्मान के सवाल पर हमारा समाज आज भी अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखा पा रहा है। अफसोस जताया कि जिन महिलाओं को सहारे, अपनत्व और इज्जत की सबसे अधिक जरुरत होती है उन्हें शक, तानों और सवालों के कटघरे में खड़ा कर दिया जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि तलाक या बेवगी किसी महिला का दोष नहीं, बल्कि जीवन की एक कठिन और पीड़ादायक परीक्षा है। लेकिन इसके बावजूद समाज ऐसे हालात से गुजर रही महिलाओं को रहमत और हमदर्दी की नजर से देखने के बजाए उनके चरित्र और नीयत पर सवाल उठाने लगता है। यह सोच न केवल गलत है बल्कि समाज को अंदर से कमजोर और खोखला करने वाली भी है। कहा कि इस्लामी शिक्षा महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा और आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने का पूरा अधिकार देती है। इस्लाम ने तलाकशुदा और बेवा महिलाओं को नए सिरे से जीवन शुरु करने का हक दिया है।

# फाइनेंस कर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## महिला के साथ लिव-इन-रिलेशनशिप में था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** मौहल्ला सरायरफी रेलवे स्टेश्न रोड स्थित ललता बिल्डिंग में रह रहे एक फाईनेंस कम्पनी के फील्ड ऑफिसर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।



प्राप्त समाचार के अनुसार मृतक हरिओम सिंह (25 वर्ष) जनपद रायबरेली का निवासी है और वह यहां एक शीतल नामक महिला के साथ लिव-इन-रिलेशनशिप में रह रहा था। देर रात्रि पुलिस को मिली सूचना के आधार पर कोतवाली प्रभारी निरिक्षक अमित कुमार मौके पर पहुंचे और हरिओम सिंह नामक युवक के शव को पंखे से लटकी अवस्था में नीचे उतरवाया और तुरंत ही उसे उपचार के लिये सीएचसी स्याऊ पहुंचाया, जहां वे पहुंचने से पहले ही मृत हो चुका था। पुलिस ने बताया कि हरिओम सिंह बिजनौर किसी फाईनेंस कम्पनी में कार्य करता था तथा वे शीतल नामक एक 25 वर्षीय महिला के संग रह रहा था। पुलिस ने बताया कि शीतल हापुड़ के अम्बेडकर नगर की रहने वाली है, वे यहां नूरपुर ब्लाक में स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत है।

पुलिस के अनुसार हरिओम की शीतल से कुछ अनबन हुई और वह नीचे कुछ सामान लेने आ गई। इसी बीच हरिओम ने अपने को फांसी लगा ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। पुलिस ने हरिओम के परिजनों को सूचना दे दी है। फिलहाल पुलिस ने किसी प्रकार की तहरीर मिलने से इंकार किया है।

# साइबर अपराध को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** साइबर अपराधों को रोकने और आम जनता को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार की ओर से एक महत्वपूर्ण जनहित सूचना जारी की गई है। इस सूचना के माध्यम से नागरिकों को ऑनलाइन ठगी और डिजिटल अपराधों से सावधान रहने की अपील की गई है।



थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि वर्तमान समय में मोबाइल फोन, इंटरनेट और सामाजिक माध्यमों के बढ़ते उपयोग के साथ साथ साइबर ठग भी नए-नए तरीकों से लोगों को ठगने का प्रयास कर रहे हैं। अनजान फोन कॉल, संदेश, व्हाट्सएप पर आए लिंक और ई-मेल के जरिए लोगों से बैंक संबंधी जानकारी, एकमुश्त पासवर्ड स्वचालित धन निकासी मशीन का गुप्त नंबर और डिजिटल भुगतान गुप्त कोड हासिल कर आर्थिक नुकसान पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बैंक केवाईसी अद्यतन ऋण, इनाम, बिजली बिल, सिम बंद होने या खाता अवरुद्ध होने के नाम पर आने वाले किसी भी फोन कॉल या संदेश पर बिल्कुल भी भरोसा न करें। कोई भी बैंक, पुलिस या सरकारी अधिकारी कभी भी फोन के माध्यम से गोपनीय जानकारी नहीं मांगता। ऐसे मामलों में तुरंत सतर्क हो जाना चाहिए।

थाना प्रभारी ने सामाजिक माध्यमों पर दिखाए जा रहे फर्जी निवेश, व्यापार, अंशकालिक कार्य और कम समय में अधिक लाभ के प्रलोभन से भी दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बिना जांच-पड़ताल किसी भी प्रकार का मोबाइल अनुप्रयोग डाउनलोड न करें और किसी अंजान व्यक्ति के कहने पर मोबाइल को दूर से नियंत्रित करने वाले अनुप्रयोग बिल्कुल भी स्थापित न करें क्योंकि इसी माध्यम से साइबर अपराधी मोबाइल का पूरा नियंत्रण प्राप्त कर लेते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर ठगी हो जाए या किसी प्रकार का संदेह उत्पन्न हो तो घबराने की आवश्यकता नहीं है। पीड़ित व्यक्ति तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें अथवा राष्ट्रीय साइबर अपराध शिकायत पोर्टल पर जाकर अपनी शिकायत दर्ज कराएं, जिससे समय रहते कार्रवाई की जा सके। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने नागरिकों से अपील की कि इस जनहित सूचना को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं, ताकि हर व्यक्ति साइबर अपराधियों से सतर्क रह सके और आर्थिक व मानसिक क्षति से बचा जा सके।

## 50 लाभार्थियों को मिले प्रशस्ति पत्र

**अफजलगढ़।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत हर गरीब को पक्का मकान उपलब्ध कराने की दिशा में प्रदेश सरकार के आह्वान पर महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका परिषद के बैठक हॉल में किया गया। 50 लाभार्थियों को अधिशासी अधिकारी एसपी सिंह द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। लाभार्थियों को उनके बैंक खातों में सीधे अनुदान राशि का अंतरण किया जाएगा। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर, लखनऊ से सीधे प्रसारण में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा खचाखच भरे नगर पालिका परिषद बैठक हॉल में सभासदों, नगर पालिका कर्मियों को लाभार्थियों को योजना से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि यह योजना गरीबों के जीवन में गरिमा, सुरक्षा और स्थायित्व सुनिश्चित करने की दिशा में डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता का सशक्त प्रमाण है। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी एमपी सिंह, मुख्य लिपिक संजीव कुमार अग्रवाल, बृजेश सिंह, रोबिन अग्रवाल, सनी गुप्ता, रोहिताश पवार, साबिर अली व सभासदगण मुकीब खान सूरी, कादिर अंसारी, मौहम्मद शाहनवाज, कलवा कुरैशी, मौहम्मद शाहिद कुरैशी, रिजवान अहमद, अब्दुल वाहिद, मौहम्मद अली, जुबैर अहमद व भारी संख्या में लाभार्थी आदि मौजूद थे।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक

**नूरपुर।** अमरोहा मार्ग पर नवाबुद्दीन मलिक के प्रतिष्ठान पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन चांदपुर तहसील इकाई की एक आवश्यक बैठक निवर्तमान अध्यक्ष परम सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र नाथ सिंह के आदेश के अनुपालन में जिलाध्यक्ष डॉ. भानु प्रकाश वर्मा के निर्देशन में चांदपुर तहसील इकाई कार्यकारिणी का गठन जिला महामंत्री जितेंद्र कुमार की देखरेख एवं जिला संगठन मंत्री गुणवंत सिंह राठौर के संचालन में किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से डॉ.एहतेशाम अंसारी संरक्षक, बिजेंद्र शर्मा अध्यक्ष, पंकज जोशी, हेमेंद्र सिंह, डॉ. थम्मन सिंह उपाध्यक्ष, मन्नान सैफी महामंत्री, फिरोज आलम, मौहम्मद ताहिर उपाध्यक्ष, अमित ठाकुर कोषाध्यक्ष, नसीम सैफी आडीटर, नवाबुद्दीन मलिक, इदरीस अंसारी, अशराऊल हक, इमरान मैराजी, सतीश चौहान, धर्मवीर दिवाकर, प्रशांत शर्मा, रामरतन सिंह, सुरेंद्र शर्मा,परवेंद्र चौहान को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। बैठक में नूरपुर ब्लाक प्रभारी पद पर बिरेन्द्र चौधरी को चुना गया। नवगठित पदाधिकारियों को माला पहनाकर बधाई देते हुए संगठन हित में कार्य करने की अपेक्षा की गई।

## शोकाकुल परिवार का ढांढस बंधाया

**नहटौर।** क्षेत्र के गांव रुखड़ियो निवासी बीना देवी व उनके पुत्र शिवम कुमार की नहटौर झालू मार्ग पर 12 जनवरी को गांव बिलाई के पास ट्रैक्टर ट्राली से टक्कर होने के दौरान मौत हो गई थी। समाजसेवी व वरिष्ठ चिकित्सक अभिषेक चंद्रा गांव रूखड़ियो में पहुंचे और उन्होंने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवार का ढांढस बंधाया।

## पुस्तकालय के विशेष संरक्षक के निधन पर शोक

**नजीबाबाद।** नगर के सरस्वती पुस्तकालय के विशेष संरक्षक व कई पदों पर रहे अरविंद रंधर का 71 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन पर सरस्वती पुस्तकालय के प्रधान अतुल माहेश्वरी, पूर्व प्रधान उमापति गर्ग, मंत्री प्रदीप डेजी, विवेक नैनू, जितेंद्र जैन आदि ने शोक व्यक्त किया। उनके निधन पर व्यापार जगत में भी शोक जताया।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को बांटे कार्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** नगर पालिका परिषद कार्यालय परिसर में आयोजित संक्षिप्त कार्ड वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत नगर में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मकान बनवाने वाले पात्र परिवारों को पालिका ईओ व चेयरपर्सन पति ने संयुक्त रूप से कार्ड वितरित किये।

ईओ कुणाल रस्तोगी व चेयरपर्सन पति शेरबाज पठान द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को कार्ड वितरित करते कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना एक बहुत अच्छी योजना है। इसमें पात्र परिवारों को अपना मकान बनवाने में आसानी हो जाती है।

इस मौके पर पालिका कर्मी समस्त सभासदगण एवं पात्र परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना शामिल रहे।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा पुत्र **अफरोज** मेरे कहने-सुनने में नहीं है। **अफरोज** को मैं अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर उससे संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में **अफरोज** के द्वारा किए किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा।

**इदरीश खान पुत्र मौहम्मद इस्माईल खान,**
निवासी: म0नं0 8/4047/1, जैन मन्दिर के पास, मदनपुरी कॉलोनी, थाना मण्डी, जिला सहारनपुर।

**सूचना**

मैंने अपना नाम सफ्फकत SHAFAKKAT से बदलकर सफकत अली SHAFQAT ALI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

SHAFQAT ALI
S/O MOHAMMAD SHAFI
VILLAGE TIGRI
PS. DEOBAND DISTT.
SAHARANPUR



# पेंशन क्रांति महासम्मेलन 15 फरवरी को

## सभी विभागीय संगठनों के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच के तत्वावधान में टीईटी अनिवार्यता एवं एनपीएस-यूपीएस व निजीकरण से इंदिरा बाल भवन में होने वाले पेंशन क्रांति महासम्मेलन की सफलता को लेकर सिंचाई विभाग में स्थित फील्ड हॉस्टल में संयुक्त राज्य कर्मचारी परिषद के जिला संरक्षक देशराज सिंह की अध्यक्षता व अटेवा जिला कोषाध्यक्ष विनीत कुमार गहलौत के संचालन में सभी विभागीय संगठनों की संयुक्त बैठक आयोजित हुई।



बैठक में अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने आगामी 15 फरवरी को होने वाले पेंशन क्रांति मार्ग सम्मेलन को सफल करने का आह्वान करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है। यदि सभी संगठित होकर संघर्ष करेंगे, तो निश्चित सुखद परिणाम मिलेंगे। संयुक्त राज्य कर्मचारी परिषद के जिला मंत्री क्रांति कुमार शर्मा व डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार रवि कहा कि पुरानी पेंशन के लिए अटेवा निरंतर संघर्षरत है। 15 फरवरी को बड़ी संख्या में हमारा कर्मचारी शामिल होगा। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला मंत्री राहुल राठी, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष दिग्विजय सिंह, जिला मंत्री अमर सिंह ने कहा कि महासम्मेलन ऐतिहासिक होगा। जिसमें जनपद के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी प्रतिभाग करेंगे। आईटीआई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता, जिला मंत्री आशिष सक्सेना, सिंचाई संघ के जिला अध्यक्ष शूरवीर सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन के लिए अटेवा ईमानदारी से संघर्ष करता है। महासम्मेलन को हमारा पूर्ण समर्थन है। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष जयप्रकाश पाल और मंत्री पंकज कटारिया राजकीय वाहन चालक महासंघ के जिला मंत्री हेमराज सिंह ने पेंशन क्रांति महासम्मेलन को समर्थन देते हुए कहा कि पुरानी पेंशन के लिए अंत तक संघर्ष करेंगे। संयुक्त राज्य कर्मचारी परिषद के जिले के संरक्षक देशराज सिंह ने सभी शिक्षक कर्मचारियों को एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया।

बैठक में राजकीय वाहन चालक संघ के जिला अध्यक्ष, नलकूप सिंचाई संघ के जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष सुशील कुमार, अटेवा जिला महामंत्री सुभाष यादव, जिला मंत्री अनुज कुमार, मनचंदा, अभिषेक सिंह, राज, आर्यन कुमार, कृष्ण कुमार, राजीव कुमार, अंकित कुमार, इंजीनियर राजेश कुमार, मौहम्मद सदीक, राजकुमार सिंह, वीरपाल सिंह, मुजफ्फर इस्लाम, विकास पाठक, सुशील कुमार, संदीप सैनी, संजय वर्मा, मनोज कुमार, दीपेंद्र कुमार, विनीत कुमार, राकेश कुमार, रवि, मोहित त्यागी आदि ने संबोधित किया।

# संयुक्त सर्वे कर्मियों का प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** गन्ना किस्मों की सही पहचान और प्रमाणीकरण को लेकर धामपुर में संयुक्त सर्वे कर्मियों का वृहद प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। गन्ना एवं चीनी आयुक्त, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्या 947 सी/विकास (दिनांक 08 जनवरी 2026) के अनुपालन में यह प्रशिक्षण धामपुर शुगर मिल्स के रामगंगा फार्म परिसर में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यशाला में विभागीय एवं चीनी मिल के संयुक्त सर्वे कर्मियों को विभिन्न गन्ना प्रजातियों का सजीव प्रदर्शन कराकर पहचान की बारीकियों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर संयुक्त गन्ना सर्वे कर्मी, प्रबंधक (गन्ना), सहायक प्रबंधक (गन्ना), चीनी मिल गन्ना पर्यवेक्षक, राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक एवं गन्ना समिति धामपुर के कर्मियों सहित 100 से अधिक अधिकारियों व कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण सत्र में गन्ना शोध केंद्र मुजफ्फरनगर के सेवानिवृत्त वैज्ञानिक डॉ. अवधेश डांगर ने किसानों के बीच प्रचलित 15 से अधिक अगेती गन्ना किस्मों- जैसे कोशा 13235, कोशा 17231, कोशा 18231, कोशा 19231, को 0118, कोल 14201, कोल 16202, को 98014, को 15023, CoJ 85, कोसे 03234, कोशा 08272 तथा सामान्य गन्ना किस्म को 5011-का फार्म में स्थापित प्रदर्शन प्लॉट पर सजीव प्रदर्शन किया।

CMYK



# सियासी सूरमा फिरोज आफताब बसपा में शामिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिले की सियासत का चमकता सितारा रहे फिरोज आफताब एक लम्बी खामोशी के बाद बसपा में शामिल हो गये। उनके बसपा में आ जाने से न केवल जिलेभर में संगठन मजबूत होगा बल्कि विधानसभा चुनाव 2027 में भी बसपा को फायदा पहुंचेगा।

दिग्गज नेता पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. काजी रशीद मसूद के एक वक्त में करीबी रहे सियासत के सूरमा फिरोज आफताब का सियासी सफर काफी उतार चढाव वाला रहा। जिस समय स्व. काजी रशीद मसूद के सितारे बुलन्दियों पर थे उस वक्त फिरोज आफताब सियासत के समीकरण बदलने वालों में शामिल थे। एक वक्त ऐसा आया जब उन्होने पूर्व केन्द्रीय मंत्री काजी रशीद मसूद के प्रत्याशी के खिलाफ सरसावा विधानसभा सीट से मजबूत चुनाव लडा, लेकिन काफी कम अन्तर से निर्भयपाल शर्मा से चुनाव हार गये थे और केन्द्रीय मंत्री का प्रत्याशी तीसरे नम्बर पर रहा था।



फिरोज आफताब ने समय-समय पर सियासी दलों को अपनी ताकत का अहसास लाखों की भीड जुटाकर कराया। आज भी तकरीर करने में उनके जैसा नेता कम से कम इस जिले में तो नही है। फिरोज आफताब एक लम्बे अरसे से सियासत से दूर रहे और उन्होने न तो कोई पार्टी ज्वाइन की और न वह किसी सियासी मंच पर दिखाई दिये। अचानक ही उन्होने बसपा में जाकर चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया। बता दे कि फिरोज आफताब ने मुस्लिम पिछडा वर्ग को लेकर एक लम्बा संघर्ष किया है।

**मुख्य मण्डल कोर्डिनेटर नरेश गौतम व मण्डल संयोजक हाजी सरफराज राईन की मेहनत लाई रंग**

बसपा के मुख्य मण्डल कोर्डिनेटर नरेश गौतम व मण्डल संयोजक हाजी सरफराज राईन काफी समय से फिरोज आफताब को पार्टी में लाने के लिए प्रयासरत थे और इसके लिए उन्होने कई महीनों तक अलग-अलग मीटिंगे की और आज फिरोज आफताब ने मण्डल संयोजक हाजी सरफराज राईन के साथ लखनऊ जाकर सुश्री मायावती के समक्ष बसपा में शामिल होने की घोषणा कर दी। बहनजी से फिरोज आफताब की मुलाकात काफी सकारात्मक रही। बसपा सुप्रीमों ने उन्हे अपने समाज के साथ मुस्लिमों व अन्य समाज के लोगों को जोडकर कार्य करने के निर्देश देते हुए अपना आशीर्वाद प्रदान किया। इनके साथ सुहैल प्रधान, बसपा जिला उपाध्यक्ष जिशान गाडा, पार्षद डा. अहतेशाम भी मौजूद रहे।

फिरोज आफताब के बसपा में शामिल होने से सभी पार्टियों के समीकरण आने वाले 2027 के चुनाव में बिगडते नजर आ रहे है, क्योंकि फिरोज आफताब एक अच्छे वक्ता के साथ-साथ मुस्लिम समाज खासकर गाडा समाज में मजबूत पकड रखते है। संभावना है कि उन्हें सहारनपुर देहात या नकुड विधानसभा से बसपा के चुनाव चिन्ह पर मैदान में उतारा जा सकता है।

# सपा प्रदेश सचिव रूही अंजुम के आवास पर पालम राणा का स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन में प्रगतिशील अधिवक्ता मंच के निर्वाचित महासचिव एडवोकेट पालम राणा का समाजवादी पार्टी की प्रदेश महासचिव रूही अंजुम के आवास स्वागत किया गया।



प्रदेश सचिव रूही अंजुम ने निर्वाचित सदस्यों व पदाधिकारियों को बधाई दते हुए कहा कि यह केवल एक स्वागत समारोह नहीं है बल्कि न्याय और समाजवादी विचारधारा की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह वंचित और शोषित वर्ग की आवाज को मजबूती देने का अवसर है। इससे पूर्व पालम राणा का पगडी पहनाकर स्वागत किया गया। नवनिर्वाचित महासचिव पालम राणा ने कहा कि वहे न्यायायिक मामलों और समाज के कमजोर वर्ग की आवाज को बुलंद करने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

इस मोके पर नागेंद्र राणा, जमाल साबरी, डॉ. मो. उस्मान, जुबैर अहमद, मीरा कुमार इस्लाम देवबन्दी, जतिनदर सिंह, कुलदीप, नदीम अंसारी, एड. धर्मेंद्र कुमार, एड. राकेश त्यागी और एड. चौ. धीर सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहे। संचालन हाजी शमशेर ने किया।

# निजी स्कूलों के शिक्षकों को मिले हकः मलिक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डा.अशोक मलिक ने कहा कि निजी स्कूलों के शिक्षकों को भी विधान परिषद सीट पर वोट देने का अधिकार मिलना चाहिये।



डा.अशोक मलिक बी एम एल सी नेशनल पब्लिक स्कूल में संघ की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार मान्यता प्राप्त स्कूलो के बेसिक स्कूलों के शिक्षकों को शिक्षक ही नहीं मानती जबकि हमारे बेहतर प्रदर्शन से 500 से 5000 तक की छात्र संख्या हमारे स्कूलों में होती है लेकिन जो विद्यालय 50 बच्चों की संख्या का आंकड़ा भी नहीं छू पाते उन टीचरों को शिक्षक मान रही है उन्हीं को विधान परिषद शिक्षक सीट पर वोट देने का अधिकार है और राष्ट्रपति अवार्ड और राज्यपाल अवार्ड दिए जाते हैं हमें ना राष्ट्रपति अवार्ड और राज्यपाल अवार्ड नहीं दिया जा रहा है और नहीं वोट देने का अधिकार है।

जिलाध्यक्ष रविंद्र मलिक एवं महामंत्री विजय कुमार ने भी विचार रखे।

इस अवसर पर महामंत्री विजय कुमार विजयपाल मास्टर रिजवान मास्टर विकास कुमार कैंडी अजय धीमान विपिन कुमार रामकुमार एलम अनीश खान शराफत राव खुर्रम जब्बार सैफीविनोद आदेश समीर यासिर खान याकूब संजीव टिंकू चौहान शोएब सोनू सुनील गोयल उज्जवल आदि उपस्थित रहे।

# शोध प्रक्रिया कैसे अपनाएं पर व्याख्यान

**सहारनपुर।** महानगर की प्रमुख शिक्षण संस्था जेवी जैन कालेज में शोध प्रक्रिया कैसे अपनाएं विषय पर आयोजित शैक्षिक व्याख्यान में भारी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भागीदारी की।

अलीगुढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता प्रो. गया दुबे ने शोध प्रक्रिया के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि शोध में शोध प्रश्नों का निर्धारण, शोध परिकल्पनाओं का निर्माण, शोध-अंतराल की पहचान, उद्देश्य आधारित व्याख्या एवं अर्थापन, शोध परिणामों का विश्लेषण तथा निष्कर्ष किस प्रकार निकाले जाने चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शोध निष्कर्षों को पूर्ववर्ती शोधों से किस प्रकार समर्थन दिया जाए तथा यदि समर्थन उपलब्ध न हो तो उसके कारणों की विवेचना कैसे की जाए।

# उत्तराखंड में पटरी से उतरा कानून का राजः रावत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य हरीश रावत ने कहा कि उत्तराखण्ड में कानून का राज पटरी से उतर गया है। भू माफिया, खनन माफिया और बेटियों के साथ दुष्कर्म दिन प्रतिदिन बढ़ रहे है।



हरीश रावत ने यह बात कुरूक्षेत्र से देहरादून जाते समय छुटमलपुर में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव मुजतबा एडवोकेट के निवास पर अपने स्वागत के बाद पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि उधमसिंहनगर में किसान सरदार सुखवंत सिंह की आत्महत्या में शामिल दोषी ऊधमसिंह नगर के एसएसपी सहित सभी पुलिस कर्मियों को निलंबित कर पूरे मामले की सीबीआई जाँच के तत्काल सरकार आदेश करे अन्यथा कांग्रेस पार्टी सदन से सड़क तक आंदोलन जारी रखेगी।

पूर्व मुख्य मंत्री ने उत्तराखंड सरकार पर आरोप लगाया कि सरकार चारो तरफ से आरोपियों को बचाने में जुटी हुई है सरकार पूरी तरह फेल हो चुकी है। जंगली जानवरो के हमले भारी संख्या में बढ़ रहे है। सरकार राहत और बचाव के लिये उचित व्यवस्था करे। एक सवाल पर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यो में जहाँ जहाँ अन्य दलों से कांग्रेस का गठबंधन है वह जारी रहेगा उसकी समीक्षा की जा सकती है कुछ सीटे घटायी बढ़ायी जा पूर्ववर्ती समय में गठबंधन के अच्छे परिणाम आये है। लोकसभा में उत्तरप्रदेश में अच्छे परिणाम सभी के सामने है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव मुजतबा एडवोकेट ने कहा कि भाजपा झूठ के सहारे सत्ता में आयी है आम जनमानस भाजपा की सरकारों में महंगाई और बेरोजगारी और बढ़ते अपराध को लेकर कांग्रेस की और आशा और उम्मीद से देख रही है।

इस अवसर पर अब्दुल हसीब मलिक, मनोज चौधरी, प्रधान फरमान मलिक, प्रधान नासिर अली, परवीन ठेकेदार, याहीया मलिक, राव यूसुफ, कारी आबिद, अजीम मलिक, हाजी छोटा, महबूब तलहेड़ी, अरशद मलिक, नासिर सैफी, फेसल मिर्जा, परवेज मलिक ने स्वागत किया।

# पूर्व विधायक सुशील चौधरी का लम्बी बीमारी के बाद निधन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तीतरों।** पूर्व विधायक सुशील चौधरी का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुनकर घर के सामने समर्थकों का जमावड़ा सुबह से लगना शुरू हो गया था। सुशील चौधरी इंडियन नेशनल कांग्रेस के टिकट पर सन 2002 में नकुड से विधायक चुने गए थे। सुशील चौधरी साफ सुथरी छवि के साथ साथ शांत प्रवृत्ति के व्यक्ति थे।

2021 में जब उनका कांग्रेस पार्टी से मोह भंग हो गया तो उन्होंने भाजपा में जाने का मन बनाया। भाजपा के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने उन्हें एक कार्यक्रम के दौरान भाजपा की सदस्य ग्रहण कराई थी। कस्बे के श्मशान घाट में उनका दाह संस्कार किया गया। उनके निधन पर सपा महासचिव चौधरी रूद्र सेन, पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, पूर्व मंत्री साहब सिंह सैनी, पूर्व विधायक महिपाल सिंह माजरा, शायान मसूद, पवन सिंह राठौर आदि शामिल रहे। गमगीन माहौल के बीच सुशील चौधरी का दाह संस्कार किया गया। बेटे विशाल चौधरी ने मुखाग्नि दी।

# जिलाध्यक्ष शाहजमा के नेतृत्व में बढ़ा रालोद का कुनबा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा के अनेक कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी छोड़कर राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण कर ली।

दिल्ली रोड स्थित रालोद के जिला कार्यालय पर आयोजित बैठक में चौधरी शिवकुमार गुर्जर एवं ठाकुर प्रमोद प्रधान के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के अनेक कार्यकर्ताओं श्रीमती कमलेश, प्रवीण कुमार, अभिषेक पुंडीर, मोहित, अरुण, मांगेराम, सचिन चौहान, सुबोध कुमार, अतुल शर्मा, कटार सिंह, डॉ. नदीम मलिक, अनुज शर्मा, प्रवेश कुमार, शेर खान, शोभान ने रालोद में शामिल होने की घोषणा की। बैठक में राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष शाहजमां खान ने फूल-मालाएं पहनाकर एवं पार्टी का पटका पहनाकर रालोद में शामिल होने वालों का स्वागत किया।



इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शाहजमां खान ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी की नीतियों तथा किसान मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह के सिद्धांतों से प्रभावित होकर भारी संख्या में लोग अन्य दलों को छोड़कर राष्ट्रीय लोक दल में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी का जनाधार निरंतर तेजी से बढ़ रहा है और केंद्र एवं प्रदेश सरकार में पार्टी की भागीदारी होने के कारण कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव चौधरी धीरसिंह क्षेत्रीय महासचिव रमेश चौहान, महावीर सैनी, एडवोकेट मनोज वर्मा, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष जसमेर सिंह, जिला उपाध्यक्ष ठाकुर मूलचंद सिंह, जिला महासचिव दिनेश शर्मा, हिमांशु जैन, अरविंद मलिक, अनिल सैनी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गोबर से बने पेंट की बढ़ी डिमांड

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा संचालित कान्हा उपवन गौशाला में गोबर से निर्मित पेंट की डिमांड बाजार में लगतार बढ़ती जा रही है। गौशाला में गोबर से निर्मित 3 हजार 160 लीटर पेंट अब तक विक्रय किया जा चुका है। आज गौशाला प्रभारी एवं निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा ने गौमय पेंट की बिक्री की रायल्टी का 33 हजार 22 रुपये का चेक नगरायुक्त शिपू गिरि को भेंट किया। इसके साथ ही सहारनपुर नगर निगम गोबर से बने 'प्राकृतिक पेंट' के उत्पादन में प्रदेश का पहला निकाय बन गया है।

नगर निगम द्वारा सावलपुर नवादा स्थित माँ शाकुंभरी कान्हा उपवन गोशाला में पर्यावरण संरक्षण और 'वेस्ट टू वेल्थ' के सिद्धांत को अपनाते हुए गाय के शुद्ध गोबर से प्राकृतिक पेंट निर्माण की इकाई स्थापित की गई है। जिसमें गाय के गोबर से प्राकृतिक पेंट का निर्माण किया जा रहा है। गौशाला प्रभारी ने डॉ. संदीप मिश्रा ने बताया कि अभी तक 03 हजार 160 लीटर पेंट विक्रय किया जा चुका है, जिसमें 2,200 लीटर इमल्शन और 960 लीटर डिस्टेंपर पेंट शामिल है। उन्होंने बताया पेंट इकाई का संचालन जयपुर की प्रतिष्ठित संस्था लक्ष्मी ऑर्गेनिक्स द्वारा ई-निविदा के माध्यम से किया जा रहा है। प्रत्येक लीटर पेंट की बिक्री पर नगर निगम को 10 रुपये 45 पैसे प्रति लीटर रॉयल्टी प्राप्त हो रही है।

नगर आयुक्त शिपू गिरि ने बताया कि यह पेंट इकोफ्रेंडली एवं विष रहित है इसमें किसी भी हानिकारक रसायन का प्रयोग नहीं किया गया है। यह एंटी-बैक्टीरियल एवं एंटी-फंगल हैं, और दीवारों को कीटाणुओं व फफूंद से सुरक्षित रखता है। प्राकृतिक गुणों के कारण यह पेंट गर्मियों में घर के तापमान को नियंत्रित रखने में भी सहायक है। इसके अतिरिक्त लेड या मरकरी जैसे हानिकारक तत्व इसमें नहीं हैं, जिससे यह स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित है। दूसरे यह बाजार में उपलब्ध अन्य पेंट्स की तुलना में काफी सस्ता है। पेंट के अतिरिक्त भी कान्हा गौशाला द्वारा गोबर व गौमूत्र से 25 से अधिक गोमय उत्पाद निर्मित किये जा रहे है।

# ग्राम प्रहरी व चौकीदारों के साथ पैदल मार्च



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** नकुड़ कोतवाली क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और आमजन में विश्वास बढ़ाने के लिए पुलिस ने एक बड़ा कदम उठाया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी के कुशल निर्देशन में आज नकुड़ कोतवाली परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अगुवाई एसपी देहात सागर जैन के नेतृत्व में थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने की। इस बैठक में क्षेत्र के सभी ग्राम प्रहरी और चौकीदार उपस्थित रहे,जो पुलिस व्यवस्था की मजबूती के लिए एक मील का पत्थर साबित हो सकती है।

बैठक के दौरान पुलिस अधिकारियों ने ग्राम प्रहरियों से स्थानीय स्तर पर अपराध की रोकथाम, संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी और समुदाय के साथ बेहतर समन्वय पर चर्चा की। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने कहा, ष्ग्राम प्रहरी हमारी पुलिस व्यवस्था की रीढ़ हैं। उनकी सतर्कता और स्थानीय जानकारी अपराध नियंत्रण में निर्णायक भूमिका निभाती है। हम मिलकर इस क्षेत्र को पूरी तरह अपराधमुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।ष

बैठक के तुरंत बाद, थाना प्रभारी ने पुलिस बल और ग्राम प्रहरियों के साथ कस्बा नकुड़ के प्रमुख बाजारों, संवेदनशील स्थानों और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों में पैदल गश्त की। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि इस गश्त का मुख्य उद्देश्य अपराध पर अंकुश लगाना, संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखना और आम नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा पैदा करना है।

# टूर्नामेंट आयोजित

**सहारनपुर।** महानगर में पहली बार पिकलबॉल टूर्नामेंट का आयोजन टेररिस्ट बिस्टो, होटल ग्रैंड मॉरियर्स द्वारा अपने ग्राउंड में किया गया।

इस टूर्नामेंट में पाइनवुड स्कूल एवं अथीना स्कूल के बड़ी संख्या में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को नए खेलों से परिचित कराना और उनमें खेल भावना, फिटनेस एवं टीम वर्क को बढ़ावा देना रहा। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के अंत में सिटी मैजिस्ट्रेट की ओर से सभी प्रतिभागी बच्चों को उपहार प्रदान किए गए। सिटी मैजिस्ट्रेट ने स्वयं बच्चों के साथ फोटो खिंचवाए और उन्हें प्रोत्साहित कर उनका मनोबल बढ़ाया। आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के खेल आयोजनों के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयास किए जाते रहेंगे।

# पथ विक्रेताओं के बीच पहुंचे फरहाद गाडा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर पंचायत कर्मचारियों द्वारा पैठ बाजार में रेहड़ी पटरी वाले दुकानदारों से वसूले जा रहे पथ विक्रेता शुल्क का विरोध जताते हुए सपा नेता फरहाद आलम गाडा ने पैठ बाजार में पहुंचकर पथ विक्रेताओं से मुलाकात की।

नकुड विधानसभा से सपा के सम्भावित प्रत्याशी फरहाद आलम गाडा ने सभी रेहड़ी पटरी वाले दुकानदारों से मिलकर उनका दर्द जाना। बता दे कि नगर पंचायत द्वारा लगभग दो माह से पैठ बाजार में अचानक रेहड़ी पटरी दुकानदारों से पथ विक्रेता शुल्क वसूलना शुरू किया गया है। जिसके चलते यह गरीब दुकानदार चिंतित व परेशान हैं। इसी के चलते आज सपा नेता फरहाद इन दुकानदारों से मिलने के लिए पहुंचे थे।



इस दौरान फरहाद ने कहा कि सन् 2013 में सपा कार्यकाल के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा ऐसे सभी करों से रेहड़ी पटरी वाले दुकानदारों को राहत देते हुए तहबाजारी व अन्य कर समाप्त कर दिये थे। उन्होंने कहा कि जिला सहारनपुर में सरसावा व सुल्तानपुर चिलकाना नगर पंचायत के अलावा किसी भी नगर पंचायत में पथ विक्रेता से कोई भी शुल्क नहीं वसूला जा रहा है। गरीब रेहड़ी पटरी वाले दुकानदारों के साथ यह अन्याय बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में वह जल्द ही उच्च अधिकारियों से मिलकर बात करेंगे। उन्होंने सभी रेहड़ी पटरी वाले दुकानदारों से अपील की है कि जब तक उनकी इस समस्या का कोई भी ठोस समाधान नहीं निकलता है तब तक वह किसी भी कर्मचारी को शुल्क ना दें। इस दौरान मोहित कश्यप, सुरेंद्र तोमर, समीर गाड़ा, अहसान, शाहरुख, आफताब गाड़ा, बिलाल, सलमान, सादिक गाड़ा, हसीब, नयाब, सलीम अहमद, अमीर, प्रदीप कुमार, मोहसिन, भूरा, अहमद, शाहवेज, अदीब गुज्जर आदि मौजूद रहे।

# माता अहिल्याबाई स्मारक को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वाराणसी के ऐतिहासिक मणिकर्णिका घाट पर स्थित माता अहिल्याबाई होलकर स्मारक के ध्वस्तीकरण के विरोध में आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया।



उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस अध्यक्ष संदीप सिंह राणा एवं महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी के संयुक्त नेतृत्व में कांग्रेसजन कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्रित हुए और नारेबाजी करते हुए महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। कांग्रेसजन 10 जनवरी 2026 को मणिकर्णिका घाट पर की गई ध्वस्तीकरण की कार्रवाई में माता अहिल्याबाई होलकर जी के 235 वर्ष पुराने स्मारक को गिराए जाने का विरोध कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष संदीप सिंह राणा ने इस कार्रवाई को अत्यंत शर्मनाक, दुर्भाग्यपूर्ण एवं ऐतिहासिक धरोहरों के प्रति भाजपा सरकार की असंवेदनशीलता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि वर्ष 1791 में माता अहिल्याबाई होलकर द्वारा मणिकर्णिका घाट का जीर्णोद्धार कराया गया था, जो भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का अमूल्य प्रतीक है। संदीप राणा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार विकास के नाम पर ऐतिहासिक धरोहरों को नष्ट कर रही है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी बाबा विश्वनाथ कॉरिडोर के नाम पर काशी में सैकड़ों प्राचीन और सिद्ध हिंदू मंदिरों को तोड़ा गया, जो भाजपा की हिन्दू विरोधी मानसिकता को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विकास के विरुद्ध नहीं है, लेकिन विकास के नाम पर संस्कृति और विरासत का विनाश स्वीकार नहीं किया जा सकता। कांग्रेस ने अहिल्याबाई होलकर स्मारक के पुनर्निर्माण तथा भविष्य में काशी में होने वाले सौंदर्यीकरण कार्यों में धर्माचार्यों एवं स्थानीय नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग की। महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने इस कार्रवाई को सनातन परंपरा के विरुद्ध बताते हुए अहिल्याबाई होलकर स्मारक के शीघ्र पुनर्निर्माण की मांग की। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल धर्म और जाति की राजनीति कर समाज को बांटने का कार्य कर रही है, जबकि कांग्रेस हर पीड़ित के साथ मजबूती से खड़ी है। प्रदर्शनकारियों में जिला प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा, पूर्व प्रदेश सचिव अशोक सैनी व प्रवीण चौधरी, अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश महासचिव अरविंद पालीवाल, महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव मधु सहगल, जिला उपाध्यक्ष नितिन शर्मा, वरुण शर्मा, दुष्यंत राणा, सरदार चंद्रजीत सिंह निक्कू, अक्षय चौधरी, सेवादल जिला अध्यक्ष इमरान कुरैशी, अनुसूचित जाति विभाग जिला अध्यक्ष मुनीश सहगल, सेवादल महानगर अध्यक्ष अनुज शर्मा, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राजन बिरला सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# चोरों के आगे नतमस्तक नकुड़ पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** नगर क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बीते एक माह के भीतर आधा दर्जन से अधिक चोरी की वारदातें सामने आ चुकी हैं, लेकिन अब तक नकुड़ पुलिस एक भी मामले का खुलासा नहीं कर सकी है। लगातार हो रही घटनाओं से नगरवासियों में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

ताजा मामला सोमवार का है जब तहसील के समीप रहने वाले सरदार वीरेंद्र सिंह के घर चोरों ने लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। पीड़ित सरदार वीरेंद्र सिंह ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ नलहेड़ा जैनपुर स्थित गुरुद्वारे में चल रहे पाठ में शामिल होने गए थे। परिवार को गुरुद्वारे छोड़कर वह लगभग एक घंटे बाद घर लौटे तो



अंदर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। घर का सामान बिखरा पड़ा था और उनकी पत्नी व पुत्रवधू के करीब आठ तोले सोने तथा इतनी ही मात्रा में चांदी के जेवरात गायब थे। पीड़ित के अनुसार चोरों ने घर के दरवाजे का ताला मास्टर चाबी से खोलकर वारदात को अंजाम दिया। सूचना मिलते ही नकुड़ पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। गौरतलब है कि इससे पहले नगर में डॉ. पंकज शर्मा से करीब डेढ़ तोले की सोने की चेन लूट ली गई थी, जिसे दो सप्ताह से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन उस मामले में भी पुलिस को कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इसके अलावा मोहल्ला महादेव से एक बाइक चोरी की घटना भी सामने आ चुकी है। लगातार हो रही इन वारदातों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। नगर वासियों का कहना है कि पुलिस द्वारा गश्त किए जाने के बावजूद चोरी और लूट की घटनाएं हो रही हैं जिससे स्पष्ट है कि चोरों को पुलिस का कोई भय नहीं है।

CMYK

# सम्पादकीय

मंगलवार, 20 जनवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## यूरोप से टकराव

किसी ने नहीं सोचा होगा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कड़े फैसले से अमेरिका और यूरोप के बीच इस तरह की खटास पैदा होगी, जिस तरह की देखने में आ रही है। सारा विवाद ग्रीनलैंड को लेकर है। ट्रम्प ग्रीनलैंड को हर कीमत पर हासिल करना चाहते हैं। वहीं यूरोपीय देश इस कोशिश का विरोध कर रहे हैं। ट्रम्प ने इससे चिढ़कर आठ देशों पर 10 फीसदी टैरिफ भी लगा दिया है जो एक फरवरी से लागू होगा। जैसीकि आदत है टैरिफ की यह घोषणा करते समय ट्रम्प यह कहने से नहीं चूकते कि अगर उन्हें ग्रीनलैंड को नहीं दिया जाता, तो यह टैरिफ एक जून से बढ़ाकर 25 फीसदी कर दिया जाएगा। लगता है कि यूरोपी संघ ने भी अब ट्रम्प को उन्हीं की भाषा में जवाब देने का मन बना लिया है और उसने संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ लंबे समय से चल रहा ट्रांस अटलांटिक व्यापार समझौते को रोक दिया है। यूरा. पी संघ की तरफ से अब अमेरिका को ट्रेंड एक्शन पर कड़ा जवाब देने की बात कही जा रही है। रिन्यू यूरोप की व्यापार समन्वयक कैरिन कार्ल्सब्रो ने कहा भी है कि अगर दबाव और जबरदस्ती जारी रहती है तो हम जवाबी टैरिफ या बाजूका जैसे कड़े उपायों के इस्तेमाल से इन्कार नहीं कर सकते। यूरोप–अमेरिकी संबंध बेहद घनिष्ठ रहे हैं। हर संकट के समय में यह एक–दूसरे को सहयोग देते रहे हैं और अमे. रिका पूरी तरह इन्हें सुरक्षा कवच प्रदान करता रहा है, लेकिन लगता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के सिर पर अब पूरी तरह सनक सवार है और वह परंपरागत संबंधों से ऊपर उठकर काम करना चाहते हैं। ऐसा करते हुए वह दोस्त व दुश्मन में कोई फर्क करते दिखाई नहीं दे रहे हैं। निसंदेह इस तरह का आचरण दबंगतापूर्ण ही कहा जाएगा और यह कहीं से भी अमेरिका जैसे सुपर पॉवर देश के राष्ट्रपति की मर्यादा के विपरीत ही कहा जाएगा। ग्रीनलैंड के विषय में जो उनका तर्क है वह भी बेहद अजीब है। उनका कहना है कि अगर वह ग्रीनलैंड को हासिल नहीं करते, तो चीन व रूस वहां अपना दखल बढ़ा लेंगे जो अमेरिका के लिए चिंता का विषय है, क्योंकि ऐसा होने पर उसकी सुरक्षा प्रभावित होती है। यूरोप कंट्री जिनमें ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मन, डेनमार्क जैसे देश शामिल हैं। पूरी तरह डोनाल्ड ट्रम्प की इस विस्तारवादी नीति का पुरजोर विरोध कर रहे हैं और इस मामले में अमेरिका को नसीहत दे रहे हैं कि वह लक्ष्मण सीमा न लांघे। अमेरिकी राष्ट्रपति का जैसा अब तक रुख रहा है, उससे नहीं लगता कि उन पर इस तरह की नसीहतों का कोई असर होगा। बात यूरोपीय देशों तक ही नहीं हम देख चुके हैं कि किस तरह व उन सब देशों के साथ क्रूर व्यवहार कर रहा है, जो रूस या ईरान से संबंध रखते हैं। उसमें हमारा देश भारत भी शामिल है। भारत पर उसने 50 प्रतिशत टैरिफ इसी खुन्नस में लगाया है कि भारत रूस से तेल ले रहा था। इस तरह की दादागिरी का खुलकर विरोध होना ही चाहिए।

### चुप रहने की संस्कृति में लालच की भावना



आरएसएस और भाजपा चाहते हैं कि जनता सवाल न करें और चुप रहें, ताकि यह कुछ बिजनेसमैन के हाथों देश को बेच सकें, हम ऐसा बिल्कुल नहीं होने देंगे, कांग्रेस ही संविधान को बचा सकती है, कांग्रेस ने संविधान में बदलाव करके पंचायत, जिला और राज्य स्तर पर शासन को मजबूत किया, संविधान बचाने का मतलब है सत्ता और फैसलों का अधिकार लोगों तक पहुंचाना, आरएसएस व भाजपा सत्ता को अपने पास ही रखना चाहते हैं, लेकिन कांग्रेस सत्ता को निचले स्तर तक पहुंचाने में भरोसा रखती है और गांव- कस्बों में लोकतंत्र को मजबूत करना चाहती है, कोई भी देश अगर चुप रहता है, तो वो महान नहीं हो सकता। चुप रहने की संस्कृति में लालच की भावना छुपी होती है। **–राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

## प्रोसेस्ड फूड से अभी कर लें तौबा

सोडा, कैंडी और फ्रोजन फूड जैसे अति–संसाधित खाद्य पदार्थ हमारी लालसा को तो संतुष्ट कर सकते हैं, लेकिन अनुसंधान से पता चल रहा है कि यह हृदय और मस्तिष्क के लिए हानिक. ारक हो सकते हैं। ब्रिटिश मेडिकल जर्नल में प्रकाशित शोध सारांश में इन खाद्य पदार्थों की अधिक खपत का हृदय रोग, मधुमेह, मोटापा, सांस की दिक्कत, चिंता, अवसाद और संज्ञानात्मक क्षति के जोखिमों से सीधा सम्बंध बताया गया है। एक अन्य अध्ययन के मुताबिक ऐसे खाद्य पदार्थों का अत्यधिक सेवन अवसाद और चिंता के जोखिम में क्रमशः 44 और 48 प्रतिशत की वृद्धि करता है। अध्ययन यह भी बताते हैं कि कुल कैलोरी उपभोग में से इन खाद्य पदार्थों का कुछ हिस्सा ही जोखिम को बढ़ा देता है। इंग्लैंड, स्कॉटलैंड और वेल्स में 5 लाख लोगों पर किए गए एक अध्ययन में अति–संसाधित खाद्य उपभोग में केवल 10 प्रतिशत वृद्धि से मनोभ्रंश के जोखिम में 25 प्रतिशत की वृद्धि पाई गई है। वैसे अभी भी यह स्पष्ट नहीं है कि ऐसे खाद्य पदार्थों और स्वास्थ्य के बीच कार्य–कारण सम्बंध क्या है। यह तो सब जानते हैं उच्च मात्रा में नमक, चीनी और संतृप्त वसा लेने के कारण जीर्ण शोथ, उच्च रक्तचाप और टाइप–2 मधुमेह होने की संभावना होती है, लेकिन अधिकतर लोग इस बात से अनभिज्ञ हैं कि ए परिस्थितियां मस्तिष्क के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। कृत्रिम मिठास और मोनोसोडियम ग्लूटामेट जैसे पदार्थ मस्तिष्क द्वारा कतिपय रसायनों (जैसे डोपामाइन, सीरोटोनिन, नॉरएपिनेफ्रीन) के उत्पादन और विमोचन को बाधित कर सकते हैं, जिससे मान. सिक और भावनात्मक स्वास्थ्य सम्बंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं। अति–संसाधित खाद्य पदार्थ की लत भी लग सकती है जिसे कंपनियां भोजन चुनाव सम्बंधी हमारे निर्णयों को प्रभावित करने के लिए इस्तेमाल करती हैं। नैसर्गिक तौर पर मिलने वाले फल या तो मीठे होते हैं (जैसे सेब) या वसा से भरपूर होते हैं (जैसे मूंगफली)। प्रकृति में सामान्यतः ऐसे खाद्य पदार्थ नहीं मिलेंगे जिनमें शकर, नमक और वसा तीनों हों। दूसरी ओर, अति–संसाधित खाद्य पदार्थों में चीनी और वसा दोनों एक साथ होते हैं, और ऊपर से नमक, कृत्रिम गंध और रंग–रोगन। ऐसे में, दिमाग बेकाबू हो जाता है। इन खाद्य पदार्थों की खपत कम करने और कम संसाधित विकल्पों को चुनने से बेहतर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य परिणाम हासिल हो सकते हैं। हम तीन तरह की चीजें खाते हैं–अ–संसाधित, संसाधित और अति–संसाधित। असंसाधित खाद्य पदार्थ यानी ताजा या फ्रिज में रखे फल–सब्जियां, आटा वगैरह। इनमें प्रायरू एक ही पोषक पदार्थ होता है। संसाधित पदार्थ वे कहलाते हैं जिन्हें असंसाधित खाद्य से सीधे प्राप्त किया जाता है – जैसे वनस्पति तेल, शकर वगैरह। इसके बाद आते हैं थोड़े संसाधित खाद्य पदार्थ जैसे मक्खन, प्रिजर्वेटिव रहित ब्रेड, अचार वगैरह। इनमें भी घटकों की सूची बहुत छोटी होती है। फिर आते हैं अति–संसाधित खाद्य, केक, ऊर्जादायक बार वगैरह, प्रिजर्वेटिव्स के साथ रखे गए तैयारशुदा भोजन वगैरह। इनमें अक्सर भरपूर वसा, शकर, नमक वगैरह होते हैं और ऊपर से तमाम खुशबुएं, रंग–रोगन वगैरह डाले जाते हैं। इनमें उपस्थित घटकों की फेहरिस्त काफी लंबी हो सकती है। अति–संसाधित खाद्य पदार्थों का अधिक सेवन मस्तिष्क के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। यह खाद्य पदार्थ कैलोरी से भरपूर होते हैं, जिससे मोटापा बढ़ता है। शरीर की वसा कोशिकाएं निष्क्रिय होकर शोथजनक अणु मुक्त करने लगती है जिनसे अवसाद, चिंता और मनोभ्रंश जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। कई शोध अध्ययनों से पता चला है कि संभावना रहती है कि आबादी का एक बड़ा हिस्सा इन खाद्य पदार्थों का आदी हो जाएगा, जिससे उनकी खपत में और अधिक वृद्धि हो सकती है। इसके अतिरिक्त, अति–संसाधित खाद्य पदार्थों का सेवन करने वाले व्यक्ति फलों, सब्जियों और साबुत अनाज में पाए जाने वाले आवश्यक पोषक तत्वों से वंचित रह जाएंगे जो मस्तिष्क के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं। इन आवश्यक तत्वों की कमी से अवसाद जैसी मानसिक समस्याएं हो सकती हैं। यह देखा गया है कि गरीब लोग ऐसे खाद्य पदार्थों का अत्यधिक सेवन करते हैं। लुभावने विज्ञापनों और हर गली–नुक्कड़ पर मौजूद गुमठियों में आसानी से मिलने के कारण अति–संसाधित खाद्य पदार्थ लोगों को आकर्षित करते हैं, और खुद को रोक पाना काफी मुश्किल होता है।

**अति–संसाधित खाद्य पदार्थों से बचने के लिए, विशेषज्ञ कुछ सुझाव देते हैं–**

1. खुद को दोष देने की बजाय इस बात को जानें कि इन खाद्यों के आदी होने के लिए पूरा माहौल बनाया गया है।
2. भूख से प्रेरित लालसा से बचने के लिए नियमित समय पर भोजन करें।
3. अति–संसाधित खाद्य पदार्थों की जगह गिरियों और ताजे फलों जैसे विकल्प अपनाएं।
4. कम सोडियम और कम शर्करा वाले खाद्य पदार्थों को प्राथमिकता दें।
5. कुछ अति–संसाधित खाद्य पदार्थ अन्य अति–संसाधित खाद्य पदार्थ की तुलना में स्वास्थ्यवर्धक विकल्प हो सकते हैं, जैसे मैदे की बजाय आटे की ब्रेड।
6. बच्चों को खाद्य विपणन की तिकड़मों के बारे में शिक्षित करें। मुख्तसर सी बात है कि अति–संसाधित खाद्यों के प्रति सजग रहें और स्वयं को इनकी गिरफ्त से बचाएं।



**–स्रोतफीचर्स**

### जलवाष्प भी जलवायु पर डालती है प्रभाव

जब भी जलवायु परिवर्तन की बात होती है, चर्चाओं का केंद्र कार्बन डाईऑक्साइड और मीथेन होते हैं, लेकिन जलवाष्प भी एक शक्तिशाली ग्रीनहाउस गैस है जो जलवायु पर गंभीर प्रभाव डालती है। जलवाष्प कई वर्षों तक समताप मंडल में बनी रहती है और धरातल की गर्मी को अवशोषित कर इसे वापस धारती पर फेंकती है। एक अध्ययन में पाया गया था कि 1990 के दशक में संभवतः समतापमंडलीय पानी में आई उछाल ने उस समय वैश्विक तापमान को 30 प्रतिशत तक बढ़ा दिया था और साइंस एडवांसेज में प्रकाशित एक अधयन के अनुसार वैज्ञानिक इन दिनों जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए जलवाष्प आधारित एक क्रांतिकारी रणनीति पर काम कर रहे हैं–समताप मंडल का निर्जलीकरण। समतापमंडल के निर्जलीकरण का सिद्धांत यह है कि नमी से भरी हवा को समतापमंडल में पहुंचने से पहले ही रोक लिया जाए और उसे कणों के आसपास बादलों का रूप दे दिया जाए। नेशनल ओशियनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन के भौतिक विज्ञानी शुका वार्ज के नेतृत्व में इस रणनीति ने पारंपरिक जियोइंजीनियरिंग विधियों का एक विकल्प प्रदान किया है। इस तकनीक में प्रति सप्ताह केवल 2 किलोग्राम पदार्थ की आवश्यकता होती है, जो संसाधान–कुशल साबित होगा। इसके अलावा, बिस्मथ ट्रायआयोडाइड नामक इस पदार्थ के छिड़काव के लिए हवाई जहाज की जरूरत नहीं पड़ेगी, गुब्बारे या ड्रोन से इसका छिड़काव किया जा सकता है। इस तकनीक का उपयोग करने के लिए कुछ ऐसे विशिष्ट क्षेत्रें की पहचान की गई है जहां से ऊपर की ओर उठने वाली हवाओं की तेज धाराएं समताप मंडल तक पहुंचती हैं। जैसे पश्चिमी भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर का क्षेत्र अलबत्ता, इस तकनीक में कई चुनौतियां और जोखिम भी हैं। एक संभावना अनपेक्षित परिणाम हैय यदि सीडिंग कण के कारण बादल वांछित जगह पर न बनकर अन्यत्र कहीं एवं अलग तरह के बादल बन जाना जो गर्मी को परावर्तित करने की बजाय धरती से निकलने वाली गर्मी को सोखने लगें। ऐसे में इस तकनीक की व्यवहार्यता का आकलन करने के लिए गहन शोध आवश्यक है। बहरहाल, नीति निर्माताओं और शोधकर्ताओं के बीच अपरंपरागत रणनीतियों के लिए खुलापन बढ़ रहा है। ताप–रोधी बादलों की जांच जैसी पहल जलवायु सम्बंधी बदलती सोच की द्योतक है। हालांकि, इस मुद्दे पर अभी भी चर्चाएं जारी है और अनिश्चितताएं बनी हुई हैं। फिर भी यह स्पष्ट है कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए साहसिक और कल्पनाशील रणनीतियां आवश्यक हैं।

## किसी रहस्य से कम नहीं तोतों का रंग

**ये रंजक कार्बन श्रंखलाओं से बने होते हैं। इन श्रंखलाओं के अंतिम छोर पर एक हल्का–सा रासायनिक बदलाव रंग को बदल देता है। यदि अंतिम छोर पर एल्डिहाइड समूह है, तो पंख लाल हो जाता है। यदि एल्डिहाइड की जगह कार्बोक्सिल समूह आ जाता है, तो पंख पीला हो जाता है। इस खोज से पता चलता है कि प्रकृति में अक्सर सरल अभिक्रियाओं के नाटकीय परिणाम होते हैं। इस शोध ने तोते में रंगों के विकास को नियंत्रित करने के लिए जिम्मेदार जीन को भी उजागर किया है। यह जीन एक एंजाइम को कोड करता है जो एल्डिहाइड को कार्बोक्सिल समूह में परिवर्तित करके लाल रंजक को पीला कर देता है। इस जीन द्वारा उत्पादित एंजाइम की मात्रा निर्धारित करती है कि पंख कितना पीला होगा।**


तोते अपने आकर्षक और सुंदर रंगों के लिए मशहूर हैं, जिनमें चटकीले लाल और पीले से लेकर आकर्षक हरे और नीले रंग भी शामिल हैं। वर्षों से, वैज्ञानिक इस बात पर हैरान हैं कि यह पक्षी, कई अन्य जानवरों के विपरीत, ऐसे चटकीले रंग कैसे बनाते हैं। साइंस में प्रकाशित हालिया शोध आखिरकार इन शानदार रंगों के पीछे अनोखे जैविक तंत्र पर प्रकाश डालता है।

दरअसल, अधिकांश पक्षियों में रंग उनके अपने शरीर में नहीं बनते बल्कि उनके खानपान के साथ आते हैं। जैसे फ्लेमिंगो झींगा खाकर गुलाबी हो जाते हैं, लेकिन तोतों में मामला अलग है। वे अपने बढ़ते हुए पंखों में एक एंजाइम की मदद से सिटाकोफल्विन समूह के रंजक बनाने के लिए विकसित हुए हैं। इनमें छिटपुट परिवर्तनों के माध्यम से विभिन्न रंग पैदा होते हैं। वैसे कुछ रंग दो रंगों के मेल से भी पैदा होते हैं जैसे हरा रंग नीले व पीले के मेल से। इसके अलावा कई रंग पंखों की सूक्ष्म बनावट से भी नजर आते हैं। जैसे नीला रंग इस पंख की सतह पर मौजूद सूक्ष्म रचनाओं और प्रकाश की अंतर्क्रिया से पैदा होता है। तोतों के विभिन्न रंगों को समझने में असली सफलता तब मिली जब वैज्ञानिकों ने रासायनिक स्तर पर सिटाकोफल्विन का विश्लेषण किया। ये रंजक कार्बन श्रंखलाओं से बने होते हैं। इन श्रंखलाओं के अंतिम छोर पर एक हल्का–सा रासायनिक बदलाव रंग को बदल देता है। यदि अंतिम छोर पर एल्डिहाइड समूह है, तो पंख लाल हो जाता है। यदि एल्डिहाइड की जगह कार्बोक्सिल समूह आ जाता है, तो पंख पीला हो जाता है। इस खोज से पता चलता है कि प्रकृति में अक्सर सरल अभिक्रियाओं के नाटकीय परिणाम होते हैं। इस शोध ने तोते में रंगों के विकास को नियंत्रित करने के लिए जिम्मेदार जीन को भी उजागर किया है। यह जीन एक एंजाइम को कोड करता है जो एल्डिहाइड को कार्बोक्सिल समूह में परिवर्तित करके लाल रंजक को पीला कर देता है। इस जीन द्वारा उत्पादित एंजाइम की मात्रा निर्धारित करती है कि पंख कितना पीला होगा। रंग उत्पत्ति की इस क्रियाविधि से पता चलता है कि क्यों कुछ तोतों की प्रजातियां विकास के दौरान आसानी से लाल और पीले/हरे रंग में परिवर्तित हो जाती हैं। यह कई तरह के रंगों का उत्पादन करने का एक लचीला और कुशल तरीका है। पोर्टो विश्वविद्यालय के जीवविज्ञानी और अध्ययन के सह–लेखक रॉबर्टो आर्बोरे, इसे वैकासिक नवाचार का एक अद्भुत मामला कहते हैं जो तोतों को साथी को आकर्षित करने और दूसरों के साथ संवाद करने के संकेतों पर नियंत्रण देता है। लेकिन अभी भी कई रहस्य बने हुए हैं। वैज्ञानिक अभी भी रंग उत्पादन में शामिल कोशिकाओं को निर्धारित करने की कोशिश कर रहे हैं और साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि ए विशेष रंग सबसे पहले क्यों विकसित हुए थे।



**–स्रोत फीचर्स**

## आतंकवाद के साए में मतदाता और राष्ट्रवाद की भावना



विशेष मलिक



डॉ. प्रज्ञेंदु जिष्णु

लोकतांत्रिक प्रक्रिया की निष्पक्षता और स्वतंत्रता भी कमजोर पड़ने लगती है। आतंकवादी घटनाएं इसी प्रकार का वातावरण निर्मित करती हैं, जो प्रत्यक्ष क्षति के साथ–साथ मतदाताओं के मनोविज्ञान और चुनावी व्यवहार पर गहरा प्रभाव डालती हैं। विषेश मलिक वर्तमान में दिल्ली विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में शोधार्थी हैं और चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से मनोविज्ञान में स्नातकोत्तर की शिक्षा प्राप्त की है। वे तीन बार यूजीसी–नेट उत्तीर्ण कर चुके हैं । अपने एक शोध–लेख में उन्होंने आतंकवाद के मनोवैज्ञानिक प्रभावों तथा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं, विशेषकर मतदाता व्यवहार और चुनावी निर्णयों पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन किया है। यह शोध कार्य डॉ. प्रज्ञेंदु जिष्णु के मार्गदर्शन तथा डॉ. दिनेश छाबड़ा के परामर्श में किया जा रहा है। डॉ. प्रज्ञेंदु जिष्णु दिल्ली विश्वविद्यालय के अरबिंदो कॉलेज के अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान विभाग में प्राध्यापक हैं, जबकि डॉ. दिनेश छाबड़ा दिल्ली विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में प्राध्यापक के पद पर कार्यरत हैं।

शोध निष्कर्ष संकेत करते हैं कि जिन क्षेत्रों में चुनाव के आसपास आतंकवादी घटनाएं घटित होती हैं, वहां मतदान में भागीदारी में स्पष्ट गिरावट देखी जाती है। भय, असुरक्षा और तनाव जैसी भावनात्मक स्थितियां मतदाताओं की सोच और निर्णय प्रक्रिया को प्रभावित करती हैं, जिसके परिणामस्वरूप तर्कसंगत और विवेकपूर्ण मतदान व्यवहार बाधित होता है। वर्ष 2009 से 2019 के बीच जम्मू-कश्मीर में हुए लोकसभा चुनावों के आंकड़े भी इसी प्रवृत्ति की ओर संकेत करते हैं। जिन वर्षों में आतंकवादी घटनाओं की संख्या अधिक रही, उन्हीं वर्षों में मतदान प्रतिशत अपेक्षाकृत कम दर्ज किया गया। आतंकवादी घटनाओं के बाद मतदाताओं की प्राथमिकताएं भी बदलती दिखाई देती हैं। शिक्षा, रोजगार और आर्थिक नीतियों जैसे विकासात्मक मुद्दों की तुलना में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विषय अधिक प्रमुख हो जाते हैं। सार्वजनिक विमर्श में भी विकास के प्रश्न पीछे छूट जाते हैं और सुरक्षा–केंद्रित मुद्दे चर्चा के केंद्र में आ जाते हैं। इस प्रवृत्ति की पुष्टि वर्ष 2019 में प्रकाशित India Today के एक ओपिनियन पोल सर्वे से होती है। सर्वे के अनुसार, जनवरी 2019 में बेरोजगारी 28 प्रतिशत मतदाताओं के लिए सबसे बड़ी चिंता थी।

पुलवामा आतंकवादी हमले के बाद यह आंकड़ा घटकर 21 प्रतिशत रह गया, जबकि राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा 4 प्रतिशत से बढ़कर 26 प्रतिशत तक पहुंच गया। यह बदलाव दर्शाता है कि आतंकवादी घटनाएं किस प्रकार मतदाताओं की भावनात्मक प्रतिक्रिया को प्रभावित कर नीति–आधारित विमर्श को सुरक्षा–केंद्रित दिशा में मोड़ देती हैं। पुलवामा आतंकवादी हमले से पहले और बाद में ओपिनियन पोल के रुझान (जनवरी–मार्च 2019) शोध में मीडिया की भूमिका को भी अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। वर्ष 2000 के दशक से 2025 तक मीडिया के स्वरूप और प्रभाव क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। पहले जहां सूचना के स्रोत सीमित थे, वहीं आज प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल माध्यमों की संख्या और पहुंच में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। आतंकवादी घटनाओं से जुड़ी जानकारी मीडिया के माध्यम से अत्यंत तीव्र गति से पूरे देश में प्रसारित हो जाती है।



यह सूचना–प्रसार लोकतंत्र के लिए आवश्यक है, किंतु इसकी अत्यधिक और निरंतर कवरेज कई बार भय और असुरक्षा के वातावरण को और गहरा कर देती है। अनेक अध्ययनों से यह स्पष्ट होता है कि आतंकवादी घटनाओं से प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित लोगों की संख्या सीमित होती है, परंतु उनकी व्यापक मीडिया प्रस्तुति समाज के बड़े हिस्से को मनोवैज्ञानिक रूप से प्रभावित करती है। ऐसी परिस्थितियों में समाज के विभिन्न वर्गकृसामान्य नागरिकों से लेकर पुलिस और सशस्त्र बलों तक राष्ट्रीय सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की भावना के साथ एकजुट दिखाई देते हैं। यह सामूहिक प्रतिक्रिया स्वतंत्रता आंदोलन के उस दौर की स्मृति को पुनः जाग्रत करती है, जब देशहित में विभिन्न विचारधाराओं के लोग एक साथ खड़े हुए थे। इसी संदर्भ में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का यह स्पष्ट रुख उल्लेखनीय है कि राष्ट्र की अखंडता और संप्रभुता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं है। एक कार्यक्रम में नई पीढ़ी का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, आज की पीढ़ी के मन में देशभक्ति का जज्बा जगाना और उसके आधार पर वह पूरे जीवन देश के लिए कार्य करती रहे, ऐसी पीढ़ी का सृजन करने का यह एक बहुत बड़ा अवसर है।ह्न उन्होंने आगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि आजादी के 75वें वर्ष से लेकर 100वें वर्ष तक के अगले 25 वर्ष भारत के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होंगे। राष्ट्र की अखंडता, लोकतांत्रिक चेतना और भावी पीढ़ी की भूमिका एक–दूसरे से जुड़ती दिखाई देती है। जब राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि हो जाती है और युवाओं में देश के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को सु.ढ़ करने पर बल दिया जाता है, तब यह आवश्यक हो जाता है कि लोकतंत्र भय नहीं, बल्कि विवेक और निर्भीकता पर आधारित रहे। आतंकवाद से उत्पन्न परिस्थितियों में भी यदि मतदाता स्वतंत्र और सजग निर्णय लेता है, तो वही राष्ट्र की एकता, लोकतांत्रिक मूल्यों और दीर्घकालिक विकास की आधारशिला को मजबूत करता है।



गुरुग्राम। कड़ाके की ठंड और कोहरे वाली सुबह के दौरान दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे पर जाम में फंसे वाहन।

# नोबेल नहीं मिला, अब शांति पर भरोसा नहीं: ट्रम्प

## ग्रीनलैंड पर कब्जे का विचार इसीलिए आया, नार्वे के पीएम को चिट्ठी लिखकर शिकायत की

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नार्वे के प्रधानमंत्री जोनास गाहर स्टोरे को एक चिट्ठी लिखी है, जिसमें नोबेल न मिलने की शिकायत की गई है। पोलिटिको की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प ने चिट्ठी में लिखा है कि 8 जंग रुकवाने के बावजूद उन्हें नोबेल से सम्मानित नहीं किया गया।

उन्होंने लिखा कि अब वह सिर्फ शांति के बारे में नहीं सोच रहे। शांति जरूरी है, लेकिन अब वह यह भी सोचेंगे कि अमेरिका के हित में क्या सही है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की उनकी कोशिश की एक वजह यह भी है कि उन्हें नोबेल शांति



पुरस्कार नहीं मिला। ट्रम्प के मुताबिक, नोबेल पुरस्कार न मिलना उनके फैसले को प्रभावित कर रहा है। जोनास गाहर ने स्थानीय अखबार आफ्टेनपोस्टेन को बताया कि उन्हें ट्रम्प का यह संदेश मिला है। उन्होंने कहा कि यह जवाब उस संदेश के बाद आया। जो उन्होंने और फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने मिलकर ट्रम्प को भेजा था। यह संदेश यूरोपीय

**■ ट्रम्प हमेशा नोबेल शांति पुरस्कार लेने की इच्छा जताते रहे हैं**

देशों पर अमेरिकी टैरिफ बढ़ाने के फैसले के विरोध में भेजा गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अप्रैल 2025 में व्हाइट हाउस में नार्वे के प्रधानमंत्री जोनास गाहर स्टोरे के साथ द्विपक्षीय बैठक की थी। रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प ने लेटर में कहा कि डेनमार्क ग्रीनलैंड की रक्षा रूस या चीन से नहीं कर सकता और वैसे भी उनके पास स्वामित्व का अधिकार क्यों है? इससे जुड़ा कोई लिखित दस्तावेज नहीं हैं। बस इतना है कि सैकड़ों साल पहले एक नाव वहां उतरी थी। उन्होंने कहा कि मैंने नाटो की स्थापना के बाद से किसी भी व्यक्ति की तुलना में नाटो के लिए ज्यादा काम किया है। जब तक ग्रीनलैंड पर हमारा पूरा कंट्रोल नहीं होगा, तब तक दुनिया सुरक्षित नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड नहीं लिया, तो रूस या चीन इसे ले लेंगे और वे ऐसा कभी नहीं होने देंगे। ट्रम्प का कहना है कि नाटो को इस मामले में आगे आना चाहिए और अमेरिका को ग्रीनलैंड दिलाने में मदद करनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि ग्रीनलैंड अमेरिका के हाथ में होने से नाटो और ज्यादा मजबूत और प्रभावी हो जाएगा। ट्रम्प हमेशा नोबेल शांति पुरस्कार लेने की इच्छा जताते रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्रीनलैंड तनाव, यूक्रेन के लिए खतरे का संकेत

**मैनचेस्टर।** ग्रीनलैंड के अधिग्रहण को लेकर अमेरिका और यूरोपीय देशों के बीच चल रहा तनाव यूक्रेन के लिए विनाशकारी प्रभाव उत्पन्न कर सकता है। गार्जियन अखबार की सोमवार की रिपोर्ट के अनुसार, यूरोपीय नेता अब एक विकट स्थिति का सामना कर रहे हैं, क्योंकि यूक्रेन संघर्ष में अभी भी अमेरिका के समर्थन की जरूरत है, लेकिन इस तनाव के कारण स्थिति विकट होती नजर आ रही है। गार्जियन ने बताया कि जुलाई में, यूरोपीय संघ (ईयू) ने इस उम्मीद से अमेरिका के साथ एक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए थे कि यह समझौता अमेरिका को संघर्ष में यूक्रेन का समर्थन जारी रखने के लिए मजबूर करेगा।

### पाकिस्तान में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सोमवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.9 मापी गई।अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने यह जानकारी दी। यूएसजीएस के अनुसार ग्रीनविच मिड टाइम के मुताबिक सुबह छह बजकर 21 मिनट पर पाकिस्तान के बारिशाल से 50 किलोमीटर उत्तर और उत्तर-पश्चिम में 5.9 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए।

### चीन की फैक्टरी में विस्फोट से दो की मौत, 84 घायल

**होह्हहॉट।** उत्तरी चीन के इनर मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र में एक फैक्टरी में विस्फोट होने से दो लोगों की मौत हो गई और 84 अन्य घायल हो गए। विस्फोट के बाद आठ लोग लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह विस्फोट रविवार अपराह्न तीन बजे पश्चिमी बाओतौ शहर में बाओगांग यूनाइटेड स्टील के एक प्लेट प्लांट में हुआ।

### चिली में जंगल की आग से मरने वालों की संख्या बढ़कर 18 हुई

**सैंटियागो।** चिली के राष्ट्रपति गैब्रियल बोरिक ने रविवार को कहा कि देश के दक्षिण-मध्य क्षेत्र में लगी भीषण आग से मरने वालों की संख्या 18 हो गई है और इसमें और वृद्धि होने की आशंका है। सैंटियागो से लगभग 500 किलोमीटर दक्षिण में स्थित बायोबियो क्षेत्र के कॉन्सेप्सियन में पत्रकारों से बात करते हुए बोरिक ने कहा कि आज हमारे पास 18 मौतों की पुष्टि हुई है, लेकिन दुर्भाग्य से हमें यकीन है कि यह आंकड़ा बढ़ेगा।

### चीन की विकास दर 2025 में लगभग पांच प्रतिशत रही

**बीजिंग।** चीन की विकास दर 2025 में लगभग पांच प्रतिशत रही और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 140.1879 ट्रिलियन युआन (लगभग 20.01 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के आंकड़ों से पता चला है कि 2025 में चीन का सकल घरेलू उत्पाद 140.1879 ट्रिलियन युआन (लगभग 20.01 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था।

# भारत के पड़ोस में आतंकवादी ढांचों को सहायता न दे पोलैंड

## विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की नीति अपनाने का किया आग्रह

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने पोलैंड से आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की नीति अपनाने का आग्रह करते हुए कहा है कि उसे भारत के पड़ोस में आतंकवादी ढांचों को किसी भी प्रकार से सहायता नहीं देनी चाहिए। डा. जयशंकर ने भारत यात्रा पर आए पोलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोरस्की के साथ सोमवार को यहां वार्ता के दौरान प्रारंभिक वक्तव्य में कहा कि पोलैंड इस क्षेत्र के लिए कोई अजनबी नहीं हैं और वह सीमा-पार आतंकवाद की लंबे समय से चली आ रही चुनौती से भली-भांति परिचित हैं।

उन्होंने कहा कि पोलैंड को आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनानी चाहिए और हमारे पड़ोस में आतंकवादी ढांचे को किसी भी प्रकार से सहायता नहीं करनी चाहिए। विदेश मंत्री ने कहा कि दोनों पक्षों की बातचीत में क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर चर्चा स्वाभाविक रूप से शामिल होगी। विशेष रूप से अपने-अपने पड़ोस के संबंध में आकलनों का आदान-प्रदान उपयोगी रहेगा। उन्होंने कहा कि वह यूक्रेन संघर्ष और उसके प्रभावों पर भारत के विचार पहले भी स्पष्ट रूप से साझा कर चुके हैं और उन्होंने जोर देकर कहा है कि चुनकर भारत को निशाना बनाना न केवल अनुचित बल्कि अन्यायपूर्ण भी है। विदेश मंत्री ने कहा कि वह



**■ भारत और पोलैंड के बीच परंपरागत रूप से गर्मजोशीपूर्ण और मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं**

आज एक बार फिर इस बात को दोहरा रहे हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि यह मुलाकात ऐसे समय में हो रही है जब दुनिया में काफी उथल-पुथल है। उन्होंने कहा कि भारत और पोलैंड अलग-अलग क्षेत्रों में स्थित हैं जिनकी अपनी-अपनी चुनौतियां और अवसर हैं इसे देखते हुए विचारों और दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान करना स्वाभाविक रूप से उपयोगी है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंध भी निरंतर प्रगति कर रहे हैं लेकिन इन पर निरंतर ध्यान दिए जाने की जरूरत है। भारत और पोलैंड के बीच परंपरागत रूप से गर्मजोशीपूर्ण और मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं। हाल के वर्षों में ये संबंध उच्च-स्तरीय राजनीतिक आदान-प्रदान तथा सशक्त आर्थिक और लोगों के बीच संपर्कों से आगे बढ़कर मजबूत हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वर्ष 2024 की पोलैंड यात्रा के दौरान संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक उन्नत किया गया। डा. जयशंकर ने कहा कि दोनों देश बातचीत के दौरान 2024 से 28 तक कार्ययोजना की समीक्षा करेंगे जिसके माध्यम से हम अपनी रणनीतिक साझेदारी की पूरी क्षमता को साकार करना चाहते हैं। इसके अलावा व्यापार और निवेश, रक्षा और सुरक्षा, स्वच्छ प्रौद्योगिकियों तथा डिजिटल नवाचार में सहयोग को आगे बढ़ाने के तरीकों पर भी चर्चा करेंगे। विदेश मंत्री ने कहा कि पोलैंड मध्य यूरोप में भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक है और दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार लगभग 7 अरब डॉलर है जिसमें पिछले एक दशक में लगभग 200 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

### पोलैंड के उप प्रधानमंत्री सिकोर्स्की भारत-पोलैंड संबंधों को बढ़ावा देने के लिए नई दिल्ली पहुंचे

**नई दिल्ली।** पोलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोर्स्की सोमवार को भारत-पोलैंड रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए राजधानी पहुंचे।

वह तीन दिवसीय भारत दौरे पर आए हैं। सिकोर्स्की का स्वागत विदेश मंत्रालय की अपर सचिव पूजा कपूर ने किया। उनकी यात्रा का उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाना और भारत और पोलैंड के बीच सहयोग के नए क्षेत्रों का पता लगाना है। पोलैंड के उप प्रधानमंत्री के विदेश मंत्री एस जयशंकर से मिलने की संभावना है। इस मुलाकात में भारत-पोलैंड रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने पर चर्चा होगी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि नई दिल्ली में आपका हार्दिक स्वागत है। पोलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोर्स्की आज नई दिल्ली पहुंचे। नई दिल्ली में उनके कार्यक्रम भारत-पोलैंड रणनीतिक साझीदारी को आगे बढ़ाने पर केंद्रित हैं। राजधानी पहुंचने से पहले सिकोर्स्की 17 से 18 जनवरी को जयपुर गए थे।

### देश में अशांति बढ़ने पर रजा पहलवी ने ईरान लौटने का किया वादा

**तेहरान।** ईरान के अंतिम शाह के निर्वासित बेटे रजा पहलवी ने कहा है कि इस समय ईरान में 'कब्जे और आजादी' को लेकर लड़ाई चल रही है और वह देश के लोगों की भावनाओं को समझते हुए वापस लौटेंगे। पहलवी ने एक वीडियो संदेश में ईरानियों को संबोधित करते हुए आगे कहा ईरानी लोगों ने मुझे नेतृत्व करने के लिए बुलाया है। मैं ईरान लौटूंगा। गौरतलब है कि बाजार में देश की करेंसी रियाल की कीमत कम होने को लेकर 28 दिसम्बर 2025 को तेहरान में जो प्रदर्शन शुरू हुआ था, वह तेजी से पूरे देश में फैल गया और सरकार के लिए बड़ी चुनौती बन गया। सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने शनिवार को स्वीकार किया कि अशांति में 'कई हजार' लोग मारे गए हैं और इसका जिम्मेदार अमेरिका और इजरायल हैं। सरकार ने प्रदर्शनकारियों की मुश्किलों को माना है।

# ग्रीनलैंड को ट्रम्प से बचाने ब्रिटेन ने एक सैनिक भेजा

**नुउक।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकियों के बीच यूरोप की 'सैन्य एकजुटता' अब मजाक का विषय बनती दिख रही है। ग्रीनलैंड की सुरक्षा के नाम पर ब्रिटेन ने सिर्फ 1 सैनिक भेजा है, जबकि सात यूरोपीय देशों के कुल मिलाकर करीब 40 सैनिक राजधानी नुउक पहुंचे हैं।

रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक डेनमार्क, नार्वे, फिनलैंड, स्वीडन, जर्मनी, फ्रांस, नीदरलैंड्स और ब्रिटेन जैसे नाटो देशों ने मिलकर आपरेशन आर्कटिक एंडयोरेंस नाम से जाइंट मिलिट्री आपरेशन शुरू किया है। ये सैनिक इसी में शामिल होने पहुंचे हैं। इस पूरे सैन्य अभ्यास पर सवाल उठाते हुए इटली के रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेत्तो ने इसे एक मजाक करार दिया है। डेनमार्क पहले से ग्रीनलैंड में करीब 200 सैनिक तैनात किए हुए है। इसके अलावा 14 सदस्ईय सीरियस डाग स्लेज पेट्रोल भी वहां

**■ सात यूरोपीय के देशों के 40 सैनिक ग्रीनलैंड की राजधानी नुउक पहुंचे, इटली बोला: ये क्या मजाक है**

मौजूद है, जो आर्कटिक इलाकों में गश्त करते हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि आने वाले दिनों में इन्हें जमीन, हवा और समुद्र के जरिए और मजबूत किया जाएगा। यह संख्या छोटी है, लेकिन यह राजनीतिक संदेश देने के लिए है कि नाटो एकजुट है। डेनमार्क की अगुवाई में चल रहा आपरेशन आर्कटिक एंडयोरेंस एक सैन्य अभ्यास है। इसका मकसद यह देखना है कि अगर भविष्य में ग्रीनलैंड में बड़ी संख्या में सैनिक तैनात करने पड़े, तो उसकी तैयारी कैसी होगी। डेनमार्क के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इस अभ्यास का फोकस आर्कटिक इलाके में सहयोगी देशों के बीच तालमेल और काम करने की क्षमता बढ़ाने पर है।

# स्पेन में दो हाई स्पीड ट्रेनों के बीच टक्कर, 39 की मौत

**मैड्रिड।** स्पेन के कार्डोबा प्रांत में रविवार रात एक ट्रेन पटरी से उतरकर दूसरी ट्रेन से टकरा गई। हादसे में अब तक 39 लोगों की मौत हो चुकी है, वहीं 73 यात्री घायल हैं। न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक, दोनों ट्रेन में करीब 500 यात्री सवार थे।

रिपोर्ट के मुताबिक, मलागा से मैड्रिड जा रही ट्रेन पटरी से उतरकर पास की लाइन पर चली गई और वहां मैड्रिड/हुएलवा रूट पर चल रही एवीई ट्रेन से टकरा गई। स्थानीय स्वास्थ्य मंत्री एंटोनियो

**■ यात्रियों को हथौड़ों से खिड़कियां तोड़कर बाहर निकाला गया**

सैंज ने बताया कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। सुरक्षित निकले यात्रियों ने कहा कि यह सब देखने में किसी हारर फिल्म जैसा नग रहा था। इस दुर्घटना के कारण आज मैड्रिड और अंडालूसिया के शहरों के बीच चलने वाली 130 से अधिक ट्रेन सेवाएं रद्द कर दी गई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि भूकंप जैसा झटका महसूस हुआ। स्पेनिश पब्लिक ब्राडकास्टर आरटीवीई के पत्रकार साल्वाडोर जिमेनेज भी इर्यो ट्रेन में सफर कर रहे थे। उन्होंने बताया कि ट्रेन के आखिरी दो डिब्बे पटरी से उतर गए, जिनमें से एक पूरी तरह पलट गया। जिमेनेज के मुताबिक, ट्रेन शाम 6:40 बजे समय पर मलागा से रवाना हुई थी। कुछ देर बाद अचानक जोरदार झटका लगा और ट्रेन पटरी से उतर गई। इसके बाद यात्रियों को हथौड़ों से खिड़कियां तोड़कर बाहर निकाला गया।

# अमेरिका पर 93 अरब यूरो का आयात शुल्क लगाएगा ईयू!

**ब्रसेल्स।** ग्रीनलैंड पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लगातार बयानों और धमकियों के बीच यूरोपीय संघ (ईयू) अमेरिका पर 93 अरब यूरो (107.68 अरब डॉलर) का आयात शुल्क लगाने या अमेरिकी कंपनियों को यूरोपीय ब्लॉक में व्यापार करने से रोकने पर विचार कर रहा है।

फाइनेंशियल टाइम्स की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में आधिकारिक सूत्रों के हवाले से कहा गया कि अगले हफ्ते दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) पर होने वाली बैठक से पहले इस शुल्क का मसौदा तैयार किया जा रहा है, ताकि ट्रम्प पर यूरोपीय नेताओं को थोड़ी 'बढ़त' मिल सके। रिपोर्ट में कहा गया कि यूरोपीय यूनियन ने पिछले साल ही आयात शुल्क की सूची बना

**■ अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प के लगातार बयानों और धमकियों के बीच यूरोपीय संघ ने अपनाया सख्त रुख**

ली थी लेकिन 'व्यापार युद्ध' रोकने के लिए उसे छह फरवरी तक के लिए स्थगित कर दिया था। ग्रीनलैंड पर अमेरिका-यूरोप के बीच बढ़ते तनाव के कारण ईयू नेताओं ने रविवार को इसे दोबारा लागू करने पर विचार किया। इसके अलावा यूरोपीय नेताओं ने 'दबाव-विरोधी' मसौदे पर भी बातचीत की, जिसके लागू होने पर अमेरिकी कंपनियां यूरोप में अपना सामान नहीं बेच पाएंगी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले ट्रम्प ने कहा था कि जो देश ग्रीनलैंड 'खरीदने' के मुद्दे पर अमेरिका का समर्थन नहीं करेंगे।

### तेल अवीव में गूंजेगा यूपी का साइबर मॉडल, भारत से दो प्रतिनिधि होंगे शामिल

**लखनऊ।** दुनिया के प्रमुख साइबर सुरक्षा मंचों में शामिल 'साइबर टेक ग्लोबल तेल अवीव 2026' में इस बार भारत के साथ उत्तर प्रदेश का साइबर मॉडल भी दुनिया के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। यह सम्मेलन 26 से 28 जनवरी 2026 तक तेल अवीव में आयोजित होगा, जिसमें अमेरिका, यूरोप और एशिया समेत 20 से अधिक देशों के साइबर विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे। इस वैश्विक सम्मेलन में भारत से दो वरिष्ठ साइबर विशेषज्ञ चीफ मेंटर के तौर पर भाग लेंगे। इनमें केंद्र सरकार के पूर्व राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक माधवन उन्नीकृष्णन नायर तथा उत्तर प्रदेश से साइबर अपराध नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे प्रो- त्रिवेणी सिंह शामिल हैं।

# खामेनेई पर हमले को जंग मानेंगे: मसूद पजशकियान

## ईरान के राष्ट्रपति बोले: ट्रम्प ने कहा था: प्रदर्शनकारियों की हत्याएं जारी रहीं, तो हम दे सकते है दखल

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि अगर सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई पर हमला हुआ, तो इसे ईरान के खिलाफ जंग माना जाएगा। पजशकियान ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि किसी भी हमले का कठोर और पछतावे वाला जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर ईरान के लोगों की जिंदगी में मुश्किलें हैं, तो इसकी एक बड़ी वजह अमेरिका और उसके सहयोगियों के लगाए हुए प्रतिबंध हैं।

पजशकियान की यह प्रतिक्रिया अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयानों के बाद आई है। ट्रम्प ने चेतावनी दी थी कि अगर प्रदर्शनकारियों की हत्याएं या फांसी जारी रहीं, तो अमेरिका दखल दे सकता है। ईरान में 28 दिसम्बर से जारी हिंसक प्रदर्शन में अब तक 5000 लोगों की मौत हो गई है। इनमें करीब 500 सुरक्षाकर्मी शामिल है। एक ईरानी अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर रायटर्स को यह जानकारी दी है। ट्रम्प ने 15 जनवरी को बताया



**■ पजशकियान की यह प्रतिक्रिया अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयानों के बाद आई है**

था कि हत्याएं अब कम हो रही हैं। व्हाइट हाउस ने भी दावा किया कि ट्रम्प के दबाव के बाद ईरान ने 800 लोगों की फांसी की योजना रोक दी है। संयुक्त राष्ट्र की सहायक महासचिव मार्था पोबी ने परिषद को बताया कि ये प्रदर्शन तेजी से फैले। इसमें काफी जान-माल का नुकसान हुआ है। मानवाधिकार संगठनों के अनुसार, अब तक 3428 प्रदर्शनकारियों को मार डाला गया, जबकि 18000 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र इन आंकड़ों की पुष्टि नहीं कर सका है। ईरान के निर्वासित क्राउन प्रिंस रजा पहलवी ने कहा है कि वह जल्द ईरान लौटेंगे और देश का नेतृत्व करेंगे। पेरिस से जारी किए एक वीडियो संदेश में उन्होंने कहा, आज ईरान में लड़ाई कब्जे और आजादी के बीच है। ईरानी जनता ने मुझे नेतृत्व के लिए बुलाया है। मैं ईरान लौटूंगा। पहलवी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि वह एक 'मुक्त ईरान' का सपना देखते हैं, जो इस्लामिक रिपब्लिक की नीतियों से पूरी तरह अलग होगा। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य शांति, समृद्धि और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की ओर लौटना है। उन्होंने कहा कि अगर ईरान में लोकतांत्रिक सरकार बनती है तो देश अपना परमाणु सैन्य कार्यक्रम खत्म करेगा, आतंकी संगठनों को समर्थन बंद करेगा और अमेरिका के साथ संबंध सामान्य करेगा। पहलवी ने यह भी कहा कि एक मुक्त ईरान इजरायल को मान्यता देगा और मध्य-पूर्व में स्थिरता लाने वाली ताकत बनेगा। ट्रम्प प्रशासन ने 18 ईरानी व्यक्तियों और संस्थाओं के खिलाफ नए प्रतिबंधों लगाए हैं।

# मोदी को गाजा पीस बोर्ड में शामिल होने का न्योता

## ट्रम्प ने पाकिस्तान और रूस को भी बुलाया, नाराज इजरायल बोला: बिना बातचीत टीम बनाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा के 'बोर्ड आफ पीस' (शांति बोर्ड) में शामिल होने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी को न्योता दिया है। भारत में यूएस के एम्बेसडर सर्जियो गोर ने ट्वीट कर जानकारी दी। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ को भी इस बोर्ड में शामिल होने का बुलावा दिया गया है। दरअसल गाजा पीस प्लान दूसरे चरण में पहुंच चुका है। ट्रम्प ने गाजा के प्रशासन और पुनर्निर्माण के लिए नेशनल कमेटी फॉर द एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ गाजा (एनसीएजी) के गठन का ऐलान किया है।

इस कमेटी की देखरेख करने, फंड जुटाने जैसे कामों के लिए ट्रम्प ने 'बोर्ड आफ पीस' (शांति बोर्ड) का गठन किया गया है। ट्रम्प खुद इसकी अध्यक्षता कर रहे हैं। इसके अलावा गाजा एग्जीक्यूटिव बोर्ड भी बनाया गया है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के आफिस ने कहा कि गाजा के लिए बनाए गए



**■ प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को राष्ट्रपति ट्रम्प ने गाजा के लिए बनाए गए 'बोर्ड ऑफ पीस' में शामिल होने का न्योता दिया है**

नए प्रशासनिक बोर्ड की घोषणा अमेरिका ने इजरायल से बिना बातचीत करे की है। इजरायल का कहना है कि यह फैसला उसकी सरकारी नीति के खिलाफ है। पाकिस्तान ने बताया कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को राष्ट्रपति ट्रम्प ने गाजा के लिए बनाए गए 'बोर्ड ऑफ पीस' में शामिल होने का न्योता दिया है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने मीडिया से बातचीत में पुष्टि की कि पाकिस्तान को औपचारिक रूप से यह निमंत्रण मिला है। ताहिर अंद्राबी ने कहा कि पाकिस्तान गाजा में शांति और सुरक्षा से जुड़े अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों में हिस्सा लेता रहेगा और संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों के मुताबिक फलस्तीन मुद्दे का स्थायी समाधान चाहता है। हालांकि, उन्होंने इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी। नेतन्याहू के आफिस के मुताबिक, विदेश मंत्री गिदोन सार इस मुद्दे को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के सामने उठाएंगे। हालांकि, यह नहीं बताया गया कि बोर्ड का कौन सा हिस्सा इजरायल को आपत्तिजनक लग रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मुख्य समस्या तुर्की विदेश मंत्री हाकान फिदान को शामिल करने से है। तुर्की को हमास का समर्थक माना जाता है और इजरायल के साथ इसका संबंध तनावपूर्ण हैं। तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैय्यब एर्दोगन ने इजरायल की गाजा कार्रवाई की कड़ी आलोचना की है। इजरायल का कहना है कि ऐसे देशों को गाजा के प्रशासन में शामिल नहीं किया जाना चाहिए।

